Page 11

Page 10

हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित



खेल

**बोपन्ना और एब्डेन की जोड़ी ने फिर रचा इतिहास, रैंकिंग में भी शीर्ष पर लौटे**

देश

**प्रफुल्ल पटेल के खिलाफ मुकदमा बंद करने के लिए कांग्रेस ने मोदी सरकार को घेरा**




कृष्ण पक्ष मूल संवत 2080

• औरंगाबाद • सोमवार • 01 अप्रैल 2024 • वर्ष 26 • अंक 110 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
| --- | --- |
| 10 ग्राम 24 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 68, 450 | ₹78,000 |



## आज का इतिहास

- 1899 : लॉर्ड कर्जन भारत के वायसराय बनाये गए
- 1947 : अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने भारत का विभाजन का विभाजन स्वीकार किया।

## न्यूज बाइट्स

### आज से केंद्रीय विद्यालय में शुरू होगी एडमिशन प्रक्रिया

**पटना (नि.सं.)।** केंद्रीय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए क्लास 1 से 11वीं तक में दाखिले की प्रक्रिया कल से शुरू हो जाएगी। क्लास 1 में एडमिशन के लिए लिंक 1 अप्रैल को सुबह 10 बजे एक्टिव कर दिया जाएगा। छात्र 15 अप्रैल शाम 5 बजे तक अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। वहीं, 11वीं में प्रवेश पंजीकरण 10वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम के 10 दिन बाद शुरू होगा। पटना के बेली रोड स्थित केंद्रीय विद्यालय के प्रिंसिपल पी के सिंह ने बताया कि बिहार में कुल 49 केंद्रीय विद्यालय है, जिसमें प्रवेश के लिए कल से पोर्टल खुल जाएंगे। क्लास 1 में एडमिशन के लिए बच्चों की उम्र 6 साल होनी चाहिए। इससे कम उम्र होने पर वह रजिस्ट्रेशन के पात्र नहीं होंगे। इस दौरान बच्चों के बर्थ सर्टिफिकेट, पासपोर्ट साइज फोटो, जाति प्रमाण पत्र और अभिवावक के आधार कार्ड भी अनिवार्य होंगे। वहीं, क्लास 2 से ऊपर के कक्षा के लिए एडमिशन अप्रैल में ऑफलाइन शुरू होगी।

### पटना एयरपोर्ट का समर शेड्यूल जारी

**पटना (नि.सं.)।** पटना एयरपोर्ट अथॉरिटी ने विमान का नया शेड्यूल जारी किया है। ठंड के मौसम में कोहरे के चलते जिस फ्लाइट को सुबह के समय बंद किया गया था, उसे फिर से शुरू कर दिया गया है। अब यहां से सुबह 8:05 से रात 10:10 बजे तक फ्लाइटों का आना जाना होगा। इसी के साथ 5 जोड़ी फ्लाइटों को बढ़ाया गया है। यह व्यवस्था 26 अक्टूबर तक रहेगी। कुछ फ्लाइटों का परिचालन 2 अप्रैल से शुरू किया जाएगा, जो की 26 अक्टूबर तक चलेगा। पहले पटना से 36 फ्लाइटें ऑपरेट होती थी, अब इसे बढ़ाकर 46 कर दिया गया है। नए शेड्यूल के अनुसार दिल्ली के लिए 3, बेंगलुरु 2 और अयोध्या के लिए 1 फ्लाइट बढ़ाया गया है। जबकि पटना से गोवा जाने वाली फ्लाइट को रद्द कर दिया गया है।

### अनिल शर्मा ने कांग्रेस से इस्तीफा दिया

**पटना (नि.सं.)।** कांग्रेस के पूर्व बिहार प्रदेश अध्यक्ष अनिल शर्मा ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को पत्र लिखकर कांग्रेस की सदस्यता से इस्तीफा दिया है। कहा कि कांग्रेस और राजद का गठबंधन पार्टी के लिए हानिकारक है। तेजस्वी यादव ताकतवर होते हैं तो जंगलराज की बिहार में वापसी होगी। अनिल शर्मा ने आगे कहा कि अध्यादेश फाड़ने वाले राहुल गांधी आज लालू प्रसाद के साथ गलबहियां कर रहे हैं। मटन भात खा रहें हैं। दिल्ली में संविधान बचाओ रैली है, लेकिन सोनिया गांधी के टेकओवर करने के बाद आंतरिक संविधान खत्म हो गया है। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मल्लिकार्जुन खड़गे एक बेचारा अध्यक्ष हैं। उनकी पार्टी में नहीं चलती है। वो रिमोट कंट्रोल से चल रहे हैं। राहुल गांधी को कश्मीर में मोहब्बत की दुकान खोलनी चाहिए, क्योंकि वहां एक समुदाय आतंक मचाए रहता है।

बिहार बोर्ड ने मैट्रिक परीक्षा का परिणाम किया घोषित

# शिवांकर ने किया टॉप, 82 फीसदी रहा रिजल्ट

- इस बार फिर से बिहार बोर्ड ने 31 मार्च को ही रिजल्ट घोषित किया है।
- बिहार बोर्ड दसवीं परीक्षाफल में कुल 6 लाख 80 हजार 293 छात्र सफल हुए हैं। वहीं, छात्राओं की संख्या में 6 लाख 99 हजार 549 छात्राएं सफल हुई हैं।
- बिहार बोर्ड हाईस्कूल रिजल्ट में 4,52,302 स्टूडेंट्स ने फर्स्ट डिवीजन हासिल की है।
- 5 लाख 24 हजार 965 सेकेंड डिवीजन से छात्र सफल हुए हैं। थर्ड डिवीजन लाने वाले छात्र- 3 लाख 80 हजार 732
- बिहार बोर्ड का रिजल्ट पिछले छह वर्षों से बेहतर रहा है।




**निज संवाददाता | पटना**

बिहार बोर्ड ने रविवार को 10वीं का रिजल्ट घोषित कर दिया है। इसबार 82.91 फीसदी छात्र-छात्राओं ने बाजी मारी है। इसके साथ ही टॉपरों की लिस्ट भी जारी कर दी गई है। पहले स्थान पर इसबार पूर्णिया का शिवांकर कुमार रहे। उन्होंने 489 अंक प्राप्त किया है। टॉप 10 में 11 लड़कियां शामिल हैं।

समस्तीपुर केवी हाई स्कूल मोवाजिदपुर उत्तरी के आदर्श कुमार 488 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे हैं। जबकि, तीसरे स्थान पर 486 अंकों के साथ चार परीक्षार्थी जमुई के सिमुलतला आवासीय विद्यालय के आदित्य कुमार, मधुबनी के न्यू अपग्रेड हाई स्कूल सिधाप परसाही के सुमन कुमार पूर्वे, सारण के उच्च माध्यमिक विद्यालय हुस्सेपुर एकमा की पलक कुमारी तथा वैशाली के एसएमटी हाई स्कूल की साजिया परवीन हैं। टाप 10 में शामिल 26 परीक्षार्थियों में दो जमुई के सिमुलतला आवासीय विद्यालय के हैं। बता दें कि 2023 में टॉप 5 में 4 लड़कियों ने बाजी मारी थी। हालांकि, पहले नंबर पर एमडी रुम्मन अशरफ रहे थे जिन्हें 489 अंक मिला था। इसके बाद, दूसरा स्थान नम्रता कुमारी को मिला था। तीसरे पर अनुपमा कुमारी रही थीं। बिहार बोर्ड कक्षा 10वीं परीक्षा 15 फरवरी, 2024 से 23 फरवरी, 2024 तक 38 जिलों के 1,585 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई थी।

### टॉपर्स के नाम

- रैंक -1 - शिवांकर कुमार ने 489 अंक
- रैंक 2- आदर्श कुमार, 488 अंक
- रैंक 3 - आदित्य कुमार, 486 अंक
- रैंक 3 - सुमार कुमार पूर्वे, 486 अंक
- रैंक 3 - पलक कुमारी , 486 अंक
- रैंक 3 - शाजिया परवीन , 486 अंक

### स्टूडेंट्स ने हासिल की चौथी और पांचवीं रैंक

- रैंक 4 - अजीत कुमार, 485 अंक
- रैंक 4 - राहुल कुमार, 485 अंक
- रैंक 5 - हरे राम कुमार, 484 अंक
- रैंक 5- सेजल कुमारी, 484 अंक

### इस बार छात्रों से ज्यादा छात्राओं ने दी थी परीक्षा

इस बार की मैट्रिक परीक्षा में छात्राओं की संख्या छात्रों से ज्यादा थी। 8 लाख 58 हजार 785 छात्राएं परीक्षा में शामिल हुईं। वहीं छात्रों की संख्या 8 लाख 5 हजार 467 थी। जिनमें से 6,80,293 छात्र सफल रहे। वहीं सफल छात्राओं की संख्या 6,99549 रहीं।

### टॉपर्स को मिलेगी प्रोत्साहन राशि एवं लैपटॉप

बिहार बोर्ड 10वीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले स्टूडेंट्स को एक लाख रुपए के साथ एक लैपटॉप, मेडल और प्रशस्ति पत्र के अलावा ई-बुक रीडर प्रदान किया जाएगा। दूसरा स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को 75 हजार रुपए के साथ एक लैपटॉप, मेडल, प्रशस्ति पत्र और ई-बुक रीडर और तीसरा स्थान हासिल करने वाले को 50 हजार रुपए के अलावा एक लैपटॉप, मेडल, प्रशस्ति पत्र और ई-बुक रीडर दिया जाएगा। इसके अलावा चौथे से दसवां स्थान प्राप्त करने वाले प्रत्येक विद्यार्थी को 10 हजार रुपए के अलावा एक लैपटॉप, मेडल और प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा।

### 9 अप्रैल तक कम्पार्टमेंट एग्जाम के लिए कर सकते है आवेदन

जो छात्र एक या दो विषयों में फेल हो गए हैं वे कंपार्टमेंट एग्जाम में भाग ले सकते हैं। इसके लिए उन्हें आवेदन करना होगा। आवेदन प्रक्रिया 3 अप्रैल से शुरू होकर 9 अप्रैल तक जारी रहेगी। छात्र इन निर्धारित तिथियों में ऑनलाइन माध्यम से फॉर्म भर सकते हैं।

21 मजदूरों से भरी पिकअप पलटी

# तीन महिलाएं समेत चार की हुई मौत



**निज संवाददाता | आरा(भोजपुर)**

आरा-बक्सर नेशनल हाईवे पर शनिवार रात मजदूरों से भरी पिकअप पलट गई। हादसे में तीन महिला समेत चार मजदूरों की मौत हो गई। वहीं, एक दर्जन से अधिक मजदूर घायल बताए जा रहे हैं। घायलों का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। बताया जा रहा है कि पिकअप में 21 मजदूर थे। सभी शनिवार को मसूर की दाल काटकर वापस लौट रहे थे। तभी जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के पास ये हादसा हो गया।

घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। हादसे में के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से सभी मजदूरों को आरा सदर अस्पताल पहुंचा। वहां से आधा दर्जन मजदूरों को पटना के पीएमसीएच रेफर कर दिया गया।इलाज के क्रम में तीन की सदर अस्पताल और एक की पीएमसीएच में मौत हो गई। बाकी घायलों का आरा में ही इलाज चल रहा है। इसमें 6 की हालत गंभीर बनी हुई है।

### आधा दर्जन से ज्यादा लोग पटना रेफर

मजदूर शिव बचन ने बताया कि घायलों में आधा दर्जन लोगों की चिंताजनक स्थिति को देखते हुए पीएमसीएच रेफर किया गया। बाकी आधा दर्जन लोगों का इलाज आरा सदर अस्पताल में चल रहा है। इसके पश्चात शाहपुर थाना पुलिस ने तीन मृतकों के आरा सदर अस्पताल एवं एक मृतका के शव का पटना पीएमसीएच में पोस्टमॉर्टम कराया गया।

## बिहार में नरेंद्र मोदी चार अप्रैल को जमुई से करेंगे प्रचार की शुरुआत

**निज संवाददाता | पटना**



लोकसभा चुनाव 2024 का आगाज हो चुका है। पहले चरण के लिए 19 अप्रैल को मतदान होगा। बिहार की चार सीटों (जमुई, नवादा, औरंगाबाद और गया) पर भी पहले चरण के लिए मतदान होगा। एनडीए की ओर से औरंगाबाद (सुशील कुमार सिंह) और नवादा (विवेक ठाकुर) में बीजेपी के उम्मीदवार मैदान में हैं। जबकि गया सीट पर एनडीए के घटक दल हम के जीतन राम मांझी और जमुई सीट पर लोजपा (रामविलास) के अरुण भारती चुनावी मैदान में हैं। अरुण भारती लोजपा रामविलास (प्रमुख) चिराग पासवान के जीजा हैं। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार में अपने लोकसभा चुनाव प्रचार का अभियान 4 अप्रैल से करेंगे। पीएम मोदी के आगमन की सूचना देते हुए चिराग पासवान ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट शेयर किया है। पोस्ट में लिखा गया है कि लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के कार्यकर्ताओं के लिए यह गर्व की बात है कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री सर्वप्रिय श्री नरेंद्र मोदी जी बिहार में लोकसभा चुनाव प्रचार अभियान की शुरूआत जमुई से करने जा रहे हैं। इसके लिए मैं जमुई की समस्त देवतुल्य जनता की ओर से प्रधानमंत्री जी का आभार व्यक्त करता हूं। प्रधानमंत्री जी के इस निश्चय से हम सभी अभिभूत हैं। मुझे पूर्ण विश्वास है कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ना सिर्फ बिहार की सभी 40 सीटें जीतकर प्रधानमंत्री जी की झोली में डालेगी, बल्कि देश में 400 पार का लक्ष्य भी हासिल करेगी।

## बच्ची की बलि देने वाले चार लोगों को आजीवन कारावास

**निज संवाददाता | मुंगेर**

मुंगेर न्यायालय में पॉक्सो एक्ट मामले में चार आरोपियों को आजीवन कारावास (उम्रकैद) की सजा सुनाई गई है। 25-25 हजार का अर्थदंड भी लगाया गया है। इन्होंने 5 अगस्त 2021 में अंधविश्वास में 8 साल की बच्ची की बलि दी थी। उसकी हत्या की और आंख फोड़कर निकाल लिए थे। मुख्य आरोपी दिलीप चौधरी की पत्नी बीमार रहती थी। उसे ठीक करने के लिए तांत्रिक ने बच्ची का अंग और खून लाकर पूजा करने को कहा था। अंधविश्वास में आकर आरोपियों ने बच्ची को मार डाला था। अब इन्हें सजा मिली है। सजा अपर जिला सत्र न्यायधीश प्रदीप कुमार चौधरी ने सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक प्रीतम कुमार वैश्य ने बताया कि नयाराम नगर थाना क्षेत्र के फरदा गांव में अंधविश्वास में आकर चारों ने बच्ची की निर्ममता पूर्वक हत्या कर दी थी और उसकी आंख निकाल ली थी।

इस मामले में पॉक्सो एक्ट की विशेष अदालत ने चारों को सुनवाई करते हुए सभी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई और अर्थदंड लगाया। कोर्ट ने दिलीप चौधरी सहित तीन अन्य आरोपियों तांत्रिक परवेज आलम, मुर्गाफार्म मालिक तनवीर आलम व दशरथ मंडल उर्फ दशरथ कुमार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। प्रीतम कुमार वैश्य ने बताया कि मुख्य आरोपी दिलीप चौधरी की पत्नी बीमार रहा करती थी। दिलीप के दोस्त ने पत्नी को बीमारी से मुक्त कराने के लिए उसे खगड़िया के तांत्रिक परवेज आलम से मिलने की सलाह दी। जब दिलीप तांत्रिक परवेज आलम से मिला तो तांत्रिक ने उसे कहा था कि छोटे चढ़ावे से कुछ नहीं होगा। बढ़ा चढ़ावा लगेगा। उसने उसे एक ऐसी बच्ची के अंग व खून लेकर पूजा करने को कहा जिसकी उम्र 13 वर्ष से कम हो।

## भ्रष्टाचार के खिलाफ हम झुकने वाले नहीं हैं : नरेन्द्र मोदी

**एजेंसी | मेरठ (उत्तरप्रदेश)**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने क्रांतिधरा मेरठ से चुनावी शंखनाद करते हुये रविवार को कहा कि कितना भी बड़ा भ्रष्टाचारी हो, उसके खिलाफ कार्रवाई होगी और 'मोदी' झुकने वाला नहीं है। श्री मोदी यहां मोदीपुरम स्थित केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान के मैदान में आयोजित विशाल रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वह (मोदी) भ्रष्टाचार पर कार्रवाई कर रहे हैं, तो कुछ लोग अपना आपा खो बैठे हैं। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुये कहा कि मोदी का मंत्र है, भ्रष्टाचार हटाओ! वे कहते हैं, भ्रष्टाचारी बचाओ! प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्ष 2024 का चुनाव महज सरकार बनाने के लिये नहीं है, बल्कि दो खेमों की लड़ाई है। एक खेमा राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का है, जो भ्रष्टाचार हटाने के लिये मैदान में है, जबकि दूसरा वह है, जो भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिये मैदान में है। उन्होंने कहा कि इन भ्रष्टाचारियों ने, इन बेइमानों ने जिनका धन लूटा है, उनका धन मुझे वापस लौटाना है और इन्हीं लोगों ने मिलकर एक इंडी गठबंधन बना लिया है।

श्री मोदी ने कहा कि इनको लगता है 'मोदी' इससे डर जायेगा, लेकिन मेरे लिये, मेरा भारत, मेरा परिवार है। अपने देश को भ्रष्टाचार से बचाने के लिये यह कदम उठाये जा रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि भ्रष्टाचारियों के खिलाफ लड़ाई लड़ता रहूंगा और इसलिये बड़े-बड़े भ्रष्टाचारी आज सलाखों के पीछे हैं। उच्चतम न्यायालय तक से जमानत नहीं मिल रही है और उन्हें न्यायालय के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के किये कार्यों की कीमत देश को आज तक चुकानी पड़ रही है। ऐसे लोगों को देश कभी माफ नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि तीन करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने पर काम किया जा रहा है। नमो ड्रोन दीदी योजना भी गांव में बहनों का भाग्य बदलने जा रही है, इसमें महिला स्वयं सहायता समूह को आधुनिक ड्रोन दिये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह ड्रोन हमारी खेती का भविष्य बदलने वाले हैं और उसे आसान करने वाले हैं। जब गांव की बेटियां ड्रोन पायलट बनेगी, उनका गौरव भी बढ़ेगा, उनकी कमाई भी बढ़ेगी और किसानी भी आसान हो जायेगी। प्रधानमंत्री ने महिलाओं की सुरक्षा की चर्चा करते हुये कहा कि लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं को आरक्षण भी पहले असंभव लगता था, लेकिन नारी शक्ति अभिनंदन अधिनियम ने इसे संभव कर दिखाया है। उन्होंने कहा कि चार करोड़ गरीबों को पक्के घर बना कर दिये गये, यह हमारी सरकार है, जिसने 11 करोड़ से ज्यादा शौचालय बनाकर महिलाओं की गरिमा की रक्षा की है।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आडवाणी के आवास पर उन्हें भारत रत्न से किया सम्मानित

**एजेंसी | नयी दिल्ली**



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने रविवार को पूर्व उप प्रधानमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता लाल कृष्ण आडवाणी के आवास पर जाकर उन्हें देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया। राष्ट्रपति सचिवालय ने बाद में सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने श्री लालकृष्ण आडवाणी को उनके आवास पर भारत रत्न प्रदान किया। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह और आडवाणी के परिवार के सदस्य उपस्थित थे। भारतीय राजनीति के पुरोधा श्री आडवाणी ने सात दशकों से अधिक समय तक अटूट समर्पण और असाधारण कौशल के साथ देश की सेवा की है। वर्ष 1927 में कराची में जन्मे, श्री आडवाणी 1947 में विभाजन की पृष्ठभूमि में भारत चले आए। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के अपने दृष्टिकोण के साथ, उन्होंने पूरे देश में दशकों तक कड़ी मेहनत की और सामाजिक-राजनीतिक परिदृश्य में परिवर्तन किया। जब आपातकाल ने भारत के लोकतंत्र को खतरे में डाल दिया था तब उनके अंदर के अदम्य योद्धा ने इसे अधिनायकवादी प्रवृत्तियों से बचाने में मदद की।

### कांग्रेस को 1745 करोड़ का नया टैक्स नोटिस

**नई दिल्ली(ए.)।** कांग्रेस ने पार्टी अकाउंट्स से 135 करोड़ रुपए वसूल किए जाने के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील की है। कांग्रेस को इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने नया नोटिस दिया है। इसमें 2014 से 2017 के लिए 1745 करोड़ रुपए के टैक्स की डिमांड की गई है। इस नए नोटिस के साथ कांग्रेस पर टैक्स डिमांड बढ़कर 3567 करोड़ रुपए हो गई है। न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक 2014-15 के लिए 663 करोड़ रुपए, 2015-16 के लिए 664 करोड़ रुपए और 2016-17 के लिए 417 करोड़ रुपए का टैक्स डिमांड नोटिस कांग्रेस को भेजा गया है। कांग्रेस से जुड़े सूत्रों का दावा है कि आईटी विभाग ने राजनीतिक दलों को मिलने वाली टैक्स रिबेट खत्म कर दी है और पूरे कलेक्शन के लिए पार्टी पर टैक्स लगा दिया है।

## पांच जिलों में हल्की बूंदाबांदी की संभावना, अप्रैल महीने में चलेगी लू

**निज संवाददाता | पटना**



बिहार में अब भीषण गर्मी पड़नी शुरू हो जाएगी। मौसम विभाग के अनुसार अप्रैल महीने में धीरे-धीरे प्रदेश के अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। अप्रैल महीने में लू भी चलेगी। वहीं आज अधिकतर जिलों में मौसम शुष्क बना रहेगा। पिछले 24 घंटे के दौरान बक्सर जिला सबसे गर्म रहा, जहां का अधिकतम तापमान 38.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार एक चक्रवर्ती परिसंचरण पश्चिम बंगाल से डेढ़ किलोमीटर ऊपर अवस्थित है, जिसके कारण बिहार के कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद, गया और नवादा में हल्की बूंदाबांदी देखने को मिल सकती है। पटना में आज मौसम शुष्क बना रहेगा। सुबह से ही धूप निकली रहेगी, जिसके कारण से अब गर्मी का एहसास होने लगेगा। शाम होते ही 10 से 15 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेगी। वहीं शनिवार को पटना का न्यूनतम तापमान 24.6 डिग्री और अधिकतम तापमान 35.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के मुताबिक, इस हफ्ते पटना का न्यूनतम तापमान 18 से 22 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। वहीं अधिकतम तापमान 30 से 36 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। पिछले 24 घंटे के दौरान बक्सर जिला सबसे गर्म रहा, जहां का अधिकतम तापमान 38.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा गया का अधिकतम तापमान 36.3 डिग्री, नवादा 37.2 डिग्री, शेखपुरा 36.6 डिग्री, जमुई 35.2 डिग्री, बांका 34.1 डिग्री, खगड़िया 35.7 डिग्री, बेगूसराय 35.2 डिग्री, भोजपुर 37.6 डिग्री। वहीं जिलों का अधिकतम तापमान भी 32 डिग्री से लेकर 38 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज कया गया है।

BAYC Institute
बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज
स्थापित : 1972
गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7



नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स

डॉक्टर बनें एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन

DIPLOMA COURSE: DAT Acupressure Theapy | DAYS Acupressure Yoga Science | DY Yoga अवधि : 02 वर्ष योग्यता : 10th | DEMS Electrohomeopathy Medicine Science अवधि : 02 वर्ष योग्यता : 10th


DEGREE COURSE: MBBA Bachelor of Magnet & Acupressure | BAYS Bachelor of Acupressure Yoga Science अवधि : 03 वर्ष योग्यता : 10+2 | BEMS Bachelor of Electrohomeopathy Medicine Science | MBAS Bachelor of Medicine in ALT. Science अवधि : 4½ वर्ष योग्यता : 10+2

MD (Acu Yoga) | MD (TM) अवधि : 01 वर्ष योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट | MD (EH) अवधि : 02 वर्ष योग्यता : BEMS

BA (Yoga) | MA (Yoga) | Yoga Teacher Course

PROFESSIONAL: BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL: BA | MA HINDI | POLITICAL SCIENCE SOCIOLOGY | HISTORY


Proposed Campus

Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised

Direct Admission | Regular Classes | Online Classes | Experienced Faculties

» एक्यूप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।


डॉ. अजय प्रकाश
सचिव

कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।

Apply Online : www.bayc.in


डॉ. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष

9572607696, 9304942855, 9334278279

परीक्षा सूचना : एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रो होमियोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन, हर्बल मेडिसिन, कम्युनिटी मेडिकल कोर्स की परीक्षा शीघ्र प्रारम्भ होने वाली है। सम्बंधित छात्र/छात्राएं कॉलेज कार्यालय में संपर्क करें।

Email : baycpatna@gmail.com | Website : www.indianacupressure.com

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार में छठा स्थान पाने वाली सपना की डॉक्टर बनने की है चाहत



**कौआकोल।** प्रखण्ड के नावाडीह गांव निवासी सुधीर चौरसिया एवं संजूला देवी की पुत्री सपना कुमारी ने रविवार को घोषित मैट्रिक परीक्षा में 483 अंक लाकर पूरे बिहार में छठा स्थान प्राप्त किया है। नावाडीह गांव में परचून की छोटी से दुकान चलाने वाले सुधीर चौरसिया एवं गृहिणी संजूला देवी की दो पुत्रों एवं दो पुत्रियों में सबसे छोटी बिटिया सपना का डॉक्टर बनने की चाहत है। सपना के बड़े भाई गौतम नेवी में हैं जबकि दो अन्य भाई-बहन अभी पढ़ाई कर रहे हैं। अपने इस सफलता का श्रेय सपना ने अपने माता-पिता एवं गुरुजनों को दिया है। उन्होंने बताया कि गांव के ही उच्च माध्यमिक विद्यालय से उन्होंने मैट्रिक की परीक्षा देकर उक्त सफलता उन्होंने हासिल किया है। सपना की प्रारंभिक शिक्षा भी इसी विद्यालय से हुई है। सपना के इस सफलता पर उसके माता,पिता सहित स्वजनों एवं ग्रामीणों में काफी खुशी देखी जा रही है। स्थानीय पंचायत समिति सदस्य नोमिन्ता कुमारी,राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित सेवानिवृत्त शिक्षक अनूप प्रसाद यादव,शिक्षक व समाजसेवी अरुण कुमार,विद्यालय के प्रधानाध्यापक महेंद्र चौधरी आदि ने सपना के इस सफलता पर उन्हें बधाई दिया है।

### नकली सर्टिफिकेट पर शिक्षक बना युवक गिरफ्तार, भेजे गए जेल

**रजौली।** प्रखण्ड क्षेत्र के अंधरवारी पंचायत स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में नकली सर्टिफिकेट पर शिक्षक बने युवक को एसआई गौतम कुमार ने गिरफ्तार कर लिया।वहीं कानूनी प्रक्रिया के बाद नकली शिक्षक अकबरपुर थाना क्षेत्र के लक्ष्मीबिगहा गांव निवासी अरविंद कुमार के पुत्र नितेश कुमार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि बीते वर्ष 2023 के 12 दिसम्बर को प्रखण्ड पंचायतीराज पदाधिकारी सह प्रखण्ड शिक्षक नियोजन के सदस्य सचिव राजन कुमार एक लिखित आवेदन के आलोक में प्राथमिकी दर्ज की गई थी।थानाध्यक्ष ने कहा कि आरोपित शिक्षक द्वारा मध्यप्रदेश के एक शिक्षण संस्था से द्विवर्षीय डिप्लोमा इन एजुकेशन की सर्टिफिकेट पर शिक्षक बना हुआ था।जबकि जांच के दौरान वह नकली पाया गया एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना नवादा के निर्देश पर प्रखण्ड पंचायतीराज पदाधिकारी द्वारा 14 जुलाई 2023 को स्पष्टीकरण मांगी गई।आरोपित शिक्षक द्वारा 10 अगस्त 2023 को स्पष्टीकरण के साथ शपथ-पत्र समर्पित किया गया।किन्तु प्रशैक्षणिक प्रमाण पत्र के सही होने का प्रमाण नहीं दिया गया।जिसके बाद जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना के निर्देशानुसार 26 दिसम्बर 2023 को प्रखण्ड पंचायतीराज पदाधिकारी राजन कुमार द्वारा शिक्षक नितेश कुमार के विरुद्ध थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई।थानाध्यक्ष ने कहा कि थाना में पदस्थापित एसआई गौतम कुमार ने पुलिस बलों के सहयोग से नकली शिक्षक बने युवक नितेश कुमार गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार युवक को रविवार को स्वास्थ्य जांचोपरांत न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

### मारपीट का आरोपी गिरफ्तार, भेजे गए जेल

**रजौली।** थाना क्षेत्र के लक्ष्मी बिगहा गांव से एएसआई माखन मालाकार ने मारपीट में शामिल एक युवक को शनिवार की रात्रि में गिरफ्तार किया।गिरफ्तार युवक की पहचान लक्ष्मी बिगहा गांव निवासी बच्चू यादव के पुत्र अवधेश यादव के रूप में हुई है।थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने कहा कि बीते जनवरी माह में लक्ष्मी बिगहा गांव निवासी नरेश यादव के खेत से जबरन सरसों के फसल को अवधेश यादव अपने सहयोगियों के साथ उखाड़ने लगे।जिसका विरोध किये जाने पर अवधेश यादव एवं उनके सहयोगियों ने नरेश प्रसाद के सिर पर धारदार हथियार से हमला कर गम्भीर रूप में जख्मी कर दिया था।घटना को लेकर पीड़ित नरेश यादव की पत्नी कुंती देवी द्वारा दिये आवेदन के आलोक में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस अग्रतर कानूनी कार्रवाई में जुटी हुई थी।इसी बीच गुप्त सूचना के आलोक में प्राथमिकी के नामजद आरोपी अवधेश यादव को पुलिस बलों ने गिरफ्तार कर लिया।थानाध्यक्ष ने कहा कि गिरफ्तार व्यक्ति को रविवार को अनुमंडलीय अस्पताल में स्वास्थ्य जांच करवाया गया।जिसके बाद गिरफ्तार व्यक्ति को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

### पत्रकार को पितृ शोक

**वारिसलीगंज।** प्रखंड के हिंदी दैनिक के संवाददाता विपिन कुमार के 100 वर्षीय पिता बद्रीनाथ सिंह का निधन हृदय गति रुकने से रविवार को हो गई. वे वारिसलीगंज-खरांट रोड स्थित सौर गांव के रहने वाले थे. परिजनों तथा हित कुटुंबों की उपस्थिति में बद्री बाबू के मृत शरीर की अंत्येष्टि प्रसिद्ध गंगा तट पर बसे बाढ़ के उमानाथ स्थान में देर शाम तक की गई. जीवन के सौ बसंत देख चुके श्री सिंह सामाजिक विचारधारा के थे. उन्होंने अंग्रेजी हुकूमत की खिलाफत में प्रखर रहे विधायक रामकिशुन सिंह आदि के साथ रहकर आवाज बुलंद की थी. बड़े पुत्र अवधेश कुमार सिंह और छोटे पुत्र पत्रकार विपिन कुमार ने बताया कि पिताजी की लंबी उम्र जीने का राज धार्मिक प्रवृत्ति तथा किसी से ईर्ष्या द्वेष के साथ बदले की भावना का ना होना है. विधायक अरुण देवी, जिला पार्षदअंजनी कुमार, मुखिया राजकुमार सिंह, पैक्स अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद यादव, पूर्व मुखिया अक्षय कुमार उर्फ गोरेलाल सिंह, पत्रकार व अधिवक्ता चंद्रमौली शर्मा, अशोक कुमार, उमाशंकर पाठक, सुजीत कुमार, अभय रंजन, सुबोध कुमार, सूर्यमणि उर्फ मुकेश कुमार सहित सैकड़ो लोगों ने बद्री बाबू के निधन को अपूरणीय क्षति बताते हुए गहरी शोक संवेदना प्रकट की है.

### पारिवारिक विवाद में युवक ने की आत्महत्या

**बरौनी बेगूसराय।** रात्रि में खाना खाकर अपने रूम में सोने चला गया सुबह में जब उसके घर का दरवाजा खोला गया तो वह फांसी लगा लटका हुआ था। फुलवरिया थाना क्षेत्र के बरौनी नगर परिषद वार्ड संख्या एक बख्तर स्थान निवासी शिवकुमार महतो का लगभग 20 वर्षीय पुत्र और कापो महतो का पोता हर्ष कुमार को घर वालों ने अपने रूम में अहले सुबह गले में फासी लगा लटका हुआ पाया। देखते ही परिजनों में कोहरा मच गया। सूचना पाते ही फुलवरिया थाना पुलिस ने लाश को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु बेगूसराय सदर अस्पताल भेज दिया। जिसका शव पुलिस ने पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया है। और घटना की कारनो की जानकारी के लिए अनुसंधान जारी कर दी है।

### ट्रैक्टर चालक नशे के हालत में गिरफ्तार

**बखरी(बेगूसराय)।** शनिवार को बाइक सवार को धक्का मारकर भागने के क्रम में बखरी पुलिस ने मुख्य बाजार से एक ट्रेक्टर चालक को नशे के हालत में गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर विकाश कुमार राय ने जानकारी देते हुए बताया कि नशे के हालत में बरौनी थाना क्षेत्र के केशावे निवासी राजकिशोर सिंह के पुत्र बंटी कुमार को गिरफ्तार किया गया है तथा ट्रैक्टर को जप्त कर थाना लाया गया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति को सुसंगत धारा में प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

### अभियुक्त के घर कुर्की

**बखरी(बेगूसराय)।** बखरी पुलिस ने थाना क्षेत्र के सिमरी गांव में एक नामजद आरोपी के घर कोर्ट के आदेशानुसार कुर्की जप्ती किया। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर विकाश कुमार राय ने बताया कि बखरी थाना कांड 315/23 के लड़की भगाने के आरोपी सिमरी निवासी मुन्ना राम के पुत्र नरेश राम, मुन्ना राम की पत्नी सुनीता देवी, नरेश राम के पुत्र मनोज राम,सोनू राम,मुकेश राम के घर कुर्की जप्ती कांड के अनुसंधानकर्ता एएसआई रवीन्द्र प्रसाद के द्वारा किया गया है।

# सेवानिवृत्त शिक्षक को सम्मन पूर्वक एवं फूलमाला पहनाकर की गई विदाई

निज संवाददाता। **नरहट (नवादा)**



उत्क्रमित उच्य माध्यमिक विद्यालय शेखपुरा में कार्यरत शिक्षक रतन लाल यादव को सेवानिवृत्त होने पर रविवार को विद्यालय परिवार द्वारा विदाई समारोह आयोजित कर उन्हें पुष्प गुच्छ, फूलमाला, अंगवस्त पहनकर सम्मान पूर्व विदाई दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक सुलोचना कुमारी ने कहा कि सेवानिवृत्त शिक्षक रतन लाल यादव की कमी खलेगी। नौकरी में तय समय सीमा अंदर सेवानिवृत्त होने सुनिश्चित है। बच्चों के प्रति लगाव समय सीमा पालन तथा अनुशासन के साथ साथ शिक्षण व्यवस्था में इनके द्वारा किए गए सुधार को भुलाया नहीं जा सकता ऐसे अनुभवी योग्य शिक्षक से शिक्षा जगत और समाज दोनों में बेहतर संदेश जाता है। कार्यकम में मौजूद पालिखुर्द पंचायत के पूर्व मुखिया सुनील कुमार निराला ने सेवानिवृत शिक्षक के कार्यकाल की प्रसंशा की। उन्होंने शिक्षक को अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए बच्चों के चौमुखी विकास में सहायक बताया। कार्यकम को शिक्षक रविन्द्र पांडेय, तुलसी प्रसाद, शिक्षिका प्रीति भदानी, शिवानी कुमारी आदि ने संबोधित कर सेवानिवृत्त शिक्षक के कार्यकाल की प्रसंशा करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सेवानिवृत्त शिक्षक रतन लाल यादव ने अपने संबोधन में कहा कि यहां के लोग बहुत अच्छे हैं। हमेशा सहयोग की भावना रखते हैं। विद्यालय परिवार हमें कभी भी अलग महसूस होने नही दिया। मुझे लगा कि मैं अपने गांव में ही हूं। विद्यालय परिवार एवं अभिभाव एवं छात्र छात्राओं से जो स्नेह प्यार मिला इसके लिए मैं हृदय से आभार प्रकट करता हूं। मैं बच्चों को कहना चाहता हूं कि जीवन में कभी संघर्स से डरना नही चाहिए, उससे मुकाबला करना चाहिए। जीवन की सफलता संघर्स में छुपी हुई है। कार्यक्रम का संचालन पूर्व प्रभारी प्रधानाध्यापक सफीकुर रहमान अंसारी ने किया। इस मौके पर शिक्षक निशांत कुमार चौधरी, चन्दन कुमार, अखिलेष कुमार, शिवानी कुमारी, प्रीति कुमारी, कौशलेंद्र कुमार, कमर महमूद समेत विद्यालय परिवार एवं अन्य गण्यमान्य मौजूद थे।

## समारोह आयोजित कर इंटर टॉपर्स छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित




निज संवाददाता। **कौआकोल**

कौआकोल प्रखण्ड स्थित जोगाचक गांव में संचालित एनआईटीयन कोचिंग में रविवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। संचालक प्रमोद कुमार उर्फ प्रमोद सर की देखरेख में आयोजित विशेष समारोह में इंटर परीक्षा के टॉपर्स छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद सारण के पथ निर्माण विभाग में एसडीओ के पद पर कार्यरत अजित कुमार एवं शिक्षक अंकित सिंह ने बच्चों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना किया एवं उन्हें मार्गदर्शन किया। बता दें कि इस कोचिंग में पढ़ने वाले शत प्रतिशत विद्यार्थियों ने इंटर परीक्षा में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण किया जबकि एक दर्जन से अधिक विद्यार्थियों ने 400 से अधिक अंक प्राप्त किये। जिसके बाद कोचिंग के संचालक द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर सभी सफल विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र के अलावे नगद राशि,घड़ी एवं अन्य उपहार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर सतीश कुमार,रितिका कुमारी,राजा आदि मौजूद थे।

## दसवीं कक्षा में 455 अंक लाकर निखिल ने बढ़ाया प्रखंड का मान सम्मान



निज संवाददाता। **नारदीगंज**

रविवार को 2024 का दसवीं कक्षा का परीक्षाफल प्रकाशित हो गया। परीक्षाफल प्रकाशित होते ही सभी छात्र छात्रा अपना परिणाम देखने के लिए मोबाइल फोन से चिपके नजर आए। सफल छात्रों ने परिणाम देखते ही अपने मित्रों,शुभचिंकों,गुरुजनों को मिठाई खिला कर मुंह मीठा किया।इसी कड़ी में इंटर विद्यालय नारदीगंज छात्र सह नारदीगंज बाजार निवासी शंकर प्रसाद व उनकी धर्मपत्नी पिंकी देवी का पुत्र निखिल कुमार 455 अंक प्राप्त कर प्रखंड के परिवार ,समाज का मान सम्मान को बढ़ाने का कार्य किया। वह कहता है कि आगे मैं इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर इंजीनियर बनना चाहता हूं।वह दो भाई व एक बहन में सबसे छोटा है।बहन स्वाति कुमारी भी इस बार इंटर में 410 अंक व बड़े भाई नितिन कुमार इंटर की परीक्षा में 465 अंक लाकर सभी को गौरान्वित किया। पिता व्यवसाय से जुड़े हुए हैं, कहते हैं कि मेरे सभी बच्चे व्यवसाय में हाथ भी बंटाया करता था,और अपनी पढ़ाई में मेहनत भी करते रहा, जिसका नतीजा रहा कि यह सफलता मिली है।माता गृहिणी है। यह श्रेय निखिल अपने माता पिता के अलावा कोचिंग निदेशक नीरज पांडेय को दे रहा है,कहा कि उनके आशीर्वाद से यह सफलता मिली है।वही इंटर विद्यालय नारदीगंज के छात्र सह नारदीगंज बाजार निवासी शिक्षक मो0 तस्लीम अंसारी का पुत्र मो0 तमसिल अंसारी ने 453 अंक प्राप्त किया है,उसका सपना है कि यूपीएससी कर देश की सेवा करेंगे।नारदीगंज बाजार निवासी मो0 मुस्तकीम अंसारी का पुत्र मो0 फैजल अंसारी ने 415 अंक,सुमन कुमारी 413 अंक व सुमन कुमार 412 अंक लाकर प्रखंड का नाम रौशन किया है।

# महागठबंधन के नेताओं ने बैठक कर श्रवण कुशवाहा को दिल्ली भेजने की ठानी

**चुनाव के मद्देनजर सांसद प्रत्याशी चला रहे जनसम्पर्क अभियान**

निज संवाददाता। **रजौली**



लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कार्यकर्ताओं में चर्चा का माहौल एवं प्रत्याशियों द्वारा जनसम्पर्क अभियान तेज हो गया है।रविवार को महादेव मोड़ स्थित राजद कार्यालय में महागठबंधन में शामिल घटक दलों के नेताओं के बीच राजद के प्रखंड अध्यक्ष विकास कुमार सोलंकी की अध्यक्षता में एक बैठक की गई।बैठक में निर्णय लिया गया कि हमलोग गांव-गांव जाकर महागठबंधन के सरकार में बिहार में हुई विकास कार्यों की चर्चा लोगो से करेंगे और अपील करेंगे कि महागठबंधन समर्थित प्रत्याशी के पक्ष में वोट करें ताकि दिल्ली में बैठी तानाशाही सरकार को उखाड़ कर फेंक सकें।आज भाजपा के सरकार में गरीब-गुरबा सभी लोग मंहगाई से त्रस्त हैं।भाजपा वाले सिर्फ और सिर्फ जुमलेबाजी करने में माहिर है।उसे गरीबो के विकास से कोई लेना-देना नहीं है।भाजपा सरकार सीबीआई और ईडी के माध्यम से विपक्ष के नेताओ को डराना चाहती है।इस मौके पर कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष रामरतन गिरी,सीपीआईएम से जगदीश यादव,भाकपा माले के रजौली प्रखंड सचिव सह जिलापरिषद सदस्य मेवालाल राजवंशी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**प्रत्याशी के जनसंपर्क में ग्रामीणों ने किया पुल की मांग-** रजौली प्रखण्ड के डीह रजौली स्थित शिवाला प्रांगण में लगभग दर्जनों गांव से आए हुए ग्रामीणों ने राजद सांसद प्रत्याशी श्रवण कुशवाहा को 50 गांवों की समस्या से अवगत कराया।डीह रजौली निवासी रवि सिंह ने कहा कि बहुत सौभाग्य की बात है कि इस बार स्थानीय प्रत्याशी को टिकट मिला है और सभी ग्रामीणों की मांग है कि धनार्जय नदी पर पुल बनवाया जाए।जिससे लगभग 50 गांवों के ग्रामीणों के लिए वरदान साबित होगा एवं रजौली पश्चिमी ग्राम पंचायत को रजौली नगर पंचायत से जुट जायेगा तो जिससे स्कूल,कॉलेज,हॉस्पिटल, मुख्य बाजार आवागमन में सुविधा होगी तथा गांवों में होने वाली सब्जियां,फल ,अनाज के लिए बाजार मिल जायेगा,जिससे व्यवसाय में वृद्धि के साथ रोजगार भी मिलेगा।ग्रामीणों ने कहा कि पूर्व में जितने भी जनप्रतिनिधि रहे हैं,वो बाहरी रहे है वो सिर्फ हमलोग को ठगने का काम किए।बहुत लोग आए हैं और इस मंदिर के प्रांगण में आश्वाशन दिए है लेकिन सभी बातें धरा का धरा रह गया।श्रवण कुशवाहा ने कहा अगले वर्ष जब हम आयेंगे तो इस पुल पर चढ़ के पार होंगे जिस पुल की आप लोग मांग कर रहे हैं।तथा उन्होंने ये भी कहा की हम ठगने वालों में नहीं है। हमने जो कहा है वो अपने पंचायत में जब हम मुखिया रहे है तो करवाया है।साथ ही कहा कि वे वर्ष 1999 एवं 2000 में दो वर्षों तक रजौली बेरियर पर भी सेवा दे चुकें हैं।इसलिए वे रजौली को अच्छे से समझते हैं और विकास के लिए उनके पास बेहतर योजनाएं हैं।इस मौके पर संजय यादव मुखिया,रवि सिंह, भुन्ना सिंह, संजीव सिंह, सरपंच मनीष देव, पंचायत समिति अरुण मिस्त्री, जमीन अंसारी, भोला पांडे, सूरज चौधरी, गौरव आदर्शी समेत सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

# घरेलू विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट महिला समेत 4 घायल, तीन नवादा रेफर

**समाचार लिखे जाने तक स्थिति नियंत्रण में, एसडीओ ने की शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने की अपील**

निज संवाददाता। **रजौली**



घरेलू विवाद को लेकर रजौली थाना क्षेत्र के धुरगांव में दो पक्षों के बीच जमकर हुई। मारपीट की इस घटना में एक पक्ष से 1 महिला समेत 3 व दूसरे पक्ष से 1 महिला घायल हो गई। घायलों में एक पक्ष से किशोरी मिस्त्री, उसकी पत्नी मीना देवी व बेटा अंकित कुमार शामिल है। जिनमें पिता-पुत्र की हालत ज्यादा गंभीर बताई जा रही है। वहीं दूसरे पक्ष से ताहिर खां की पत्नी घायल हुई। सभी घायलों को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल रजौली में भर्ती कराया गया। अनुमंडलीय अस्पताल में ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक डॉ शिव पुरारी ने घायलों का प्राथमिक उपचार कर गंभीर रूप से घायल एक पक्ष से 3 लोगों को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल नवादा रेफर कर दिया। घरेलू विवाद को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट की सूचना मिलने के बाद एसडीओ आदित्य कुमार पियूष के निर्देश पर सीओ मो गुफरान मजहरी, बीपीआरओ राजन कुमार एवं थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर राजेश कुमार एसएसबी और पुलिस बलों के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर स्थिति को नियंत्रण में ले लिया। मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने एक पक्ष से पांच और दूसरी पक्ष एक महिला समेत कुल 6 लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया। समाचार लिखे जाने तक रजौली पुलिस के एएसआई अमित कुमार के नेतृत्व में होमगार्ड के जवान स्थिति पर नजर रख रहे थे। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में हैं। एसडीओ आदित्य कुमार पीयूष ने बताया कि मारपीट की घटना दो संप्रदाय के बीच का मामला नहीं है। ना ही कोई जमीन विवाद है। घरेलू विवाद को लेकर दो संप्रदाय के लोगों के बीच मारपीट हुई है। घायल लोगों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें रेफर किया गया है। सूचना मिलने के बाद पुलिस-प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई की है। वहीं कुछ लोग को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की जा रही है। स्थिति नियंत्रण में है। सूचना के बाद सीओ, बीपीआरओ और थानाध्यक्ष के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन की टीम ने घटनास्थल पर कैंप कर स्थिति की जानकारी ली है। इस मामले में पूरी स्थिति पर नजर रखी जा रही है। लोगों से मेरी अपील है कि शांति बनाए रखें। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है।

## फतेहा बहियार में छापेमारी कर बछवाड़ा थाना पुलिस ने 274 कार्टून अवैध विदेशी शराब किया बरामद , कारोबारी हुआ फरार



निज संवाददाता। **बेगूसराय**

बछवाड़ा थाना क्षेत्र के फतेहा पंचायत के फतेहा गांव के बहियार से बछवाड़ा थाना की पुलिस ने शनिवार की देर रात छापेमारी कर 274 कार्टून विदेशी शराब बरामद किया है। मामले को लेकर थानाध्यक्ष अमित कुमार कांत ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि फतेहा पंचायत के फतेहा गांव में अवैध विदेशी शराब का कारोबार तेजी से फल फूल रहा है।गुप्त सूचना के आधार पर बछवाड़ा थाना पुलिस द्वारा फतेहा गांव में छापेमारी की गई । छापेमारी के दौरान पुलिस ने फतेहा गांव के गोइला बहियार से पंजाब राज्य निर्मित इंपीरियल ब्लू 750 एमएल का 28 कार्टुन,375 एमएल का 158 कार्टुन ,180 एमएल का 65 कार्टुन व अरुणाचल प्रदेश राज्य निर्मित रॉयल पार्टी 375 एम एल का 23 कार्टून कुल 274 कार्टून अवैध विदेशी शराब बरामद हुआ है। वही पुलिस को देखते ही शराब कारोबारी अंधेरे का लाभ उठाते हुए भाग गया। उन्होने बताया कि अज्ञात लोगों के खिलाफ बिहार शराबबंदी व मध निषेध अधिनियम उल्लंघन मामले के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## थानाध्यक्ष ने मैट्रिक में सफल छात्राओं को किया सम्मानित

निज संवाददाता। **कौआकोल**



रविवार को घोषित मैट्रिक परीक्षा में सफलता हासिल कर बिहार में छठा स्थान पाने वाली सपना कुमारी को बधाई दिए जाने का सिलसिला लगातार जारी है। रविवार को ही उसके इस सफलता की सूचना पर रूपौ थानाध्यक्ष विनय कुमार ने नावाडीह गांव पहुंचकर इस होनहार विद्यार्थी से मिलकर उन्हें मिठाई खिलाई एवं बुके,डायरी व कलम देकर सम्मानित किया।थानाध्यक्ष ने सपना को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा कहा कि नक्सल प्रभावित इस गांव की बेटी ने राज्यभर में प्रखण्ड का नाम रौशन किया है। वहीं थानाध्यक्ष ने इसी गांव की बेटी 466 अंक लाने वाली सलोनी राज एवं 462 अंक लाने वाली चांदनी कुमारी को भी मिठाई खिलाकर एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मौके पर राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित सेवानिवृत्त शिक्षक अनूप प्रसाद यादव समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## नकली डीएसपी बनकर घूमने का वीडियो वायरल, पुलिस की कार्यवाही

निज संवाददाता। **बेगूसराय**




सोशल मीडिया के बढ़ते दौर मे रिल्लस बनाने का चलन और उसे विभिन्न प्लेटफार्म पर डालने के चक्कर मे लोग असली नकली का पहचान भुला दे रहे है जो अब लोगो पर भारी पर रहा है। बेगूसराय मे नकली डीएसपी बनकर साइन बोर्ड और लाइट लगाना एक युवक को महंगा पड़ गया। जब साइबर थाना की पुलिस ने युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर कारवाई तेज कर दी है। वही युवक फरार बताया जा रहा है। बताते चले की एक काले रंग की स्कॉर्पियो गाड़ी पर डीएसपी का बोर्ड,पुलिस की लाइट व स्टीकर चिपका कर नकली डीएसपी बनकर रील्स बनाने का एक वीडियो सोशल मिडिया पर तेजी से वायरल हुआ. जिसके बाद साइबर थाना की पुलिस अधिकारी अंजलि कुमारी के द्वारा जाँच पड़ताल के बाद मामला दर्ज कराया गया. दर्ज एफआईआर के अनुसार पुलिस को एक वीडियो प्राप्त हुआ जिसमे काले रंग का एक स्कॉर्पियो पर पुलिस की लाइट,डीएसपी लिखा साइन बोर्ड और स्टीकर लगा हुआ पाया गया। वीडियो मे दिख रहा गाड़ी का नंबर BRO1HR1376 का सत्यापन करने पर यह वाहन रिफाइनरी सहायक थाना क्षेत्र के वार्ड 10 मोसादपुर तिलरथ के रहने वाले चन्द्रदेव महतो के पुत्र नारायण महतो का निकला। पुलिस द्वारा उक्त पते का सत्यापन किया गया तो नारायण महतो ने बताया की उनके घर मे कोई सरकारी सेवक नहीं है. इनका लड़का कर्ण कुमार जो सोशल मिडिया पर वीडियो बना कर डालता है. दर्ज एफआइआर मे पिता के द्वारा यह भी बताया गया की उनका बेटा डीएसपी का लगा बोर्ड का इस्तेमाल किया है। वही आरोपी कर्ण कुमार के द्वारा बताया गया की कर्ण कुमार अभी बाहर है। इस मामले मे पुलिस ने लोक सेवक के रूप मे डीएसपी पद को धारण करना तथा आम जनता को भ्रमित करना एक अपराध है जिसके तहत कर्ण कुमार के बिरुद्ध आईपीसी की धारा 170/419 और आईपीसी की धारा 66D आइटी एक्ट के तहत साइबर थाना बेगूसराय मे दर्ज कर पुलिस आगे की कारवाई मे जुट गयीं है। इस संबंध में एसपी मनीष कुमार ने बताया है कि एक युवक के द्वारा नकली डीएसपी का बोर्ड गाड़ी पर लगाकर इंस्टाग्राम पर वीडियो बनाकर वायरल करने का का मामला सामने आया है। हालांकि इस संबंध में साइबर थाना में मामला दर्ज कर लिया गया है। उसे युवक को गिरफ्तारी के लिए लगातार पुलिस छापेमारी कर रही है।

महिला ने फोन कर उसे अपने घर बुलाया और बुलाने के बाद उसके परिवार ने लाठी-डंडे से पीटा

# युवक की पीट-पीटकर हत्या



निज संवाददाता

**जहानाबाद**। जहानाबाद के परस बीघा थाना क्षेत्र के खैरा गांव में एक व्यक्ति की पीट-पीट कर हत्या कर दी गई। घटना खैरा गांव की है। लोगों का कहना है कि अवैध संबंध के कारण उसकी हत्या की गई है। मृतक की पहचान 30 साल के बिंदेश्वर पासवान के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि शनिवार की रात खाना खाकर अपने घर पर बैठा था, तभी किसी महिला ने फोन कर उसे अपने घर बुलाया और बुलाने के बाद उसके परिवार ने लाठी-डंडे से मारकर हत्या कर दी। जब हम लोगों को इसकी सूचना मिली तो हम लोग घटनास्थल पर पहुंचे। वहां देखा कि मारपीट कर इसकी हत्या कर दी गई है। घटना की सूचना स्थानीय थाना की पुलिस को दी गई, जिसके बाद मौके पर पुलिस पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। घटना का कारण अवैध संबंध बताया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि कई महीनों से एक महिला से इसका अवैध संबंध चल रहा था। इसके चलते उसकी हत्या की गई है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद ही हत्या के बारे में स्पष्ट पता चल सकेगा। परस बीघा थाना अध्यक्ष आशुतोष कुमार ने बताया कि एक व्यक्ति की हत्या हुई है मामले की जांच की जा रही है।

## पानी भरे गड्ढे में गिरने से पांच वर्षीय बच्चे की मौत

निज संवाददाता



**जहानाबाद**। जहानाबाद पानी भरा गड्ढे में गिरने से 5 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। घटना काको थाना क्षेत्र के काजिसराय के पास स्थित एक ईंट भट्ठे की है। मृतक किशोर की पहचान गया जिले के मेन गांव का निवासी गीता कुमारी के पुत्र ओम कुमार(5) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि मृतक का परिवार इसी ईंट भट्ठे में काम करता है। घटना के बारे में किशोर की मां गीता कुमारी ने बताया कि हमलोग मजदूरी करने के लिए ईंट-भट्ठे पर आए थे। जहां ईंट बनाने के लिए एक गड्ढा खोदा था। जिसमें पानी भरा था, जब हम लोग अपने घर पर थे तभी वह इस गड्ढे में गिर गया। किसी तरह उसे बाहर निकल गया फिर इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा है। आसपास के लोगों ने बताया कि वह गड्ढे के पास खेल रहा था और पानी में गिर गया, जिससे यह घटना घट गई।

## हमारे लिए यहां कोई चुनौती नहीं, बस औपचारिकता बाकी : उपेंद्र कुशवाहा

निज संवाददाता



**सासाराम (रोहतास)**। रोहतास के काराकाट लोकसभा क्षेत्र से एनडीए के प्रत्याशी एवं राष्ट्रीय लोक मोर्चा के सुप्रीमो उपेंद्र कुशवाहा ने अपने चुनावी प्रचार का आगाज रविवार को डेहरी से किया। मौके पर प्रेस से बात करते हुए उपेन्द्र कुशवाहा ने कहा कि देश की जनता नरेंद्र मोदी को एक बार फिर से प्रधानमंत्री बनाने के लिए मन बना चुकी है। हमें पूर्ण विश्वास है कि बिहार की सभी चालीस सीटों पर एनडीए जीतेगी, हमारे लिए यहां कोई चुनौती नहीं है सिर्फ औपचारिकता रह गई है। जिसके लिए हम लोग जनता के बीच में जा रहे हैं उनसे आशीर्वाद ले रहे हैं। यहां किसी भी प्रकार की कोई चुनौती हमारे लिए नहीं है। वही प्रशांत किशोर के इस बयान के बारे में कहा प्रशांत किशोर ने कहा था कि नीतीश कुमार जिसके साथ जाएंगे उसको नुकसान होगा इस पर उपेन्द्र कुशवाहा ने कहा कि नीतीश कुमार के आने से हम मजबूत हुए हैं, इसमें कहीं कोई नुकसान की बात नहीं है। वहीं राजद नेता और बाहुबली मुन्ना शुक्ला द्वारा जाति सूचक शब्द का इस्तेमाल करते हुए दिए गए बयान पर कहा कि इस तरह के बयान देने का अधिकार किसी को नहीं है। सभी जाति के लोग एक बराबर हैं और सभी का सम्मान करना चाहिए।

## रोजगार सेवक ने 90547 रुपए की ठगी की कराई प्राथमिकी दर्ज

**डेहरी-ऑन-सोन (रोहतास) (नि.सं.)**। अरवल जिले के बसन बिगहा निवासी रोजगार सेवक उपेंद्र कुमार ने 90547 रुपए की ठगी की प्राथमिकी दर्ज कराई है। पीड़ित करगहर प्रखंड में पंचायत रोजगार सेवक के पद पर कार्यरत हैं। पीड़ित ने साइबर थाने में दर्ज प्राथमिकी में कहा है कि बिजली ऑफिस दाउदनगर से बोलते हुए कॉल आया था। जिसमें उनके द्वारा बिजली कनेक्शन की केवाईसी नहीं कराने की जानकारी दी गई। बोला कि ऑन-लाइन केवाईसी कर देता हूं। इसके लिए उसने सुविधा ऐप डाउनलोड कराया। उस ऐप के स्मार्ट मीटर से एक रुपया पेमेंट की बात कही। पेमेंट किया तो मैसेज नहीं आया। फिर एनिडेस्क ऐप डाउनलोड कराया और ओपन करने को कहा। एटीएम का प्रयोग सुविधा ऐप से करते ही 90 हजार 547 रुपए की निकासी कर ली गई।

## एएसआई बनने पर थानाध्यक्ष ने वर्दी पर स्टार लगाकर पुलिसकर्मी को दी बधाई

निज संवाददाता



**नासरीगंज (रोहतास)**। थाने में कार्यरत पीटीसी पास पुलिसकर्मी अंजय कुमार को एएसआई (जमादार) बनने पर थानाध्यक्ष कार्यालय में थानाध्यक्ष अमित कुमार ने वर्दी पर स्टार लगाकर कर्तव्यों का बोध कराते हुए बधाई दिया। थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि पीटीसी पास जमादार का डीओ विगत 16 मार्च को नासरीगंज थाने में हुआ था। अंजय कुमार 22 फरवरी 2024 को पीटीसी के पद पर नासरीगंज थाने में ज्वाइन किए थे। अब ये सभी कांडों की समीक्षा का कार्य करना शुरू कर देंगे। एसआई उत्तम कुमार, शबनम कुमारी, भूषण पासवान, बैजनाथ कुमार, दिनेश कुमार, सुबोध कुमार, सुनील कुमार, एएसआई अविनाश कुमार, विनोद कुमार, देवी सिंह, रामकुमार सिंह, पुलिस कर्मी कृष्णा कुमार, प्रमोद कुमार, लाल बाबू, महेंद्र सिंह, मनोज श्रीवास्तव, लक्ष्मण,च ंदन, धर्मदेव, सतेंद्र, वसंत, वकील सहित अन्य लोगों ने बधाई दिया।

## ऑटो और शराब के साथ एक युवक गिरफ्तार

**भभुआ (कैमूर) (नि. सं.)**। उत्पाद विभाग की पुलिस ने दुर्गावती थाना क्षेत्र के छज्जुपुर पोखरा के पास से 44 लीटर शराब के साथ युवक को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार पकड़ाया युवक भभुआ थाना क्षेत्र का रंजन ठाकुर है। उत्पाद विभाग के पदाधिकारी दीपाली भारती ने बताया कि शराब मामले को लेकर जांच अभियान चल रहा था। उसी समय यूपी की तरफ से आ रहे ऑटो की तलाशी ली गई तो 44 लीटर अंग्रेजी शराब मिली। शराब और ऑटो जब्त करते हुए युवक को पकड़ लिया गया। उत्पाद अधिनियम एक्ट के तहत सदर अस्पताल में मेडिकल जांच के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के मैट्रिक परीक्षा का रिजल्ट रविवार को किया गया जारी

## 485 नंबर के साथ अजीत को मिला बिहार में चौथा स्थान




निज संवाददाता

**जहानाबाद**। जहानाबाद के सुखदेव प्रसाद उच्च विद्यालय टेहटा के छात्र अजीत कुमार ने 485 नंबर लाकर बिहार में चौथा स्थान प्राप्त किया है। पिता का नाम विनय यादव और माता का नाम नगीना देवी है। छात्र के पिता एक किसान है और गांव में खेती कर परिवार का भरण पोषण करते है। अजीत कुमार ने बताया कि उसके माता-पिता और शिक्षक से मिले प्रेरणा से इस मुकाम को हासिल किया है। छात्र ने पढ़ाई को लेकर कहा कि विद्यालय की पढ़ाई के साथ ऑनलाइन और ऑफलाइन कोचिंग भी करता था। मेहनत और लगन से पढ़ाई करने से कुछ भी मुकाम हासिल किया जा सकता है। शिक्षकों की ओर से बार-बार प्रोत्साहित किया जाता था। इसके कारण पढ़ाई मन लगाकर करता था। पिता एक किसान है और वह पढ़ने के लिए हर वक्त प्रेरित करते रहे है। आज विश्वास नहीं हो रहा है कि बिहार में चौथा स्थान लाया हूं। जैसे ही रिजल्ट जारी हुआ गर में सब खुश हो गए। आगे पढ़ाई करके सिविल सेवा में जाना है। वहीं विद्यालय के प्रधानाध्यापक रमाकांत प्रसाद ने बताया कि अजीत शुरू से ही काफी मेहनती लड़का था। इसका परिणाम है कि विद्यालय के साथ-साथ जिला का नाम रोशन किया है। फिलहाल टॉपर के घर बधाई देने वालों को तांता लग गया है। घर में खुशी का माहौल है।

### 480 अंक लाकर अंजली बनी जिला टॉपर

निज संवाददाता



**सासाराम (रोहतास)**। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के मैट्रिक परीक्षा का रिजल्ट रविवार को जारी कर दिया है। जिसमें टॉप टेन में 51 परीक्षार्थियों ने स्थान बनाया है। जिसमें रोहतास के अंजली कुमारी ने 480 अंक प्राप्त कर पूरे राज्य में टॉप टेन में नौवां स्थान प्राप्त किया है, वहीं वो रोहतास जिले की टॉपर बनी है। अंजली रोहतास जिले के पीपीसीएल विद्यालय, अमझोर की छात्रा है। वो सुजानपुर गांव निवासी जय प्रकाश सिंह की बेटी है, जो ऑटो चालक हैं, मां विमला देवी गृहणी है। जय प्रकाश सिंह करी दो बेटियांग हैं, जिसमें अंजली बड़ी है, अदिति नौवीं की छात्रा है। अंजली ने बताया कि उसके गांव से स्कूल 40 किमी दूर है, वह रोज बस के द्वारा स्कूल जाती थी। बताया कि वह आगे चलकर बीएचयू में पढ़ाई करना चाहती है, फिर आइएएस की तैयारी करेगी। बताया कि पढ़ाई, पेंटिंग और घूमना उसकी हौबी है। बताया कि परीक्षा में अच्छे अंक की उम्मीद थी, बिहार बोर्ड द्वारा जब इंटरव्यू के लिए बुलाया गया, तब लगा कि राज्य में अच्छा स्थान मिला है। आज शिक्षक द्वारा फोन पर रिजल्ट की जानकारी दी गई, तब सबसे पहले अपने नाना को फोन पर बताया। जय प्रकाश सिंह ने बताया कि वो अहमदाबाद में निजी कंपनी में काम करते थे। 2014 में पिता तबीयत खराब होने पर सपरिवार गांव लौट आए। यहां जीवन यापन के लिए साड़ी की दुकान खोली, दुकान के नहीं चलने पर फिर ऑटो खरीदा, और अब ऑटो चलाकर परिवार का भरण-पोषण करते है। बताया कि उनकी दो बेटियां हैं लेकिन संघर्ष के बावजूद बेटियों को पढ़ाने में कोई कोताही नहीं की है। आज बेटी ने जिले में टॉप कर और राज्य में स्थान लाकर पूरे परिवार का नाम रौशन किया है। कहा कि आगे भी बेटी की पढ़ाई में कोई कमी नहीं होने देंगे।

शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने जिले के 37 हाई स्कूलों के हेडमास्टरों को सौंपी जिम्मेवारी

## लोकसभा चुनाव को लेकर सभी मतदान केंद्रों पर दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हील चेयर कराई जाएगी उपलब्ध

निज संवाददाता



**अरवल**। अरवल लोकसभा चुनाव को लेकर सभी मतदान केंद्रों पर दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हील चेयर उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिए शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने जिले के 37 हाई स्कूलों के हेडमास्टरों को जिम्मेवारी सौंपी है। मतदान केंद्र तक पहुंचने में दिव्यांग मतदाताओं को परेशानी न हो इसके लिए जिले के सभी सरकारी स्कूलों में व्हीलचेयर खरीदे जा रहे हैं। स्कूलों में भी रैंप भी बनाने को कहा गया है। इस संबंध में शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव आर के महाजन ने जिला शिक्षा पदाधिकारी पत्र को पत्र भेजा है। उक्त हाई स्कूल अपने अपने फीडर एरिया के स्कूल वाले बूथों की पहचान कर आवश्यकता के अनुसार वहां व्हील चेयर उपलब्ध कराएंगे। इसके लिए शिक्षा विभाग ने सभी हेडमास्टरों को मार्च तक की ही मोहलत दी गई थी। हाई स्कूलों के प्रधानाध्यापकों को स्कूल वाले मतदान केंद्रों पर उपलब्ध व्हील चेयर एवं क्रय को लेकर कई निर्देश दिए गए। इस दौरान हेडमास्टरों को व्हील चेयर क्रय करने में बरती जाने वाली सावधानियों एवं गुणवत्ता के बारे में जानकारी दी गई है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी मतदान केन्द्रों में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। खर्च करेगा हाई स्कूल, व्हील चेयर होगी बूथ व्हील चेयर की खरीद हाई स्कूल अपने विभिन्न मदों की राशि से करेगी। एक व्हील चेयर पर 5000 रुपये खर्च किए जा सकेंगे। इसके लिए हेडमास्टरों को मॉडल भी उपलब्ध कराया गया है। शिक्षा विभाग ने कहा कि हाई स्कूल अपने फीडर वाले स्कूल बूथों की पहचान करेंगे। आवश्यकता वाले स्कूल बूथों के लिए व्हील चेयर का खरीद कर हर हाल में मार्च अंत तक उपलब्ध कराएंगे। शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सभी हेडमास्टरों को व्हील चेयर खरीदने को लेकर लक्ष्य निर्धारित कर दिया गया है। इसमें कोताही बरतने वाले हेडमास्टरों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। वहीं बेहतर कार्य करने वालों को प्रोत्साहित किया जाएगा। 37 हाई स्कूल 517 व्हील चेयर खरीदेगा अरवल जिले के 37 हाई स्कूल केजी में 517 व्हीलचेयर उपलब्ध कराने की जिम्मेवारी दी गई है। बालिका उच्च विद्यालय में 19, जिए हाई स्कूल में 17, हाई स्कूल अईयारा में 8, हाई स्कूल मंझोपुर में 4, हाई स्कूल बंमभई में 24, हाई स्कूल बंसी कल्याणपुर में 7, हाई स्कूल चंदा में 21, हाई स्कूल दरियापुर में 16, हाई स्कूल फतेहपुर संडा में 26, हाई स्कूल फखरपुर में 11, हाई स्कूल इंजोर में 9, हाई स्कूल इटवा 5, हाई स्कूल जयपुर 14, हाई स्कूल जमुहारी 15, हाई स्कूल क्षुणाटी 17, हाई स्कूल कमता 17, हाई स्कूल करपी 9, हाई स्कूल खटंगी 15, हाई स्कूल किंजर 26, हाई स्कूल कोरियम 15, हाई स्कूल कुर्था 23, हाई स्कूल लारी 19, हाई स्कूल माली रामगढ़ 18, हाई स्कूल मांगा बीघा 15, हाई स्कूल मिर्जापुर 9 हाई स्कूल नादी 13, हाई स्कूल निरंजनपुर 11, हाई स्कूल पिंजरावा 7, हाई स्कूल पुराण 15, हाई स्कूल रोहाई 15, हाई स्कूल सच्चई 19, हाई स्कूल शहर तेलपा 24, हाई स्कूल सौहसा 8, हाई स्कूल तकिया 19, हाई स्कूल उमैराबाद 6, इन सभी हाई स्कूलों को व्हीलचेयर क्राय करने हेतु मार्च अंतिम तक समय दिया गया है। सभी हाई स्कूलों को निर्देशित किया गया है कि संलग्न विद्यालयों को शीघ्र व्हीलचेयर उपलब्ध कराने को लेकर निर्देशित किया गया है।

### रामनवमी की शोभायात्रा में नहीं बजेगा डीजे

**सासाराम (रोहतास) (नि. सं.)**। जिला मुख्यालय स्थित श्री सर्वेश्वर महादेव मंदिर शिवघाट के प्रांगण में रविवार को नगर पूजा समिति एवं राम जन्मोत्सव समिति रोहतास सासाराम की संयुक्त बैठक आगामी त्योहार चैत्र नवरात्रि और रामनवमी को लेकर की गई। बैठक की अध्यक्षता नगर पूजा समिति के अध्यक्ष डॉ शिवनाथ चौधरी जी ने किया एवं संचालन पूजा समिति के मंत्री सोनू सिन्हा जी ने किया। बैठक में 8 अप्रैल से शुरू होने वाले चैत्र नवरात्रि और रामनवमी पर चर्चा की गई। इस बैठक त्योहारों को मद्देनजर रखते हुए शहर में साफ सफाई, बिजली व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष चर्चा की गई। साथ ही बैठक में उपस्थित सभी लोगों से आग्रह करते हुए यह निर्णय लिया क्या की इस बार 17 अप्रैल को रामनवमी के अवसर पर डीजे नहीं बजाया जाएगा। आचार संहिता को ध्यान में रखते हुए पूरे ही सादगी के साथ ढोल, बाजा, नगाड़ा, ताशा, हाथी ऊंट घोड़ा इत्यादि के साथ शोभायात्रा निकाली जाएगी।

## बक्सर जिले के 236 शिक्षकों का प्रशिक्षण संपन्न

निज संवाददाता



**अरवल**। अरवल जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डायट हैबतपुर में बक्सर जिले के 236 शिक्षकों का प्रशिक्षण संपन्न हो गया। इसमें शिक्षकों को बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान के लिए बच्चों को निपुण बनाने, बच्चों में कक्षा के अनुरूप ज्ञान देने, कौशल एवं दक्षता का विकास करने के टिप्स दिए गए। राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद पटना के निर्देशानुसार छह दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। स्कूलों में बच्चों की शिक्षा सुदृढ़ करने के उद्देश्य से कक्षा एक से आठवीं तक के शिक्षकों का छह दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण बुनियाद वन में बक्सर जिले से आए कुल 236 प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। प्रशिक्षुओं को भाषा एवं गणित शिक्षण में कठिनाइयां एवं समाधान, बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान के घटक, अधिगम प्रतिफल से संबंधित संभावित गतिविधियां, एफएलएन किट का प्रयोग एवं आईसीटी का शिक्षा में उपयोग की जानकारी दी गई। प्रशिक्षणार्थियों को विभिन्न गतिविधियों जैसे चित्र पर बातचीत, कहानी कविता सुनाना, आओ लिखना सीखे, चलो खेल- खेल में बनाएं, आओ नाचें गाएं, वर्गीकरण करना, क्रम से सजाना, गिनती सीखना, जोड़ना ,घटाना, एवं अंक कूद को प्रोजेक्टर के माध्यम से दिखाकर उन्हें समझाया गया।

प्रशिक्षण के लिए पहुंचे शिक्षकों में संत कुमार, रेनू कुमारी, छाया कुमारी, अशरफ अली, रविरंजन कुमार, मीना कुमारी, प्रियंका कुमारी, रोहित कुमार, संजय कुमार, चंदा कुमारी व अन्य ने बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से कई ऐसी बातें सीखने को मिलीं जो बच्चों को बुनियादी शिक्षा देने में उपयोगी सिद्ध होंगी। गैर सरकारी विद्यालयों में प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को विजिट कराया गया। डायट की प्राचार्य डॉ. सोनम कुमारी ने बताया कि यह प्रशिक्षण सभी शिक्षकों को निर्धारित समयांतराल में दिया गया। प्रशिक्षण के लिए 300 लोगों की सूची हमें सौंपी गई थी, लेकिन होली पर्व को देखते हुए 236 लोग ही प्रशिक्षण में शामिल हुए। पर्व को लेकर 64 लोग अनुपस्थित रहे जिन्हें प्रशिक्षण को लेकर अनुमति नहीं दी गई। परियोजना-आधारित शिक्षा की प्रशिक्षण दी जा रही है। बच्चों को खेल-खेल में पढ़ाई से जोड़ा जाएगा। इसके लिए शिक्षकों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया।

एक देसी कट्टा, तीन जिंदा कारतूस और एक खोखा बरामद

## पुलिस ने चाचा को गोली मारने मामले में आरोपी भतीजा को किया गिरफ्तार

निज संवाददाता



**भभुआ (कैमूर)**। कैमूर के भभुआ थाना क्षेत्र में नखतौल गांव में चाचा को गोली मारने मामले में आरोपी भतीजे को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी नखतौल गांव के डोमा बिंद का बेटा चिंटू बिंद बताया जा रहा है। पूछताछ के बाद उसकी निशान देही पर एक देसी कट्टा, तीन जिंदा कारतूस और एक गोली का खोखा भी बरामद किया गया है। डीएसपी शिव शंकर कुमार ने बताया कि पुरानी रंजिश को लेकर चिंटू बिंद ने अपने चाचा रामबचन बिंद को गोली मारकर घायल कर दिया था। सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया थी।

फिलहाल घायल की स्थिति गंभीर बनी हुई है। वहीं उनकी पत्नी बुधिया देवी के आवेदन पर मामला दर्ज कर आरोपी के खिलाफ छापेमारी की जा रही थी। आज गिरफ्तारी हुई है, फिलहाल आरोपी का आपराधिक इतिहास देखा जा रहा है। पूछताछ भी किया जा रहा है। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### चुनाव को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक

**भभुआ (कैमूर) (नि.सं.)**। भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक शनिवार को शहर के मुंडेश्वरी पैलेस में हुई। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मनोज जायसवाल ने की। कार्यकर्ताओं ने चुनाव की तैयारी में बूथ स्तर तक जुट जाने का निर्णय लिया। साथ ही एनडीए के घटक दल से भी वार्ता कर चुनाव प्रचार की तैयारी करने पर चर्चा हुई। कार्यकर्ताओं ने तय किया कि उपलब्ध संसाधन में अभी से गांव, कस्बा व टोला में जनसंपर्क अभियान शुरू करने की बात कही गई। प्रचार के लिए टीम बनाने पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में पहुंचे भाजपा प्रत्याशी शिवेश राम का कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। बैठक में पूर्व विधायक रिंकी रानी पांडेय, पूर्व मंत्री बृजकिशोर बिंद, प्रभारी संतोष पाठक, प्रदेश मंत्री त्रिविक्रम सिंह, जिला प्रभारी सुरेश शर्मा, लोकसभा प्रभारी संजय मेहता, जदयू के अजय सिंह, संतोष खरवार आदि थे।

## आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए चलाया जा रहा मतदाता जागरूकता अभियान

निज संवाददाता



**कुर्था (अरवल)**। बाल विकास परियोजना कुर्था के द्वारा प्रखंड क्षेत्र के धमौल मुसहर टोली में कम मतदान वाले बूथों पर आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका और आशाओं के द्वारा विशेष मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस संदर्भ में सीडीपीओ शिप्रा वर्मा ने बताया कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के आलोक में प्रखंड क्षेत्र के मतदाताओं को जागरूक करने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें बूथ जागरूकता हम लोग सेविका, सहायिका और आशाओं के माध्यम से मतदान केंद्रों सहित गांवों में पहुंच कर लोगों को अपने मताधिकार के प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। ज्ञात ही कि जहानाबाद-अरवल लोकसभा के लिए सातवें चरण 1 जून को मतदान किए जाएंगे। मत देने से कोई भी व्यक्ति वंचित नहीं रहे इसके लिए जागरूकता अभियान चला कर लोगों को प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने बताया कि स्वच्छ लोकतंत्र से ही मजबूत लोकतंत्र का निर्माण होता है युवा मतदाताओं को भी इसमें बढ़-चढ़कर भाग लेने की जरूरत है जिनकी उम्र 18 वर्ष हो गई है वह अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करें देश के लिए एक वोट जरूर करें। मतदाता जागरूकता रैली में शामिल दर्जनों आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका व आशाओं के साथ महादलित महिलाओं ने हाथों में तख्त लेकर छोड़कर अपने सारे काम पहले करें मतदान, लोकतंत्र का होगा मान अगर करेंगे मह मतदान, लोकतंत्र का मान करें चलो चले मतदान करें। अपने मत का दान करें नव भारत निर्माण करें। मैं सक्षम हूं मैं वोटर हूं वोट हमारा हैं अनमोल कभी न हो इसका मोल। बढ़ाए कदम दिखये वोट का दम, व्यापक मतदान नैतिक मतदान, लोकतंत्र के महापर्व में उत्सव के रूप में करें मतदान, जैसे गगनभेदी श्लोगन के साथ गांव के सड़को पर नारेबाजी कर मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा था।

## संक्षिप्त समाचार

### सुनसान घर से जेवरात की की हुई चोरी

**गम्हरिया।** गम्हरिया थाना परिसर में थानाध्यक्ष विकास कुमार और सीओ स्नेहा सागर की मौजूदगी में आयोजित जनता दरबार में जमीन विवाद से जुड़े तीन मामले की सुनवाई की गई। जिसमें एक मामले का निष्पादन किया गया। शेष दो मामलों में सुनवाई की अगली तिथि शनिवार को दी गई। सीओ स्नेहा सागर ने बताया कि दो मामले में साक्ष्य नहीं रहने के कारण मामले की सुनवाई अगले शनिवार को की जाएगी। सहरसा| सदर थाना क्षेत्र के शिवपुरी में चोरों ने अंकुर सिंह के घर का ताला तोड़ कर लाखों के जेवरात और नगदी की चोरी कर ली। पीड़ित ने बताया कि 29 मार्च को दिन करीब 10 बजे वे अपनी पत्नी एवं बच्चों के साथ इलाज करवाने हेतु दरभंगा दरभंगा गए थे। दरभंगा जाने की जानकारी घर में काम करने वाली शिवपुरी निवासी रंजन पासवान पति अरविंद पासवान को थी। वापसी के क्रम में रंजन पासवान ने मेरी पत्नी को फोन कर आने के संबंध जानकारी ली थी। डेरा आने पर मुख्य दरवाजा खोलने के बाद में देखा कि बेडरूम के दरवाजे का हैण्डल टूटा हुआ है। पीछे खिड़की का ग्रिल तोड़कर हटा दिया सिमरी बख्तियारपुर चिड़ैया थाना पुलिस ने अपराध की योजना बना रहे कई कांडों में वांछित अपराधी गुंजन कुमार उर्फ गुंजन यादव को थाना क्षेत्र के बोरिया भित्ता सौथी स्थित एक बासा से लोडेड देशी कट्टा के साथ गिरफ्तार किया है। सिमरी एसडीपीओ मुकेश कुमार ठाकुर ने बख्तियारपुर थाना परिसर में प्रेस वार्ता करते हुए कहा कि शुक्रवार की देर शाम चिड़ैया थानाध्यक्ष कर्मवीर सिंह को गुप्त सूचना मिली कि रंगदारी मामले में दर्ज सलखुआ थाना कांड संख्या 377 - 23 के नामजद शाहपुर कमाल के रघुनाथपुर निवासी गुंजन कुमार उर्फ गुंजन यादव बोरिया भित्ता सौथी स्थित बासा पर आपराधिक घटना को अंजाम देने की योजना बना रहा है।

### एएनएमएमसीएच के अस्पताल प्रबंधक के भाई का निधन, शोक

**गया।** गया के अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल में पदस्थापित अस्पताल प्रबंधक नीरज कुमार सिंह के छोटे भाई दीपक कुमार का निधन इलाज के लिए नई दिल्ली जाने के क्रम में हो गया। वह लीवर की बीमारी से ग्रसित थे। शनिवार को विष्णुपद स्थित श्मशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। मुखाग्नि उनके बड़े भाई नीरज कुमार सिंह ने दी। जानकारी के अनुसार दीपक पिछले कुछ समय से लीवर की बीमारी से ग्रसित थे। दो दिन पहले अचानक तबियत ज्यादा खराब होने के बाद परिजन उन्हें लेकर इलाज के लिए दिल्ली जा रहे थे। इसी क्रम में रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। अंतिम संस्कार के दौरान श्मशान घाट पर एएनएमएमसीएच के कर्मी, कई जन प्रतिनिधि व बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### रेल लाइन किनारे मिले शव की शिनाख्त

**मानपुर।** मुफस्सिल थाना अंतर्गत गया नवादा रेल खंड के हरली के समीप शुक्रवार अपराह्न एक युवक का शव बरामद हुए।जिसका पहचान भोरे पंचायत अंतर्गत तपसी निवासी शंभू पासवान के बेटे 38वर्षीय संतोष कुमार पासवान के रूप में हुई।मृतक के पिता की माने तो घर से काम पर जाने की बात बता कर बाहर निकला था।संभावना जताया जा रहा है कि पटरी पार करने के दौरान ट्रेन के चपेट में आ गया है।वही नाम नही छापने के शर्त पर लोगो ने बताया कि घर में अक्सर विवाद होता रहता था।जिससे नाराज होकर युवक ट्रेन के आगे कूद गया।

### 254 ग्राम गांजे के साथ धंधेबाज धराया

**गया।** सिविल लाइन थाने की पुलिस ने 254 ग्राम गांजा के साथ एक धंधेबाज को पकड़ा है। पकड़ा गया रवि शेखर उर्फ नन्हे सिंह कोयरीबाड़ी दुर्गा स्थान का रहने वाला है। थानाध्यक्ष ने बताया कि गश्ती के दौरान कोयरीबाड़ी स्थित सुधा डेयरी के पास एक व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा, जिसे सशस्त्र बलों के सहयोग से पकड़ा गया।

### गंगा में डूबी युवती का नहीं मिला सुराग, खोजबीन जारी

**दानापुर।** नासरीगंज स्थित फक्कड़ महतो घाट पर स्नान करने के दौरान डूबी युवती का 32 घंटे बाद भी कोई सुराग नहीं मिल पाया है। एसडीआरएफ की टीम शनिवार को दिनभर खोजबीन करती रही। वहीं शनिवार को राजद अध्यक्ष लालू यादव की बड़ी बेटी मीसा भारती भी घाट पर पहुंचीं और युवती के परिजनों से मुलाकात कर सांत्वना दी। उन्होंने दानापुर के बीडीओ और सीओ से बात कर जल्द से जल्द तलाश करने को कहा। शुक्रवार की सुबह नासरीगंज आदर्श नगर निवासी रविरंजन राय की 19 वर्षीय पुत्री मुस्कान उर्फ प्रतिमा कुमारी अपनी दादी और बहन के साथ अपनी शादी का कार्ड लेकर मां गंगा को निमंत्रण देने गई थी। स्नान करने के दौरान मुस्कान गहरे पानी में चली गई और डूब गई। दादी और बहन ने उसे बचाने की काफी कोशिश की लेकिन सफलता नहीं मिली।

### आईपीएल की सट्टेबाजी के विवाद में फायरिंग

**नालंदा।** आईपीएल की सट्टेबाजी के लेन-देन को लेकर कंकड़बाग के साईं अस्पताल के पास शुक्रवार की रात करीब 2 बजे मारपीट हुई। एक-दूसरे पर लात-घूसे की बौछार की गई। इसी बीच उनमें से किसी ने दो-तीन राउंड फायरिंग कर दी। गोली चलने के बाद अफरातफरी मच गई। कंकड़बाग पुलिस ने वहां से एक खोखा, एक बाइक और एक कार बरामद की। पुलिस ने छापेमारी कर एक आरोपी रोहित कुमार को गिरफ्तार कर लिया। वह चांदमारी रोड में रहता है, लेकिन नालंदा का रहने वाला है। पुलिस ने अपने बयान पर 15 अज्ञात पर केस दर्ज किया। सदर एएसपी स्वीटी सहरावत ने कहा कि आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाला जा रहा है। अभी आईपीएल चल रहा है। किस दिन कौन टीम जितेगी, इसको लेकर सट्टा लगता है। कंकड़बाग और इसके आसपास रहने वाले 15-20 युवकों का ग्रुप रोजाना सट्टा लगाता है। शनिवार को रॉयल चैलेंजर्स ऑफ बेंगलुरु यानी आरसीबी का मैच कोलकाता नाइट राइडर यानी केकेआर से था। कुछ युवकों ने आरसीबी तो कुछ ने केकेआर पर सट्टा लगाया। केकेआर मैच जीत गई। इसके बाद विवाद, मारपीट और गोलीबारी हुई।

### स्कूल के वार्षिक समारोह से बच्चों में बढ़ता है शैक्षणिक माहौल : नारायण

**फतेहपुर।** स्कूल का वार्षिक समारोह से बच्चों में शैक्षणिक माहौल बढ़ता है। बच्चों का मनोबल ऊंचा होता है। प्रखंड मुख्यालय स्थित नगर पंचायत फतेहपुर में सीपीआर स्कूल के 19वें वार्षिकोत्सव समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित शिक्षाविद डॉ के.के. नारायण ने ये बातें कहीं। कहा कि बच्चों के बीच मनोरंजन के साथ आगत अतिथियों का ज्ञानवर्धन भाषण से ज्ञान बोध की प्राप्ति होती है। स्कूलों में वार्षिक समारोह के साथ समय-समय पर मनोरंजक व ज्ञानवर्धक कार्यक्रमों का आयोजन होते रहना चाहिए। उन्होंने अभिभावकों को कहा कि अपने बच्चों को मित्रत्व भाव से शिक्षा और अनुशासन का ज्ञान अर्पित करने में अपनी बड़ी भूमिका को निभाते रहे। विशिष्ट अतिथि बिहार प्रशासनिक सेवा के पूर्व अधिकारी राय मदन किशोर ने शिक्षा, खेल और अनुशासन की महत्ता पर विशेष प्रकाश डाला। साथ ही स्कूल के कार्यकलापों की काफी प्रशंसा की। उन्होंने अभिभावकों और बच्चों को शिक्षा के साथ अनुशासन का समुचित बोध कराया। गया कॉलेज शिक्षा शास्त्र विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉक्टर धनंजय धीरज ने कहा कि बच्चों पर शिक्षा का दबाव नहीं बनाना चाहिए। बल्कि बच्चों की भावना को ध्यान में रखकर शिक्षा, अनुशासन, खेल, संगीत आदि शैक्षणिक कार्यकलापों के बारे में अवगत कराते रहना चाहिए। बच्चे घर, परिवार, समाज और देश के उज्जवल भविष्य होते हैं। उन्हें अच्छे तरह से सवारने की जरूरत है। कार्यक्रम में स्कूल के निदेशक राकेश कुमार टुन्नी तथा प्रबंध निर्देशक राजकुमार कुन्नी ने स्कूल तथा बच्चों के कार्यकलापों के बारे में विशेष प्रस्तुति दिया। समारोह में उपस्थित आगत अतिथियों तथा अभिभावकों ने स्कूल के प्रगति रिपोर्ट पर बड़ी सराहना व्यक्त किये। स्कूल का वार्षिकोत्सव में बच्चों ने एक से बढ़कर एक रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। समारोह में विशेष आमंत्रित मुख्य अतिथि फिल्म सह टीवी अभिनेता अनूप कुमार सिंह ने भी अपनी कला के माध्यम से लोगों का मन जीत लिया। इनके कलात्मक प्रस्तुति पर खूब तालियां बजी। मुख्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने प्रतिभावान बच्चों को पुरस्कृत भी किया। समारोह में नगर पंचायत अध्यक्ष रवि कुमार, कृष्णदेव सिंह, अवध किशोर सिंहा, मिथिलेश कुमार, अरुण कुमार, धनंजय पांडेय, गुंजन कुमार, श्याम नंदन प्रसाद, अखिलेश कुमार, नवीन कुमार सिन्हा आदि बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## हरनौत के व्यवसायी करेंगे वोट का बहिष्कार

# व्यवसायी हत्याकांड के विरोध में लगातार चौथे दिन बाजार बंद

निज संवाददाता। नालंदा




नालंदा के हरनौत के व्यवसायी अशोक साव के हत्या के विरोध में लगातार चौथे दिन व्यवसायी संघ ने हरनौत बाजार को बंद रखा है। व्यवसायी संघ के बैनर तले दुकानदारों ने रविवार को बिचली बाजार में धरना दिया है। 28 मार्च से हरनौत बाजार अशोक साव की हत्या के खुलासे तक अनिश्चितकालीन के लिए बंद है।

**क्या बोले व्यावसायिक संघ के अध्यक्षः** व्यावसायिक संघ के अध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि अशोक साव की हत्या के विरोध में हम लोग धरना दिए हुए हैं। अभी तक जिला प्रशासन पुलिस के द्वारा किसी प्रकार की पहल नहीं की गई है। हरनौत मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का गृह क्षेत्र है। यहां अपराध चरम सीमा पर पहुंचा हुआ है। नित्य दिन आपराधिक घटनाएं हो रही है। अपराधी घटनाओं को लेकर हम लोग वोट बहिष्कार भी इस बार करने जा रहे हैं। जिला प्रशासन और पुलिस के द्वारा किसी प्रकार का आश्वासन नहीं मिल रहा है।

**क्या बोले ग्राहकः** सबनहुआ निवासी ने बताया पिछले चार दिनों से हरनौत बाजार बंद है। उन लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रोजमर्रा के सामान भी नहीं मिल रहे हैं। अब उन लोगों को दूसरे बाजार का रुख करना पड़ेगा जो काफी दूर है।

**करोड़ों का कारोबार हो रहा प्रभावितः** हरनौत बाजार के बंद रहने से पिछले चार दिनों में 12 करोड़ से अधिक का कारोबार प्रभावित हुआ है। हरनौत बाजार में छोटे बड़े 7 सौ से अधिक दुकान हैं।

### ग्राहक परेशान, करोड़ों का कारोबार प्रभावित


पिछले चार दिनों से दुकानों में ताले लटक रहे हैं।

**क्या बोले एसडीपीओः** सदर एसडीपीओ 2 संजय कुमार जायसवाल ने बताया कि पुलिस खुलासे के करीब है। जल्द ही मामले का पर्दाफाश कर लिया जाएगा। कुछ कुछ दुकानें खुली हुई है। लगातार व्यवसाईयों से बातचीत चल रही है।

**क्या है मामलाः** 21 मार्च को हरनौत के बिचली बाजार निवासी अशोक साव की लूट के दौरान अपराधियों ने गोलीमार हत्या कर दी थी। वह सकसोहरा से तगादा कर घर लौट रहे थे। इसी बीच हरनौत थाना क्षेत्र के अलीपुर बीरमपुर गांव के पास लूट के दौरान अपराधियों ने गोली मार दी थी। वे थोक सूजी और मैदा के व्यवसायी थे।

# सड़क हादसे में युवक की मौत, बाइक से जा रहा था ससुराल

निज संवाददाता। नालंदा





नालंदा में शनिवार की रात सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। मामला सरमेरा थाना क्षेत्र अंतर्गत बिहटा-सरमेरा मुख्य मार्ग के मलावां गांव के समीप की है। मृतक की पहचान शेखपुरा जिला के बरबीघा थाना क्षेत्र अंतर्गत सरवा गांव निवासी जगत नारायण सिंह के (35) वर्षीय पुत्र कुंदन कुमार के रूप में की गई है। परिजन पुलिस की मदद से शव के पोस्टमार्टम को लेकर रविवार की सुबह सदर अस्पताल पहुंचे। घटना के संबंध में कुंदन के परिजन ने बताया कि कुंदन कुमार अपनी बाइक से शनिवार की देर शाम अपने ससुराल पटना जिला के बड़हिया गांव जा रहा था। इसी बीच बिहटा-सरमेरा टू लेन के मलावां गांव के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना की जानकारी पुलिस वालों के द्वारा मिली।

**हैदराबाद के दवा फैक्ट्री में करता था कामः** कुंदन कुमार होली पर्व के मौके पर अपने गांव आया था। वह हैदराबाद के एक दवाई फैक्ट्री में काम करता था। उसकी एक पुत्री और एक पुत्र है। वहीं घटना की जानकारी जैसे ही परिजनों को मिली परिवार वालों में कोहराम मच गया। घर और ससुराल दोनों जगह परिजनों की चित्कार गूंजने लगी। वहीं इस मामले में सरमेरा थाना अध्यक्ष विकास कुमार यादव ने बताया कि बाइक सवार युवक के अज्ञात वाहन की चपेट में आने की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घायल को सरमेरा पीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। इसके उपरांत परिजनों को सूचना देते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया। अज्ञात वाहन के विरुद्ध मामला दर्ज कर पुलिस अग्रिम कार्यवाही में जुट गई है।

# भटककर डोभी पहुंचा नाबालिग, कुछ भी बोलने में असमर्थ

निज संवाददाता। गया



गया जिले के डोभी थाना क्षेत्र में देर रात एक भटका हुआ नाबालिग (13) मिला है, जिसे शनिवार की देर रात डोभी मोड़ पर देखा गया। भटके हुए नाबालिग स्थानीय दुकानदारों ने डोभी के नीमा गांव के रहने वाले स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता राहुल मांझी को बुलाकर सुपुर्द कर दिया। राहुल मांझी ने भटके हुए लड़के से बातचीत करना चाहा, लेकिन वह कुछ भी बोलने में असमर्थ था। इसके बाद राहुल मांझी ने इसकी जानकारी स्थानीय थाने को देने के बाद, उसे अपने साथ अपने घर को ले गए। हालांकि नाबालिग की पहचान अब तक नहीं हो सकी है।

**सामाजिक कार्यकर्ता राहुल मांझी ने पोस्ट किया है वीडियोः** वहीं शेरघाटी अनुमंडल के डोभी थाना क्षेत्र अंतर्गत नीमा पंचायत के रहने वाले सामाजिक कार्यकर्ता राहुल मांझी ने बताया कि शनिवार की देर रात 11:00 बजे के बाद एक नाबालिग डोभी मोड़ पर खड़ा था। वह कुछ भी बोलने में असमर्थ था। इसके बारे में अपने स्तर से हर जगह पता किया, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। मैं सोशल वर्कर होने के नाते इसे अपने साथ घर ले आया हूं। इसकी पहचान के लिए एक फ़ोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किए हैं। ताकि इसके परिजन इसकी तस्वीर और वीडियो देखकर इसे लेने डोभी आ जाएं। हालांकि रात भर घर में रखने का निर्देश स्थानीय पुलिस से मिला था। सुबह होते हीं इसे डोभी पुलिस के हवाले कर दूंगा और इसके पहचान के लिए सहयोग भी करूंगा।

# नालंदा के किसान का बेटा बना जिला टॉपर

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा के मगध उच्च विद्यालय ओकनावा के छात्र ने जिला के टॉप 10 में जगह बनाई है। मूलतः बिहारशरीफ प्रखंड के शेखोपुर गांव के रहने वाले शिवकुमार दानी के बेटे सतीश कुमार ने मैट्रिक परीक्षा में 479 नंबर लाया है। बिहार बोर्ड द्वारा जारी की गई 51 टॉपर की सूची में सतीश कुमार 10वीं रैंक पर है।

**दो भाइयों में है सबसे छोटाः** सतीश कुमार दो भाइयों में सबसे छोटा है। बड़े भाई सूरज कुमार देहरादून से बीएसए कर रहे हैं। वहीं, पिता खेती-बाड़ी कर परिवार का भरण पोषण कर रहे हैं। सतीश अपने सफलता के पीछे माता-पिता बड़े भाई और ट्यूशन के शिक्षक सुबोध कुमार और स्कूल के शिक्षक को देते हैं।

**इंजीनियर बनने की है चाहः** सतीश कुमार आगे चलकर इंजीनियर बनना चाहते हैं। वे बताते हैं कि 7 से 8 घंटे तक उन्होंने पढ़ाई कर यह मुकाम हासिल किया है। वहीं सतीश की सफलता के बाद पूरा परिवार और गांववाले खुश हैं। बधाई देने वालों का सतीश के घर पर तांता लग रहा है।

**सोशल मीडिया पर अकाउंट नहींः** सतीश ने बताया कि उनका सोशल मीडिया पर अकाउंट नहीं है। कभी-कभी पढ़ाई के सिलसिले में वह वॉट्सऐप जरूर यूज करते हैं। लेकिन वह सोशल मीडिया से दूर रहते हैं।





### कोच अटेंडेंट की बेटी ने प्राप्त किया दूसरा स्थान सतीश इंजीनियर तो काजल डॉक्टर बनना चाहती हैं

**इंटरव्यू में पूछे गए थे आसान प्रश्नः** सतीश कुमार ने बताया कि उन्हें इंटरव्यू के लिए पटना बुलाया गया था। सभी सब्जेक्ट के लिए अलग-अलग शिक्षक थे। प्रश्न आसान थे, जिसका उसने सही-सही जवाब दिया था।

**काजल ने प्राप्त किया दूसरा स्थानः** वहीं नालंदा के हिलसा की बेटी ने मैट्रिक परीक्षा में जिले में दूसरा स्थान प्राप्त की है। मूलतः हिलसा प्रखंड के बलभद्रसराय की रहने वाली राहुल कुमार की बेटी काजल कुमारी ने 479 अंक प्राप्त की है। बिहार बोर्ड द्वारा जारी की गई 51 सफल छात्रों की सूची में काजल कुमारी 10वीं रैंक पर है।

**डॉक्टर बनने की चाहः** काजल कुमारी आगे चलकर डॉक्टर बनना चाहती हैं। दो बहन और एक भाई में वह सबसे बड़ी है। पिता ट्रेन पर कोच अटेंडेंट का काम करते हैं, जबकि मां गृहणी है। काजल कुमारी हिलसा शहर स्थित रामबाबू हाई स्कूल की छात्रा हैं। काजल अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और गुरु को देती हैं। वह बताती हैं कि सेल्फ स्टडी और स्कूल, ट्यूशन से उसने यह मुकाम हासिल किया है। काजल कि इस सफलता पर परिवार वालों में खुशी झलक रही है।

# बधार में पेड़ से लटका मिला युवक का शव, पास में पड़ा था मोबाइल, आधार कार्ड से हुई पहचान

निज संवाददाता। गया



गया जिले के मैगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत बधार में एक युवक की पेड़ से लटकी हुई लाश पुलिस ने बरामद की है। शौच के लिए जंगल में गए ग्रामीणों ने देखा कि एक युवक का शव पेड़ से लटका हुआ है। इसके बाद पूरे इलाके में ख़बर आग की तरह फैल गई। बड़ी संख्या में आसपास के गांव के ग्रामीण एकजुट होने लगे, और तरह-तरह की बातें आपस में कर रहे थे। घटना को लेकर स्थानीय मैगरा थाना की पुलिस को भी जानकारी दी गई। जिसके बाद में मैगरा थाना की पुलिस टीम घटनास्थल को पहुंचकर छानबीन कर पेड़ से लटके युवक के शव को नीचे उतार लिया। आसपास के लोगों से इसकी पहचान करने में जुट गई। मृतक युवक की पहचान कोठी थाना क्षेत्र के मझौली पंचायत अंतर्गत मौलागंज निवासी अनिल कुमार भारतीय बबलू के रूप में की गई है। यह हत्या है या आत्महत्या इसकी पुलिस गहराई से छानबीन कर रही है। घटना के संबंध में स्थानीय ग्रामीण रंजय कुमार ने बताया। मैगरा थाना क्षेत्र के चोनहा नयकडीह गांव से कुछ दूर बधार में एक युवक का शव पेड़ से लटका था। जिसे देखकर इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक का मोबाइल फोन और खैनी की चुनौटी भी शव के नीचे पड़ा था। घटना के संबंध में इमामगंज डीएसपी अमित कुमार ने बताया घटना को लेकर पुलिस छानबीन कर रही है। फिलहाल युवक के शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल को भेज दिया गया है।



### हत्या या आत्महत्या जांच में जुटी पुलिस

# दो दिवसीय उर्स का हुआ आयोजन

### 1 से 2 अप्रैल तक चलेगा उर्स, सजेगी महफिल ए समा

निज संवाददाता। गया



गया बीथो शरीफ ख़ानक़ाहे करीमिया चिश्तिया निजामिया आश-रफिया, बीथो शरीफ़ में दो दिवसीय उर्स मनाया जाएगा। उर्स 1 से 2 अप्रैल तक चलेगा। इस मौके पर सूफ़ी मौलाना सैय्यद शाह करीम रजा का उर्स मुबारक और मौलाये-काइनात शेरे- खुदा हजरत अली करमुललाहि- वजहुल -करीम की जीवनी पर एक सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। सेमिनार का विषय शीर्षक "हजरत की दीन पर जॉ निसारी" रखा गया है। इस विषय पर लोग तकरीर करेंगे। इस अवसर पर 1 अप्रैल को फजिर की नमाज के बाद करान पाठ का सिलसिला शुरू होगा जो जुहर की नमाज से पहले तक जारी रहेगा। जुहर की नमाज के बाद मुहम्मद सल् ल्लाहु अलैहि वसल्लम की जीवनी पर तकरीर होगी। अस्त्र की नमाज से पहले कुल शरीफ होगा। इशा की नमाज और तरावीह के बाद मैलाये - काइनात हजरत अली करमुल्लाहि वजहु की जीवनी पर सेमिनार होगा। दूसरे दिन 2 अप्रैल को फजिर की नमाज के बाद कुरान पाठ का सिलसिला प्रारंभ होगा, जो दस बजे दिन तक चलेगा। इसके बाद मन-कबति तरही मुशायरा का आयोजन किया जायेगा। अस्त्र की नमाज के बाद कुल-शरीफ का आयोजन किया जायेगा। इस के बाद इफ्तार एवं खिरका पोशी होगी।

# दो पक्षों के बीच गोलीबारी में 4 नामजद, सभी आरोपी फरार

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा के नूरसराय थाना क्षेत्र अंतर्गत हेगनपुरा गांव में दो पक्षों के बीच शुक्रवार की शाम मारपीट और गोलीबारी की घटना हुई थी। इस घटना में हेगनपुरा निवासी टुनटुन प्रसाद की बेटी अंजली सिंह को गोली लगने से घायल हो गई थी। वहीं, इस मामले में नूरसराय पुलिस द्वारा कुल 4 लोगों के विरुद्ध नामजद जबकि आधा दर्जन अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।0 नूरसराय थाना अध्यक्ष रजनीश कुमार ने बताया कि आपसी वर्चस्व को लेकर सोनू कुमार उर्फ डॉन और गुड्डू पासवान के बीच गोलीबारी की घटना हुई थी। इस मामले में मंतग पासवान, सोनू कुमार उर्फ डॉन और गुड्डू पासवान और उसके पिता के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है। सभी आरोपी गांव छोड़कर फरार हैं। सोनू कुमार उर्फ डॉन के घर में तलाशी लेने के क्रम में 7 जिंदा कारतूस भी बरामद किया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। अंजलि के घर वालों की माने तो गुड्डू और सोनू दोनों शराब और ताड़ी बेचने का काम करता है। अक्सर वर्चस्व को लेकर दोनों के बीच मारपीट और गोलीबारी होते रहती है। बच्ची छत पर थी तभी अचानक फायरिंग हुई। गोली आकर उसके पैर में लग गई। इस घटना के बाद अंजली को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

# ईद उल-फितर और रामनवमी के लिए निकला निर्देश

निज संवाददाता। नालंदा




जिला दंडाधिकारी-सह-जिलाधिकारी शाशंक शुभंकर और पुलिस अधीक्षक अशोक मिश्रा ने आगामी ईद-उल-फितर(ईद ) और रामनवमी पर्व के अवसर पर कई दिशा निर्देश शान्ति समिति के सदस्यों को दिए हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि आगामी ईद, चैती छठ, चिरागा और रामनवमी पर्व जिलेभर में शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और आपसी भाईचारे के साथ मनाएंगे। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को देखते हुए सम्पूर्ण जिलेभर में आदर्श आचार संहिता लागू है। दंड प्रावधान संहिता धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू है। हम सभी जिलेवासियों को भारत निर्वाचन आयोग के गाइडलाइन का अनुपालन करना नितांत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पर्व के अवसर पर किसी भी प्रकार का जुलूस का रूट चार्ट के अनुसार परमिशन लेना आवश्यक है। डीजे प्रतिबंधित रहेंगे। सभी मुख्य चौक चौराहों, मार्गों पर दंडाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित की जाएगी। सीसीटीवी क्रियाशील रखे जाएंगे। जुलूस का वीडियोग्राफी किया जाएगा। ट्रैफिक व्यवस्था, साफ-सफाई आदि की समुचित व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने क्षोभ व्यक्त करते हुए कहा कि पूर्व की घटना की पुनरावृत्ति ना हो इसका पूरा ख्याल रखा जाए। आपसी भाईचारगी/ सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व शांतिपूर्ण माहौल में मनाएं। सख्त निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि पर्व के अवसर पर असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखी जाएगी। सौहार्द पूर्ण माहौल खराब करने वाले शख्स को चिह्नित कर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

**सोशल मीडिया पर प्रशासन की पैनी नजरः** उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया/फेक न्यूज के गलत अफवाहों पर ध्यान न दें। अश्लील गाने और भड़काऊ बयान बाजी भेदभाव उत्पन्न करते हैं। बिना किसी भेदभाव के एक दूसरे धर्म का सम्मान करें। शांति व्यवस्था भंग ना होने दें। किसी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना प्रशासन तक यथाशीघ्र पहुंचाएं।

**एसपी का बयानः** पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जुलूस की संख्या छोटी से छोटी /कम से कम करें, ताकि और असामाजिक तत्वों को विवाद करने का मौका न मिल सके। सोशल मीडिया/फेक न्यूज पर पैनी नजर रखी जाएगी। दोषियों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा। डीजे प्रतिबंधित रहेंगे। अश्लील गाने/ भड़काऊ बयान बाजी करने वालों को चिन्हित कर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जिलेभर में दंडाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों का पुख्ता इंतजाम रहेगा। सीसीटीवी, वीडियोग्राफी, साफ-सफाई आदि की समुचित व्यवस्था की जाएगी।

**वाहनों द्वारा नहीं निकाला जाएगा जुलूसः** ट्रैफिक मैनेजमेंट के उद्देश्य से मोटरसाइकिल सवार और वाहनों द्वारा जुलूस नहीं निकाले जाएंगे। असामाजिक तत्वों/नशा खुरानी पर पैनी नजर रखी जाएगी। दोषियों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### मिशन दक्ष एवं विशेष कक्षा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षक हुए सम्मानित

**आरा**। मिशन दक्ष एवं विशेष कक्षा के तहत विद्यालयों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को हित नारायण प्लस टू विद्यालय में सम्मानित किया गया। जिला शिक्षा पदाधिकारी अहसन ने बताया कि बिहिया, तरारी, गड़हनी, सहार, आरा, कोईलवर, जगदीशपुर, शाहपुर, संदेश, चरपोखरी, पीरो, उदवंतनगर और अगिआंव प्रखंड के शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

### संभावना आवासीय विद्यालय में वार्षिक परीक्षाफल वितरण

**आरा**। स्थानीय “”शान्ति स्मृति”” संभावना आवासीय उच्च विद्यालय में वार्षिक परीक्षाफल- सह-पुरस्कार वितरण समारोह- 2024 हुआ। उद्घाटन विद्यालय के निदेशक डॉ कुमार द्विजेंद्र तथा प्राचार्या डॉ अर्चना सिंह ने संयुक्त रूप से किया। समारोह में करीब 250 छात्र-छात्राओं को प्रमाण-पत्र और पुरस्कार दिया गया। वर्ग- नर्सरी से 11वीं तक के सभी सेक्शन मिलाकर टॉपर रहे छात्र-छात्राओं को विशेष रूप से पुरस्कृत किया गया। प्राचार्या डॉ अर्चना सिंह ने कहा कि आज विद्यालय के बच्चों के लिए तथा उनके अभिभावकों के लिए विशेष दिन है। विद्यालय के लगभग 250 बच्चे अपनी कक्षा के विभिन्न खण्डों में 90% से 100% के बीच अंक प्राप्त किये है। जिन बच्चों को पुरस्कार मिला है, उनके अभिभावकों को बहुत-बहुत बधाई। उन्होंने कहा की जो बच्चे आज इस मंच से पुरस्कृत नहीं हुए हैं; वें और मेहनत करे ताकि अगले वर्ष की वार्षिक परीक्षा में पुरस्कृत हो सके। निदेशक डॉ कुमार द्विजेंद्र ने कहा कि सम्भावना विद्यालय में लगभग 2500 छात्र-छात्राए अध्ययनरत है। हमारे बच्चे आंतरिक परीक्षा में जितना बेहतर रिजल्ट देते है उससे ज्यादा बेहतर सीबीएसई द्वारा संचालित कक्षा-10/12 के बोर्ड परीक्षाओं में रिजल्ट देते है। धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के उप-प्राचार्य ऋषिकेश ओझा और मंच संचालन अरविन्द ओझा ने किया।

### दो बाइकों की टक्कर में बाइक सवार घायल

**कोईलवर**। शनिवार को रात्रि करीब सात बजे कोईलवर थाना क्षेत्र के झलकुनगर के पास कोईलवर-झलकु नगर लिंक रोड़ पर दो बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। जिसमें दोनों बाइक पर सवार दो युवक घायल हो गए हैं। घायलों में अजय कुमार पिता गिरधर व्यास उम्र 24 ग्राम मनाचक व हेमंत कुमार उम्र 20 वर्ष पिता यमुना वर्मा ग्राम हरिपुर निवासी हैं। दोनों युवक बाइक चला रहे थे इसी बीच झलकुनगर के पास दोनों बाइको की आमने-सामने की टक्कर हो गई। जिसमें दोनों बाइक सवार युवक घायल हो गए। घायलों को स्थानीय लोगों के सहयोग से कोईलवर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया और इलाज करवाया जा रहा है ।घायलों में हेमंत कुमार की स्थिति ज्यादा खराब है।

### जनता के बुनियादी मुद्दों को लेकर चुनाव लड़ेगे : सुदामा प्रसाद

**आरा**। तरारी विधायक सुदामा प्रसाद को लोकसभा इंडिया महागठबंधन का प्रत्याशी बनाए जाने पर माले जिला कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित करते सुदामा प्रसाद ने कहा कि 10 वर्षो के शासनकाल में मोदी सरकार ने देश के संविधान व लोकतंत्र को खत्म करने का प्रयास किया है। मोदी सरकार देश के खेती, रोजगार, व्यवसाय और समाजिक सदभाव को लगातार कमजोर करने प्रयास कर रही है। इनके सांसद अनंत हेगड़े ने तो बाबा साहेब डॉ अम्बेडकर के संविधान को बदलने, देश के लोगों से 400 सीट जीताने की बात कही है है। उर्जा मंत्री आरके सिंह जब पहली बार आरा से चुनाव लड़ रहे थे तब उन्होंने जिले में सौर्य उर्जा प्लानंट लगाने की घोषणा की थी, लेकिन आज तक प्लानट नहीं लग सका। बड़हरा प्रखंड के गुंडी गांव को भी गोद लेने की भी घोषणा हुई थी, लेकिन आज तक गुंडी गांव विकास के लिए तरस रहा है। जिले के बेरोजगार, रोजगार के लिए दूसरे राज्य में प्लायन कर रहे हैं। मौके पर माले राज्य कमेटी सदस्य विजय ओझा, क्यामुद्दीन अंसारी, आरा नगर सचिव दिलराज प्रीतम, जिला स्थाई समिति सदस्य जितेंद्र सिंह, अमित कुमार बंटी उपस्थित थे।

### वर्मा फाउंडेशन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की छात्रवृत्ति परीक्षा 26 अप्रैल को

**आरा**। वर्मा फाउंडेशन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, पटना के द्वारा संचालित संस्थानों वर्मा कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंस तथा मोना स्कूल ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कॉलेज में संचालित पाठ्यक्रमों में नामांकन के लिए छात्रवृति परीक्षा-2024 होगी। संस्थान के अध्यक्ष डीके सिंह ने बताया कि परीक्षा की तिथि में बदलाव किया गया है। अब 26 अप्रैल को होगा। 26 मार्च तक www.varmafoundation. com पर आवेदन फॉर्म ऑनलाइन से भरा जाएगा। सभी संस्थानों के कार्यालय में हार्ड कॉपी से भी आवेदन फॉर्म जमा लिए जाएँगे। आवेदन फॉर्म शुल्क 200/- रुपये होंगे। प्रवेश पत्र निर्गत करने की अंतिम तिथि 16 मार्च से बदलकर 27 मार्च एवं प्रवेश परीक्षा की तिथि 17 मार्च से बदलकर 28 मार्च कर दी गयी है। परीक्षा आरा, बक्सर, भभुआ, सासाराम इन चार जिलों में होगी। प्रथम स्थान प्राप्त करने पर 100 प्रतिशत ट्यूशन फीस में छूट, द्वितीय स्थान को 75 प्रतिशत और तृतीय स्थान वाले को 50 प्रतिशत तक छूट दिया जाएगा।

### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने डीएम के साथ की बैठक

**बक्सर**। लोक सभा आम निर्वाचन 2024 की पूर्व तैयारियों की समीक्षा हेतु मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बिहार, पटना की अध्यक्षता में सभी डीएम के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक की गई। जिसमें डीएम अंशुल अग्रवाल के द्वारा भी भाग लिया गया।बैठक में एफएसटी की सक्रियता, डिस्पैच एवं संग्रहण सेंटर की व्यवस्था, कर्मियों के प्रथम एवं द्वितीय रैंडडोमाईजेशन, मतदान कर्मियों का निर्वाचक प्रक्रिया तथा ईवीएम से संबंधित प्रशिक्षण, ईवीएम स्ट्रॉंग रूम में सीसीटीवी एवं सुरक्षा आदि की व्यवस्था, पोस्टल बैलेट पेपर हेतु बेनीफिशियरी को चिह्नित करना तथा उन्हें प्रपत्र उपलब्ध कराना, आयोग द्वारा अनुमोदित सहायक मतदान केन्द्र एवं परिवर्तित मतदान केन्द्र से संबंधित विवरण ईआरओ नेट, ईएमएस आदि में अपडेट करना इत्यादि के संबंध में विमर्श करते हुए निर्देश दिए गए। साथ ही भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा निर्देशों का अनुपालन कराने का निर्देश दिया गया।

### बालक ब्रह्म बाबा के वार्षिकोत्सव पर कीर्तन

**बक्सर**। जिले के नुआंव गांव स्थित श्री बालक ब्रह्म बाबा मंदिर में 24 घंटे का हरिकीर्तन का आयोजन बालक ब्रह्म बाबा के वार्षिक पूजनोत्सव के अवसर पर किया गया। हरिकीर्तन में श्री राम जय राम जय जय राम, हरे कृष्णा के जाप से पूरा गांव भक्तिमय हो गया था। गांव के वृद्ध, युवा नौजवान और बच्चों ने कीर्तन-भजन का रसपान किया। पुरोहित रत्न कुमार पांडेय व मिथिलेश्वर पांडेय ने बताया कि मंदिर परिसर में 24 घंटे अखंड हरिकीर्तन का आयोजक अनिमेष पांडेय, राम लखन पांडेय, आनंद पांडेय उर्फ रिंकू पांडेय आदि ने किया। उन्होंने कहा कि लोगो की सुख, शांति, समृद्धि, खुशहाली, वर्षा आदि के लिए वार्षिक पूजा समारोह किया जाता है। अखंड हरिकीर्तन के पूर्व मंदिर परिसर की साफ-सफाई कर विशेष सजावट की गई थी। श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद के रूप में खिचड़ी का वितरण किया गया।

### सिपाही की राइफल से गोली चलने से मौत

**आरा**। पटना जिले का रहने वाला सिपाही हेमंत कुमार ने नवादा थाना क्षेत्र के कृषि भवन के पास अपने रूम में सरकारी राइफल इंसास से गोलिमार कर आत्म हत्या कर लिया। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस महकमे में खलबली मच गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस विभाग के वरीय अधिकारी घटना स्थल पर पहुच घटना की जांच में जुट गए है। सिपाही हेमंत कुमार कृषि भवन में रखे इवीएम मशीन की सुरक्षा में तैनात था। शनिवार के शाम को 6 बजे हेमंत कुमार ने घटना को अंजाम दिया। जिस रूम में हेमंत कुमार रहता था। उस रूम में दो और सिपाही रहते थे। जिस समय हेमंत कुमार घटना को अंजाम दिया था उस समय रूम में कोई नही था। अप्रैल 2024 में हेमंत कुमार की शादी होनी थी। शादी को लेकर हेमंत कुमार परेशान लग रहा था। घटना स्थल से पुलिस ने एक इंसास राइफल का खोखा बरामद किया है।

# डाक पार्सल लिखी वैन से 10 लाख की शराब जप्त

## पुलिस ने किया पीछा, यूपी के युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर जिले की उत्पाद पुलिस ने पिकअप वैन से भारी मात्रा में शराब पकड़ा। यूपी के युवक को गिरफ्तार कर उसके नेटवर्क को खंगालने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस को चकमा देने के लिए वाहन पर डाक पार्सल लिखा गया था। हालांकि संदेह के आधार पर पीछा करते हुए आद्यौगिक थाना क्षेत्र के अहिरौली के समीप से पकड़ लिया गया। जिसकी तलाशी लेने पर डाक पार्सल लिखी वाहन के अंदर अंग्रेजी शराब की पेटियां भरा हुई मिली। जिसके बाद पुलिस आगे की कार्रवाई में लगी है।



**छोटे-बड़े वाहनों की लगातार जांच की जा रही**: उत्पाद अधीक्षक दिलीप पाठक ने बताया कि यूपी से सटे बक्सर जिला के सभी सीमा पर चेक पोस्ट बनाकर लगातर यूपी से बिहार में प्रवेश करनी वाले छोटे-बड़े वाहनों की लगातार जांच की जा रही है।बक्सर गंगा सेतु के रास्ते डाक पार्सल लिखी वाहन पार कर गई, लेकिन संदेह के आधार पर उसका पीछा करते हुए अहिरौली के पास पकड़ लिया गया। वाहन में अलग-अलग ब्रांड व मात्रा की 966 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की गई है। पुलिस पकड़े गए तस्करों से पूछताछ कर उनके पूरे नेटवर्क को खंगाल रही है। पकड़ा गया तस्कर यूपी के बलिया जिले के नरही गांव का है। जिसका नाम मो. इरफान खान है। शराब की कीमत लगभग 10 लाख से ऊपर आकी जा रही है।

## पार्ट थ्री के छात्रों ने परीक्षा फार्म भरने के लिए वीकेएसयू में किया प्रदर्शन



निज संवाददाता। आरा

वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय परिसर में स्नातक पार्ट थ्री सत्र, 2021-24 के छात्रों ने प्रदर्शन किया। ये छात्र-छात्राएं परीक्षा फार्म भरने की तिथि बढ़ाने की मांग कर रहे थे। उनका कहना था कि होली की छुट्टी में फॉर्म भरने की अंतिम तारीख रखी गयी, जिस वजह से फॉर्म नहीं भरा जा सका। परीक्षा फार्म भरने के लिए एक दिन का अतिरिक्त समय दिया जाए।

इधर, परिसर में छात्र-छात्राओं के प्रदर्शन की सुध लेने वाले कोई अधिकारी भी नहीं थे। होली की छुट्टी के बाद आज पहले दिन विश्वविद्यालय परिसर सुनसान बना रहा। हालांकि कुलपति डॉ शैलेंद्र कुमार चतुर्वेदी के संज्ञान में मामला आने के बाद उन्होंने परीक्षा नियंत्रक डॉ अनवर इमाम को फार्म भरने के लिए एक दिन का अतिरिक्त समय देने का निर्देश दिया। कुलपति के हस्तक्षेप के बाद एक दिन के लिए परीक्षा फार्म भरने के लिए पोर्टल खोल दिया गया है।

गौरतलब हो कि 5 अप्रैल से वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय अंतर्गत कॉलेजों में स्नातक पार्ट थ्री सत्र, 2021-24 की परीक्षा शुरू होनी है। यह परीक्षा दो पालियों में 20 अप्रैल तक होगा। परीक्षा में 80 हजार के करीब विद्यार्थी शामिल होंगे।

## महावीरी पूजा को लेकर टाउन थाने में शांति समिति की बैठक

निज संवाददाता। बक्सर

होली पर्व के बाद शहर में निकलने वाले महावीरी जुलूस लेकर टाउन थाना परिसर में शांति-समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान शांतिपूर्ण तरीके से जुलूस निकालने की अपील की गई। महावीरी पूजा को लेकर वरीय अधिकारियों के निर्देश पर टाउन थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान टाउन थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने महावीरी जुलूस शांतिपूर्वक और तय रास्ते से निकालने की अपील किया। उन्होंने कहा कि हुड़दंग करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। महावीरी जुलूस को लेकर जगह-जगह पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। किसी प्रकार की सूचना तत्काल पुलिस को देना चाहिए। बैठक के दौरान बीडीओ रोहित कुमार मिश्रा ने बताया कि महावीरी जुलूस के दौरान कुछ लोग सड़कों पर हुड़दंग करने से बाज नहीं आते ऐसे लोगों के खिलाफ



तत्काल कार्रवाई की जाएगी। किसी भी प्रकार की गलत गतिविधि दिखने पर तत्काल पुलिस को सूचना देने की अपील की गई। डीजे बजाने को लेकर भी निर्देश दिया गया है। इस दौरान विभिन्न आखाड़ा समिति के सदस्यों ने भी अपनी बातों को रखा। मौके पर शहर के विभिन्न वार्डो के पार्षद और उनके प्रतिनिधि और शहर के गणमान्य लोग मौजूद थे।

## चमकी बुखार को लेकर स्वास्थ्य विभाग सर्तक

निज संवाददाता। बक्सर

जिले में चमकी बुखार यानी एक्यूट इंसेफेलाइटिस सिंड्रोम (एईएस) को लेकर स्वास्थ्य विभाग सतर्क है। इस क्रम में जिले में एईएस को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। एईएस प्रबंधन को लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से लेकर सदर अस्पताल में दवाओं की उपलब्धता तथा इलाज के लिए जरूरी उपकरण भी पहुंचाए जा रहे हैं। इसके लिए सिविल सर्जन ने सभी पीएचसी को निर्धारित दवाओं की उपलब्धता को देखते हुए जरूरी दवाओं की मांग करने का निर्देश जारी किया है। साथ ही, जिले के स्वास्थ्य कर्मियों का क्षमता वर्धन किया जा चुका है। ताकि, आपातकालीन स्थिति में वो बेहतर कार्य कर सकें। सिविल सर्जन डॉ. सुरेश चंद्र सिन्हा ने बताया कि एईएस मुख्य रूप से बच्चों की बीमारी है। हालांकि एईएस का प्रभाव जिले में नहीं देखा गया, लेकिन बीते दिनों जिले में एक जेई (जापानी बुखार) के मामले की



पुष्टि हुई है। जिसे लेकर स्वास्थ्य विभाग कोई भी कमी नहीं छोड़ना चाहता है। चमकी आने की स्थिति में मरीज को करवट या पेट के बल लेटने के साथ ही शरीर के कपड़े को ढीला कर देना चाहिए। साथ ही मरीज के मुंह में कुछ भी नहीं डालें। स्वास्थ्य विभाग एईएस और जेई के प्रति पूरी तरह से अलर्ट है। ताकि किसी भी तरह की कोई अप्रिय घटना नहीं हो, इसके लिए प्रशासन हर संभव प्रयास कर रहा है। लक्षण दिखे तो तुरंत करायें उपचार वेक्टर जनित रोग सलाहकार अधिकारी पंकज कुमार ने बताया कि एईएस और जेई बीमारी में नए एसओपी के अनुसार ही लक्षण आधारित उपचार करने की आवश्यकता है।

विशेष रूप से यह भी कहा गया कि अगर किसी बच्चे में चमकी बुखार से संबंधित लक्षण दिखे तो उसका उपचार तुरंत कराया जाना चाहिए। किसी भी परिस्थिति में बिना उपचार के कोई बच्चा रेफर न हो, विशेष रूप से इसका पालन होना चाहिए। हालांकि विकट परिस्थितियों में ही सदर अस्पताल या अन्य किसी अस्पतालों में सुविधापूर्ण एंबुलेंस के साथ ही भेजा जाए। वहीं आशा कार्यकर्ताओं द्वारा एईएस से संबंधित जागरुकता अभियान चलाया जाएगा। क्योंकि एईएस को लेकर आशा कार्यकर्ताओं सहित ग्रामीण स्तर पर कार्य करने वाले स्वास्थ्य कार्यकर्ता की भूमिका काफी महत्वपूर्ण मानी जाती है।

## पांचवीं व आठवीं के बच्चों के वार्षिक परीक्षाफल प्रकाशित

निज संवाददाता। कोईलवर

बिहार सरकार, शिक्षा विभाग द्वारा जारी शिड्यूल के आलोक में प्राथमिक, मध्य एवं माध्यमिक विद्यालयों में वार्षिक परीक्षा/मूल्यांकन-20 024 के परीक्षाफल प्रकाशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विदित हो कि 18 मार्च से शुरु होकर 29 मार्च को वार्षिक मूल्यांकन कार्य समाप्त हुआ। तत्पश्चात, कक्षा पांचवीं एवं आठवीं के वार्षिक मूल्यांकन से संबंधित प्रश्न सह उत्तर पुस्तिका जांच की व्यवस्था के तहत बगल के विद्यालयों से टैग किया गया था। कोईलवर प्रखण्ड के सभी प्राथमिक, मध्य विद्यालयों में कक्षा पांचवीं एवं आठवीं कक्षा तथा माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा नवीं व ग्यारहवीं कक्षा के उत्तीर्ण छात्राओं का रिजल्ट जारी किया गया। इस अवसर पर अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन प्रखण्ड के सभी 21 हाई स्कूलों सहित 128 प्रारंभिक विद्यालयों में भी किया गया। शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार वार्षिक मूल्यांकन के उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं की उत्तर पुस्तिकाओं को अभिभावकों के बीच शेयर किया गया ताकि अपने बच्चों की




उपलब्धि को वे भी जान सकें। इसी क्रम में मध्य सह उच्च माध्यमिक विद्यालय चंदा काजीचक में प्रधानाध्यापक डा दयाशंकर की उपस्थिति में अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन कर विद्यालय के सफल विद्यार्थियों को प्रगति पत्रक वितरण किया गया। उन्होंने अभिभावकों से अनुरोध करते हुए कहा कि आप अपने बच्चों को स्कूल भेजिये। हम सभी शिक्षक ईमानदारी पूर्वक गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देने का कार्य करेंगे। कई अभिभावकों ने भी अपने विचारों को रखा।

## 21 बच्चों को आर्या एकेडमी ने किया पुरस्कृत

निज संवाददाता। बक्सर

वर्तमान समय में शिक्षा एक कारोबार बन चुका है। लेकिन, कम खर्च में छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण प्रदान करने का सराहनीय कार्य आर्या एकेडमी की ओर से किया जा रहा है। उक्त बातें समाजसेवी अनिल कुमार त्रिवेदी ने शनिवार को आर्या एकेडमी के 28वें वार्षिकोत्सव सह पुरस्कार वितरण समारोह में कही। उन्होंने कहा कि महर्षि दयानंद सरस्वती के वैदिक शिक्षा नीति का प्रचार-प्रसार ही देश, समाज और छात्रों का जीवन आलोकित करने में सक्षम है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या नीलम भारवि व संचालन स्वस्ति सौम्या ने किया। विद्यालय के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में इक्कीस




मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रतीक चिन्ह देकर पुरस्कृत किया गया। मौके पर साहित्यकार डॉ. अरुण मोहन भारवि तथा शिव बहादुर पांडेय प्रीतम ने कहा कि परीक्षा में परीक्षार्थी का प्रथम श्रेणी नहीं ला पाना इस बात का संकेत है कि सफलता के लिए किये गये प्रयास में कुछ चूक रह गई है। मौके पर विद्यालय के ट्रस्टी आदित्य वर्द्धनम, रामनारायण प्रसाद, मन्नू प्रसाद, श्वेता जायसवाल ने भी शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य की सराहना की।

### 1 अप्रैल को काला दिवस मनाने का लिया निर्णय

**बक्सर**। व्यवहार न्यायालय के कर्मचारियों ने अपने पुनरीक्षित वेतनमान, कालबद्ध प्रोन्नति, अनुकंपा नियुक्ति एवं शेट्टी आयोग की अनुशंसाओं को लागू करने में हो रहे बिलंब को लेकर आगामी 1 अप्रैल को काला पट्टी लगाकर कार्यसंपादित करने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही 1 अप्रैल को काला दिवस मनाने का निर्णय लिया है। बिहार राज्य व्यवहार न्यायालय कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश्वर तिवारी ने कहा कि अधीनस्थ न्यायालय के कर्मचारियों के वेतनमान सुधार करने के लिए शेट्टी आयोग ने 1 अप्रैल 2003 के प्रभाव से कर्मचारियों को नया वेतनमान एवं प्रोन्नति का प्रस्ताव दिया था लेकिन 21 साल बीत जाने के बाद भी राज्य के अधीनस्थ अदालतों के न्यायिक कर्मियों को वेतन पुनरीक्षण व प्रोन्नति नहीं दी जा सकी है। श्री तिवारी ने बताया कि आज स्थिति है कि न्यायालय में एक कर्मचारी को चार से पांच वरीय पदों का प्रभारी बनाया गया है। ससमय कार्य संपादित होने से कर्मचारियों को न्याय प्रशासन से प्रताड़ित होना पड़ता है।

## धैर्य व संकल्प से आदमी बनता है महान : आनन्द

निज संवाददाता। बक्सर

सदर प्रखंड चुरामनपुर में स्थित ट्रिनिटी कॉन्वेंट स्कूल में कॉन्वोकेशन डे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व आईपीएस आनंद मिश्रा, महर्षि विश्वामित्र कॉलेज के पूर्व उप प्राचार्य डॉ श्याम जी मिश्रा, विद्यालय प्रबंधक धीरज पांडेय, बक्सर कांग्रेस अध्यक्ष मनोज पांडेय तथा मानव अधिकार रक्षक संस्था की संस्थापिका रीता सिन्हा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आनन्द मिश्रा ने बच्चों से कहा कि विषम से विषम परिस्थिति में खुद को असहज कर सफलता प्राप्त की जा सकती है। धैर्य और संकल्प से आदमी महान बनता है। उन्होंने विद्यालय के बच्चो के द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम की जमकर सराहना करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले बच्चो के पठन पाठन के लिए विद्यालय परिवार को साधुवाद दिया। मिश्रा ने उक्त अवसर पर बिहार और बिहार के शिक्षा प्रणाली और बिहार के सिस्टम पर भी अपनी बातें रखी। इस अवसर पर सीनियर केजी के बच्चो



का कॉन्वेकाशन डे मनाया गया। नर्सरी, लोवर केजी तथा अपर केजी को पार कर ये बच्चे अब वर्ग 1 में पहुंच गए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय प्रबन्धक ने बच्चों के वार्षिक परीक्षा परिणाम की भी घोषणा की। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि ये मार्कशीट एक कागज के टुकड़े की तरह है, इससे बच्चो की योग्यता और स्किल को मापना गलत होगा। उक्त अवसर पर बच्चो ने कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित अभिभावकों का मन मोहा। विद्यालय परिवार के तरफ से बेस्ट पेरेंट्स अवार्ड, स्टूडेंट ऑफ द ईयर, बेस्ट टीचर्स अवार्ड, बेस्ट स्टाफ अवार्ड, बेस्ट स्टूडेंट्स अवार्ड भी प्रदान किया गया। उक्त अवसर पर मौजूद प्रोफेसर डॉ. श्याम जी मिश्रा ने बच्चों के अनुशासन की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि इतने कम समय मे विद्यालय ने जो उत्कर्ष प्राप्त किया है वो काबिले तारीफ है। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के डीन पंकज पांडेय सर ने किया, तथा धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के उप प्रबन्धक धर्मेंद्र पांडेय ने किया। इस अवसर पर स्नेहा, अर्चना, कामिनी, अंजु, ऋचा, सरिता, शिवानी, शुभम मिश्रा, लवली तिवारी, निशि वर्मा, उमेश सर, धर्मेंद्र यादव,सुरेश तिवारी, मनोज सिन्हा, प्रीति गुप्ता, सोनी वर्मा, पुनीत सिन्हा, परमेश्वर पांडेय, मुन्ना ओझा, अमन, संजय सहित सैकड़ों अभिभावक मौजूद थे।

युवती की नवंबर में होनी थी शादी, मोतिहारी में महायज्ञ में लगा था मेला

# ड्रैगन झूले की बोगी टूटकर गिरने से एक युवती की मौत, एक गंभीर रूप से घायल



निज संवाददाता

**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)**। मोतिहारी में ड्रैगन झूले से गिरकर एक युवती की मौत हो गई, जबकि एक लड़की गंभीर रूप से घायल है। हादसा कल्याणपुर थाना क्षेत्र के खटोलवा गांव में हुआ है। जहां महायज्ञ में मेला लगा है। इस मेले में दोनों लड़कियां ड्रैगन झूले में बैठी थी। झूला स्पीड में था, तभी उसकी एक बोगी टूट गई, जिससे ये हादसा हुआ। मृतका की पहचान गणवंद्री गांव के अजय सिंह की बेटी प्रिया कुमारी (19) के तौर पर हुई है। नवंबर में उसकी शादी होने वाली थी। घर में खुशी का माहौल था, जो मातम में बदल गया। वहीं, उसके साथ उसी बोगी में बैठी भोला सिंह की बेटी रूबी कुमारी (18) गंभीर रूप से घायल हो गई। इधर, सूचना मिलने के बाद मौके पर चकिया एसडीपीओ सतेंद्र सिंह पहुंचे और मामले की जांच में जुटे हैं। कल्याणपुर थाना क्षेत्र के खटोलवा गांव में महायज्ञ लगा है, जहां लोगों के मनोरंजन के लिए झूला लगाया गया है। प्रिया कुमारी भी अपनी सहेलियों के साथ मेला घूमने गई थी। जैसे ही ड्रैगन झूले ने अपनी रफ्तार पकड़ी तभी एक बोगी टूट कर गिर गया। इस दौरान प्रिया के सिर में गंभीर चोट आई, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं, उसके साथ उसी बोगी में बैठी भोला सिंह की बेटी रूबी कुमारी गंभीर रूप से घायल हो गई। आनन-फानन में घायल युवती को इलाज के लिए निजी डॉक्टर के यहां भर्ती कराया गया है। उसकी हालत नाजुक बताई जा रही। घायल रूबी बोली कि हम लोग झूले में बैठे थे। दूसरे या तीसरे राउंड में हादसा हुआ है। बोगी लगभग फुल हो चुका था। गिरे थे लेकिन कुछ याद नहीं है।

मेरे साथ बगल की दूसरी लड़की थी। उधर, जैसे ही झूला टूटा और युवती की मौत हुई, झूला वाला वहां से फरार हो गया। घटना के बाद लोगों की भीड़ जुट गई। प्रिया की शादी इसी साल नवंबर में होनी थी। घर में शादी की तैयारी चल रही थी। वह शनिवार की रात मेला देखने सहेलियों के साथ गई थी तभी हादसे में उसकी जान चली गई। प्रिया के परिजनों का कहना है कि उसके पिता ओडिशा में रहते हैं। वहां से आने के बाद निर्णय लेंगे कि शव का पोस्टमॉर्टम कराना है या नहीं कराना है। घर में मां का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जा रहा कि मेला लगाने के लिए मेला समिति के लोगों ने चकिया एसडीओ से परमिशन ली थी। दो दिन पहले ही मेले की शुरुआत हुई थी और हादसा हो गया। कल्याणपुर थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने बताया कि दो दिन से मेला लगा हुआ था, मेरे पास आया तो हम बोल दिए कि धारा 144 लागू है। एसडीओ से परमिशन लेकर लगाइए, एसडीओ ने परमिशन दी थी तब मेला लगा। एसडीपीओ सतेंद्र सिंह ने कहा कि मेले में हादसा हुआ है। झूले की एक बोगी टूटकर नीचे गिर गई। एक बच्ची प्रिया की मौत हो गई जबकि दूसरी जख्मी है। दो अन्य लोगों के भी जख्मी होने की खबर मिली है लेकिन पता नहीं चल पाया है। आयोजक और संचालक की लापरवाही है। बाकी जांच की जा रही है।

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत, एक घायल

निज संवाददाता

**सीतामढ़ी**। सीतामढ़ी में बीए की परीक्षा देकर लौट रही छात्रा और उसके पिता को ट्रक ने रौंद दिया। जिसमें बीए की छात्रा की मौत हो गई। घटना जिले के सुरसंड थाना क्षेत्र के SH-87 सुरसंड-पुपरी पथ के बीररख गांव स्थित चाय दुकान के समीप की है। जहां अपने पिता के साथ परीक्षा देकर अपने लौट रही एक 22 वर्षीय छात्रा की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं, उसके पिता को गंभीर स्थिति में इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतका की पहचान सुरसंड थाना क्षेत्र के बीररख वार्ड 4 निवासी हरीकिशोर शाह की 22 वर्षीय पुत्री निभा कुमारी के रूप में की गई है। जख्मी हरीकिशोर शाह अपनी पुत्री को लेकर दरभंगा से लौट रहे थे। बताया गया कि मिथिला यूनिवर्सिटी दरभंगा मे बीए का एग्जाम चल रहा था। शनिवार को परीक्षा समाप्त होने के बाद आज घर लौट रहे थे। पुपरी के रास्ते अपने घर सुरसंड की ओर जा रहे थे। तभी गांव से कुछ दूर पहले ही 2 अनियंत्रित ट्रक के चपेट में आ गए। दोनों ट्रक तेजी में ओवर टेक कर रहे थे। इसी दौरान दोनों का बेलेंस बिगड़ा और रौंद दिया। घटनास्थल पर ही बेटी की मौत हो गई। दोनों ट्रक चालक गाड़ी लेकर फरार हो रहे थे। इस दौरान आक्रोशित ग्रामीणों ने एक ट्रक चालक को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया है।

बेतिया पुलिस और एसएसबी की टीम ने संयुक्त रूप से की कार्रवाई

## दो करोड़ के चरस के साथ उप मुखिया गिरफ्तार

निज संवाददाता



**बेतिया (पश्चिमी चम्पारण)**। बेतिया में इंडो-नेपाल के बॉर्डर के पास से पुलिस और एसएसबी ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए दो करोड़ के चरस के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर कि पहचान मैनाटाड़ प्रखंड के टोला चपरिया पंचायत के उप मुखिया विनोद कुमार के रूप की गई है। पुलिस उसके अन्य सिंडिकेट की तलाश में जुटी हुई है। नरकटियागंज एसडीपीओ जयप्रकाश सिंह ने बताया कि पचरौता एसएसबी के असिस्टेंट कमांडेंट अतुल तिवारी और भंगहा थानाध्यक्ष राहुल प्रसाद मांझी ने यह कार्रवाई गुप्त सूचना पर की है। उन्होंने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी इंडो नेपाल बॉर्डर स्थिति पिलर संख्या 429 के रास्ते संदिग्ध बाइक सवार नेपाल से मादक पदार्थ लेकर थाना क्षेत्र में प्रवेश करने वाला है। जिसके बाद पुलिस एसएसबी एवं मैनाटाड़ अंचल अधिकारी की संयुक्त टीम टीम बनाकर नाका लगाया गया। इसी दौरान पचरौता की तरफ से एक संदिग्ध बाइक सवार व्यक्ति आता दिखाई दिया।

जिसे पुलिस बल के द्वारा रोका गया तो बाइक सवार भागने लगा।जिसे पुलिस कर्मियों ने खदेड़ कर पकड़ लिया।उन्होंने बताया कि जब उसकी बाइक की जांच की गई तो बाइक में छुपा कर रखा हुआ एक वाटरप्रूफ पैकेट की जांच करने पर चरस मिला। जिसका वजन दस किलो हुआ। उन्होंने बताया कि जब्त चरस की अंतरराष्ट्रीय कीमत दो करोड़ रुपये आंकी गई है। वहीं बाइक और चरस के साथ गिरफ्तार तस्कर मैनाटाड़ थाना क्षेत्र के रमपुरवा गांव का रहने वाला विनोद कुमार है। जो उक्त पंचायत का उप मुखिया है। जिसके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में बेतिया भेज दिया गया है।

## आग लगने से पांच लाख की संपत्ति जलकर राख



**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण) (नि.सं.)**। रक्सौल में शनिवार की रात बिरयानी हाउस में भयंकर आग लगने से 5 लाख से अधिक की संपत्ति जलकर राख हो गई। दुकान में रखा एक सिलेंडर भी ब्लास्ट हो गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि आवाज इतनी जोरदार थी कि आसपास का इलाका दहल गया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। पहले तो लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया गया, लेकिन फायर बिग्रेड की वाहन आने पर काफी देर के बाद उस आग पर काबू पाया गया। मामला शहर के लक्ष्मीपुर का है। बिरयानी हाउस में आग लगने से पहले उसके बगल के एक चाय की दुकान में आग लगी थी, ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि शायद गैस सिलेंडर खुला हुआ था, जिसके कारण आग और भयावह हो गई। उधर, घटना के तुरंत बाद पुलिस भी मौके पर पहुंच चुकी थी। बिरयानी हाउस के संचालक ने बताया कि उसने दुकान के सभी महंगे फर्नीचर नए ही लगाए थे, गल्ला में कुछ नकदी राशि और बैंक खाता के साथ बही-खाता भी था, जो सब कुछ जल कर खाक हो गया है। घटना तकरीबन रात के 11 बजे की है। अग्निशमन की 6 गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया गया।

## मंदिर और घर से तीन लाख की चोरी

निज संवाददाता



**मधुबनी**। मधुबनी के दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में शनिवार की देर रात चोरों ने एक मंदिर सहित घर में करीब तीन लाख रुपए से अधिक की चोरी की घटना को अंजाम दिया है। स्थानीय लोगों ने देखा कि मंदिर के अंदर रखे बक्से का ताला तोड़कर उसके अंदर रख सभी कीमती और कुछ सामान इधर उधर फेक दिया। मंदिर में चोरी की घटना की सूचना तेजी से पूरे इलाके में फैल गई, जिसके बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई। मंदिर में चोरी की घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने थाना को दी। वहीं चोरों ने नगर थाना क्षेत्र के भौआरा गांव स्थित एक घर में चोरों ने घर का ताला तोड़कर घर के अंदर गोदरेज के लॉक को तोड़कर उसमें रखे सभी सामान चोरों ने चोरी कर ली।

बता दें कि घर के गृहस्वामी पश्चिम बंगाल में रहते है, यहां गांव में घर पर कोई नहीं रहते है। ग्रामीणों ने घर में चोरी होने की जानकारी गृहस्वामी को दी। घर में चोरी होने की सूचना ग्रामीणों द्वारा नगर थाना को दी गई। साथ ही घर में चोरी होने के संबंध में थाना को लिखित आवेदन देने की प्रक्रिया की जा रही है। दूसरी चोरी की घटना पंडौल थाना क्षेत्र के ककना गांव स्थित मंदिर में हुई पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई।

## चोरी की बाइक के साथ दो बदमाश गिरफ्तार

**सीतामढ़ी (नि. सं.)**। सीतामढ़ी जिले में वाहन चेकिंग के दौरान दो बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर क्राइम कंट्रोल को लेकर जिले में लगातार वाहन चेकिंग चलाया जा रहा है। इसी दौरान वाहन जांच कर रही पुलिस ने चोरी की बाइक व हथियार के साथ दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए बदमाशों की पहचान सुप्पी थाना क्षेत्र के बसंत खुर्द निवासी प्रशांत कुमार और अमित कुमार के रूप में की गई है। इनके पास से चोरी की बाइक के अलावा 1 कट्टा और दो गोली बरामद हुई है। सदर एसडीपीओ रामकृष्णा ने बताया कि चुनाव के मद्देनजर सुप्पी थानाध्यक्ष विष्णुदेव कुमार अपनी टीम के साथ क्षेत्र में वाहन जांच कर रहे थे।

बीमार पत्नी को ठीक करने के लिए तांत्रिक ने दी थी नसीहत, हत्या कर निकाली थी आंख

## चार आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा

निज संवाददाता



**मुंगेर**। मुंगेर न्यायालय में पॉक्सो एक्ट मामले में चार आरोपियों को आजीवन कारावास (उम्रकैद) की सजा सुनाई गई है। 25-25 हजार का अर्थदंड भी लगाया गया है। इन्होंने 5 अगस्त 2021 में अंधविश्वास में 8 साल की बच्ची की बलि दी थी। उसकी हत्या की और आंख फोड़कर निकाल लिए थे। मुख्य आरोपी दिलीप चौधरी की पत्नी बीमार रहती थी। उसे ठीक करने के लिए तांत्रिक ने बच्ची का अंग और खून लाकर पूजा करने को कहा था। अंधविश्वास में आकर आरोपियों ने बच्ची को मार डाला था। अब इन्हें सजा मिली है। सजा अपर जिला सत्र न्यायधीश प्रदीप कुमार चौधरी ने सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक प्रीतम कुमार वैश्य ने बताया कि नयाराम नगर थाना क्षेत्र के फरदा गांव में अंधविश्वास में आकर चारों ने बच्ची की निर्ममता पूर्वक हत्या कर दी थी और उसकी आंख निकाल ली थी। इस मामले में पॉक्सो एक्ट की विशेष अदालत ने चारों को सुनवाई करते हुए सभी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई और अर्थदंड लगाया। कोर्ट ने दिलीप चौधरी सहित तीन अन्य आरोपियों तांत्रिक परवेज आलम, मुर्गाफार्म मालिक तनवीर आलम व दशरथ मंडल उर्फ दशरथ कुमार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। प्रीतम कुमार वैश्य ने बताया कि मुख्य आरोपी दिलीप चौधरी की पत्नी बीमार रहा करती थी। दिलीप के दोस्त ने पत्नी को बीमारी से मुक्त कराने के लिए उसे खगड़िया के तांत्रिक परवेज आलम से मिलने की सलाह दी। जब दिलीप तांत्रिक परवेज आलम से मिला तो तांत्रिक ने उसे कहा था कि छोटे चढ़ावे से कुछ नहीं होगा। बढ़ा चढ़ावा लगेगा। उसने उसे एक ऐसी बच्ची के अंग व खून लेकर पूजा करने को कहा जिसकी उम्र 13 वर्ष से कम हो। दिलीप चौधरी ने अपने दोस्तों को यह बात बताई। इस पर दिलीप के दोस्तों ने उसे बच्ची मिलने की बात कह बुलाया। इसके बाद सभी ने मिलकर बच्ची को तनवीर आलम के मुर्गी फार्म में बंद कर दिया और देर रात सभी ने मिलकर गला दबाकर बच्ची की हत्या कर दी। इसके बाद उसका आंख निकाल लिया और तांत्रिक के निर्देशानुसार पूजा की। पुलिस ने दूसरे दिन बच्ची की लाश घटना स्थल से बरामद की और दिलीप चौधरी के घर से खून से सना थैला, पूजन सामग्री भी बरामद की।

आपराधिक घटना को देने वाले थे अंजाम, छापेमारी के दौरान भाग गए अन्य अपराधी

## पुलिस ने हथियार-कारतूस के साथ तीन आरोपी को किया गिरफ्तार



निज संवाददाता

**सहरसा**। सहरसा पुलिस ने आज शनिवार को सदर थाने क्षेत्र के बनगांव रोड स्थित जय गोंसाई इंटर प्राइजेज के आगे गुप्त सूचना के आधार पर तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। तीनों अपराधियों के पास से पुलिस ने देसी कट्टा 2, जिंदा कारतूस, 2 खोखा, 3 मोबाइल बरामद किया। साइबर डीएसपी अजित कुमार ने जानकारी दी। साइबर डीएसपी अजीत कुमार ने बताया कि फरार अपराधी सुमन साह उर्फ सुमन बजरंगी के विषय में पुलिस को एक गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि बजरंगी अपने अन्य गुर्गे के साथ बनगांव रोड अन्तर्गत जय गोसाई इंटरप्राइजेज से आगे सड़क किनारे हथियार से लैस होकर बैठा है। बजरंगी अपने गुर्गे के साथ किसी आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वाला है। उस जगह पर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान उक्त स्थल से तीन अपराधी सुमन साह उर्फ सुमन बजरंगी, नीतीश कुमार और प्रशान्त कुमार को गिरफ्तार किया गया। जबकि कुछ अपराधी भाग गए। कुख्यात अपराधी सुमन साह उर्फ सुमन बजरंगी और नीतीश कुमार का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है। सुमन बजरंगी पिता शंकर साह सदर थाना के कहरा का रहने वाला है और इनके ऊपर हत्या, लूट सहित कई संगीन मामले का कांड विभिन्न थानों में दर्ज है। जबकि नीतीश कुमार के ऊपर महिषी थाना के जलई ओपी और प्रशांत कुमार के ऊपर सदर थाना में कांड दर्ज है।

## तीन चोर गिरफ्तार, सात एटीएम चोरी के केस सॉल्व

निज संवाददाता

**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)**। मोतिहारी में पुलिस ने एटीएम चोर गिरोह का खुलासा किया है। तुरकौलिया और मुफस्सिल थाना क्षेत्र में ATM मशीन काट कर 13 लाख 79 हजार एक सौ राशि की चोरी मामले खुलासा किया है। इस चोरी में शामिल तीन चोर को यूपी और हरियाणा से गिरफ्तार किया गया है। एसपी कांतेश मिश्रा ने बताया कि नौ मार्च की रात चोरों ने तुरकौलिया थाना क्षेत्र के सेमरा चौक पर लगे ATM को काटकर दस लाख बीस हजार सात सौ रुपये और मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत बनकट रोड D.A.V. स्कूल के पास लगे ATM को काटकर तीन लाख अठावन हजार चार सौ रुपए की चोरी की घटना को अज्ञात चोरों ने अंजाम दिया था। एसपी ने एसडीपीओ सदर-1 के नेतृत्व में एक SIT का गठन किया गया।

गठित SIT ने तकनीकी और वैज्ञानिक अनुसंधान में तीन अप्राथमिकी अभियुक्तों को एक नया स्विफ्ट कार सहित गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ के क्रम में पकड़ाए अपराधियों द्वारा चोरी की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की गई है। बरामद कार के संबंध में पूछताछ करने पर पकड़ाए अपराधियों द्वारा बताया गया कि चोरी के पैसे से कार खरीदी है। पकड़े गए चोरों में यूपी के बाराबंकी जिला के जैदपुर निवासी स्वतंत्र प्रताप सिंह, हरियाणा का साबिर और सफी शामिल हैं। उनके पास से नया स्विफ्ट कार, ऑक्सीजन सिलेंडर, LPG सिलेंडर, गैस कटर मशीन पाइप सहित, फास्ट टैग में प्रयुक्त मोबाईल बरामद हुआ है। मुफस्सिल थाना मोतिहारी कांड सं0-783/23 (ATM कटिंग कांड), मुफ्फसिल थाना मोतिहारी कांड सं0-119/24 (ATM कटिंग कांड), तुरकौलिया थाना कांड सं0-160/24 (ATM कटिंग कांड), छपरा जिला एवं गोपालगंज जिला अंतर्गत ATM कटिंग के कई अन्य कांड का खुलासा हुआ है।

गहने, बर्तन, कपड़ा के अलावा जमीन के कागज, पासपोर्ट और डेढ़ लाख रुपए की चोरी

## चोरों ने घर में घुसकर किया नौ लाख की चोरी

निज संवाददाता



**गोपालगंज**। गोपालगंज के मांझागढ़ थाना क्षेत्र के देवापुर शहाबुद्दीन टोला गांव में चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। इस दौरान चोरों ने घर में घुस कर अलमारी समेत विभिन्न जगह रखे गए लाखों रुपये के गहने, बर्तन, कपड़ा के अलावा जमीन के कागज पासपोर्ट और डेढ़ लाख रुपए की चोरी की गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। बताया जाता है कि मांझागढ़ थाना क्षेत्र के देवापुर शहाबुद्दीन टोला गांव निवासी कन्हैया साह अपने पूरे परिवार के साथ सूरत गुजरात में रहकर प्राइवेट काम करता है।

इसी बीच 25 मार्च की रात अज्ञात चोरों ने उसके घर के गेट पर लगे ताला तोड़ कर घर में प्रवेश किया। मांझागढ़ थाना क्षेत्र के शहाबुद्दीन टोला निवासी कन्हैया साह के बेटा शैलेश कुमार ने बताया कि पिछले एक माह हम लोग अपने परिवार पूरे परिवार के साथ गुजरात चले गए थे। इसी बीच 25 मार्च 2024 को रात्रि में कुछ चोरों द्वारा घर के कुंडी तोड़ कर घर में प्रवेश किया और अलमारी से 1,55,000 कैश मेरी पत्नी और मां के सोने और चांदी का आभूषण जिसकी कीमत लगभग 70,0000 सात लाख रुपया, अन्य कीमती सामान पीतल के बर्तन, कीमत लगभग 50,000, कीमती कपड़ा जिसका कीमत करीब 25,000 के अलावा मेरा पासपोर्ट, घर और जमीन के कागजात की चोरी कर ली है। चोरी की जानकारी गांव के लोगों द्वारा फोन करके दी गई। फोन पर स्थानीय थाना को सूचना दी गई। 30 मार्च 2024 को घर आया जिसके बाद आज लिखित आवेदन थाना को दिया है। आवेदन में उन्होंने कहा कि उपरोक्त चोरी तथा जमीन के दस्तावेज का भी चोरी होना यह संदेश उत्पन्न करता है। साथ ही उन्होंने गांव के ही पांच लोगो को नामजद आरोपी बनाते हुए लिखित आवेदन दिया है। इस संदर्भ में मांझागढ़ थानाध्यक्ष संग्राम सिंह ने बताया कि आवेदन प्राप्त 5 हुआ है मामले की जांच की जा रही है। जो भी संलिप्त होंगे उनको बख्सा नहीं जाएगा

## हैंडबॉल मैन प्रतियोगिता का आयोजन 11 राज्यों की 31 टीमें होंगी शामिल

निज संवाददाता



**दरभंगा**। ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय में पहली बार ईस्ट जोन हैंडबॉल मैन प्रतियोगिता का आयोजन छह अप्रैल से नौ अप्रैल के बीच किया जाएगा। हैंडबॉल मैन प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर मिथिला विश्वविद्यालय में तैयारी जोर-शोर से चल रही है। ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय परिसर स्थित डॉ. नगेंद्र झा स्टेडियम में तीन हैंडबॉल कोर्टों का निर्माण किया जा रहा है। वही इस कोर्टों का निर्माण बाहर से आए तकनीकी सहायक के द्वारा कराया जारहा है जो कोर्टों के निर्माण कार्य में दिन-रात एक किए हुए हैं। इन कोर्टों पर स्टेट लेवल की रेफरियों की निगरानी में मैच खेला जाएगा। ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय में पहली बार ईस्ट जोन हैंडबॉल मैन प्रतियोगिता का आयोजन होने से विश्वविद्यालय परिसर में चहल-पहल बढ़ गई है। इस प्रतियोगिता में 11 राज्यों के 31 टीमें भाग लेंगी। स्टेट लेवल की रेफरियों की निगरानी में नॉकआउट मुकाबले खेले जाने के बाद क्वार्टर फाइनल टीमों का चयन होगा। वहीं, मिथिला विश्वविद्यालय के खेल पदाधिकारी डॉ. अजय नाथ झा ने बताया कि मिथिला विश्वविद्यालय परिवार के लिए यह बहुत ही गर्व की बात है कि मिथिला विश्वविद्यालय को ईस्ट जोन हैंडबॉल मैन प्रतियोगिता का आयोजन पहली बार करने का अवसर प्राप्त हुआ है। इससे पहले भी कई खेलों का ईस्ट जोन के स्तर पर विश्वविद्यालय आयोजन कर चुका है।

## पानी बहाने को लेकर मारपीट, एक ही परिवार के तीन लोग घायल



निज संवाददाता

**समस्तीपुर**। समस्तीपुर जिले के ताजपुर थाने के चकपहाड़ गांव पश्चिमी टोल में शनिवार देर शाम पानी बहाने के विवाद को लेकर दो गुटों के बीच हुई हिंसक झड़प में एक ही परिवार के तीन लोग घायल हो गए। सभी घायलों को ग्रामीणों के सहयोग रात सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जख्मी लोगों में शांति देवी, शोभा देवी और वीणा कुमारी शामिल है। जख्मी लोगों में शांति देवी की स्थिति गंभीर बनी हुई है। जिसे गंभीर स्थिति में पीएमसीएच रेफर कर दिया गया है। घटना के संबंध में जख्मी शांति देवी का बेटा चंदन कुमार ने बताया कि उनके पड़ोसी विनोद शर्मा से जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है। मामला कोर्ट में लंबित है। इसी दौरान शनिवार शाम विनोद शर्मा और उनके लोग आकर उनकी जमीन की ओर नाला खोलने लगे। जब उनकी मां नाला खोलने से मना करने पहुंची तो विनोद, शत्रुधन, संजीत, सतीश आदि लोगों ने इन लोगों पर लाठी ठंडा के साथ ही पत्थर आदि से वार कर सभी लोगों को जख्मी कर दिया। हल्ला होने पर आसपास के लोगों की भीड़ जुटी तो लोगों ने मामला शांत कराया। ग्रामीणों के सहयोग से सभी को उपचार के लिए ताजपुर रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से सभी को सदर अस्पताल भेजा गया। इस बीच सदर अस्पताल प्रशासन ने मामले की जानकारी नगर पुलिस को दी है। जख्मी का बयान नगर पुलिस द्वारा लिया गया है। नगर थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार ने बताया कि मामला ताजपुर थाना क्षेत्र है। पीड़ित का बयान लेकर ताजपुर थाने को भेजा जाएगा।

## अपराधियों ने एक युवक को मारी गोली, हालत गंभीर

निज संवाददाता



**पटना**। दानापुर के इमलीतल में आपसी रंजिश में अपराधियों ने दिनदहाड़े एक व्यक्ति को गोली मार दी। गोली की आवाज सुनकर मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती कराया। हालत गंभीर बनी हुई है। घायल की पहचान माधोपुर निवासी विनोद राय के तौर पर हुई है। जिनका विशाल रथ नामक प्रतिष्ठान है। पीड़ित ने बताया कि दोपहर के समय खाना खाकर वो अपनी दुकान पर सोए हुए थे। इस दौरान इमलीतल के ही रहने वाले राहुल कुमार वहां पहुंचा और गोली चला दी। एक गोली मेरी बांह में लगी। दूसरा वो लोड कर रहा था। इस बीच गोली की आवाज सुनकर मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। जिसके बाद वो भाग गया।उन्होंने बताया कि राहुल ने पहले भी मेरी बेटी के साथ छेड़खानी की थी।

## संक्षिप्त समाचार

### रात में घर से अकेले न निकलें बाहर, पार्क में छिपकर बैठा है खूंखार तेंदुआ, अलर्ट जारी

**जमशेदपुर, एजेंसी।** कदमा स्थित डायवर्सिटी पार्क में तेंदुआ देखे जाने के बाद वन विभाग में हड़कंप मच गया है। वन विभाग एवं टाटा जू के अधिकारी मौके पर मुस्तैद है। लोगों को आगाह करते हुए जमशेदपुर के वन प्रमंडल पदाधिकारी ममता प्रियदर्शी ने आम जनता से सावधान और सतर्क रहने की अपील की है। डीएफओ ने कहा कि भटके हुए तेंदुए के रेस्क्यू में वन विभाग की टीम को सहयोग करें। उन्होंने बताया कि 29 मार्च को कदमा स्थित बायोडायवर्सिटी पार्क में एक तेंदुआ देखा गया है, जिसके उपरान्त वन विभाग के द्वारा बचाव अभियान के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। बचाव अभियान के लिए आवश्यक संयत्रों की व्यवस्था की जा चुकी है।

### बोकारो के लिए मौसम विभाग का यलो अलर्ट : मौसम साफ पर हल्के बादल छाए रहेंगे

**बोकारो, एजेंसी।** बोकारो जिला में रविवार 31 मार्च को मौसम साफ है लेकिन दिन में कभी भी कहीं कहीं बादल गर्जन एवं हल्के बरसात की संभावना है। मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी कर रखा है। न्यूनतम तापमान 23 डिग्री एवं अधिकतम तापमान 40 डिग्री तक रहने की संभावना है। हवा 3 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से बह रही है। सूर्योदय सुबह 5:38 में हुआ है जबकि सूर्यास्त शाम को 6:01 में होना है। एयर क्वालिटी इंडक्शन 225 है।वहीं सोमवार 1 अप्रैल से 5 अप्रैल शुक्रवार तक मौसम साफ व शुष्क रहने की संभावना मौसम विभाग के द्वारा बताई गई है। अर्थात बादल या बारिश की कोई संभावना नहीं है। धूप खिली हुई रहेगी, न्यूनतम तापमान की बात करें तो 1 अप्रैल को न्यूनतम 23 डिग्री एवं अधिकतम 39 डिग्री सेल्सियस तापमान बढ़ने की संभावना है।

### रांची एयरपोर्ट में खान-पान की व्यवस्था से असंतुष्ट हैं यात्री, छठे पायदान पर पहुंचा

**रांची, एजेंसी।** देश के 42 एयरपोर्ट पर ग्राहक संतुष्टि सर्वे रिपोर्ट के रिजल्ट में देश का नंबर वन रहने वाला रांची एयरपोर्ट इस बार छठे पायदान पर फिसल गया। बिहार के दरभंगा एयरपोर्ट से भी रांची एयरपोर्ट पिछड़ गया है। यात्रियों को रांची एयरपोर्ट से बेहतर सुविधा दरभंगा एयरपोर्ट पर मिली है। यह सर्वे रिपोर्ट जुलाई-2023 से दिसंबर तक की जारी की गई है। एयरपोर्ट ऑथोरिटी ऑफ इंडिया ने सर्वे रिपोर्ट जारी की है। इस रिपोर्ट के अनुसार पहले नंबर पर भोपाल एयरपोर्ट रहा। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट, रांची की व्यवस्था से यात्री असंतुष्ट हैं।एयरपोर्ट के इंट्री प्वाइंट से लेकर विमान में बैठने तक की व्यवस्था पर यात्रियों ने सवाल उठा दिए हैं। खासकर एयरपोर्ट पर पार्किंग की व्यवस्था से यात्री सबसे ज्यादा परेशान हैं। वहीं एयरपोर्ट पर सुरक्षा कर्मियों का व्यवहार भी खराब है। एयरपोर्ट पर खान-पान की व्यवस्था भी ठीक नहीं है, क्योंकि एयरपोर्ट पर रेस्टूरेंट नहीं है। जो खान-पान के छोटे शॉप हैं, वहां यात्रियों को पसंदीदा खान-पान के सामान भी नहीं मिल रहे हैं।जम्मू, देहरादून व गोरखपुर एयरपोर्ट समान नंबर संग दूसरे पायदान पर जम्मू 4.99 गोरखपुर 4.99 देहरादून 4.99 बेलगाम 4.97 दरभंगा 4.97 मदुरै 4.95 नोट :- एयरपोर्ट की सर्वे रिपोर्ट में जम्मू, गोरखपुर, देहरादून एयरपोर्ट पर भी दूसरे नंबर रहा, जिनकी रैंकिग 4.99 रही। वहीं बेलगाम और दरभंगा एयरपोर्ट तीसरे पायदान पर रहा।

### बीसीसीएल अफसरों के लिए खुशखबरी, अब मिलेगी यह बड़ी सुविधा; 8 साल का इंतजार हुआ खत्म

**धनबाद, एजेंसी।** बीसीसीएल के अधिकारियों के लिए अच्छी खबर है। करीब आठ साल से बंद उनके आवास भत्ते को फिर से शुरू करने को कोयला कंपनी के निदेशक मंडल से सहमति मिल गई है। बीसीसीएल में 1910 अधिकारी को इसका लाभ मिलेगा।14 मार्च की तिथि से अधिकारी स्थापना विभाग की ओर से पत्र जारी कर अधिकारियों से कागजात की मांग गई है। उन्हें 16 प्रतिशत एचआर का लाभ मिलेगा। पत्र में स्पष्ट लिखा गया है कि फंक्शनल डायरेक्टर की बैठक में उन अधिकारियों के एचआरए की मंजूरी दे दी गई है, जिनके घर का स्वामित्व स्वयं के नाम पर, पति या पत्नी और माता-पिता के साथ संयुक्त रूप से हैं। संबंधित अधिकारी को कोल इंडिया एचआरए नियम 2010 के अनुसार आवेदन करना होगा।

# इंडी की दिल्ली रैली में महिलाओं का दम सुनीता केजरीवाल संग दिखीं कल्पना सोरेन



**रांची/दिल्ली, एजेंसी।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) और झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन इंडिया गठबंधन की रैली में शामिल होने के लिए रामलीला मैदान पहुंचीं हैं।

इंडी गठबंधन की महारैली में झारखंड मुक्ति मोर्चा नेता और पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने कहा, यहां उमड़ा जल सैलाब इस बात की गवाही दे रहा है कि लोकतंत्र को खत्म करने के लिए जिस तरीके तानाशाह ताकतों ने अपने कदम बढ़ाएं हैं

इंडी गठबंधन की महारैली में कल्पना सोरेन ने कहा कि यहां उमड़ा जल सैलाब इस बात की गवाही दे रहा है कि लोकतंत्र को खत्म करने के लिए जिस तरीके तानाशाह ताकतों ने अपने कदम बढ़ाएं हैं, उसका अंत करने के लिए यह सभा आज आयोजित हुई है।

उन्होंने कहा कि आज भारत में बाबा साहेब के संविधान से प्राप्त जिनती गारंटियां से उसे एनडीए सरकार द्वारा खत्म किया जा रहा है। इन्होंने हमारे संवैधानिक मूल्यों को तहस-नहस किया है। आपको(जनता) अपने वोट का चुनाव सही रूप से करना होगा।

कल्पना सोरेन ने कहा कि हम अपने देश के लोकतंत्र को बचाने के लिए ऐसा कर रहे हैं। इंडी अलायंस की पार्टियां यहां इकट्ठा हो रही हैं और इसके माध्यम से हम देश के लोगों और आज यहां एकत्र हुए लोगों को बताना चाहते हैं कि आपको अपने लोकतंत्र के लिए लड़ने के लिए आगे आएं।

दरअसल, दिल्ली के रामलीला मैदान में विपक्षी एकता की ताकत दिखाने के लिए रैला का आयोजन किया गया है। इस महारैली में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी मौजूद हैं।

इसके अलावा झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन, अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल, शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे, सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव, आरजेडी नेता तेजस्वी यादव, टीएमसी नेता डेरेक ओ ब्रेयन, लेफ्ट नेता सीताराम येचुरी, एनसीपी (पवार) शरद पवार सहित कई दिग्गज नेता मौजूद हुए। इस रैली में 26 दलों के नेता शामिल हुए।

## झारखंड में सीट बंटवारे को लेकर इंडी में तनाव! कांग्रेस के बाद अब इस पार्टी ने मैदान में उतारे उम्मीदवार



**रांची, एजेंसी।** आइएनडीआइ गठबंधन में सीट शेयरिंग पर फैसला नहीं होने के बावजूद लोकसभा सीटों पर गठबंधन दल की पार्टियां अपना-अपना प्रत्याशी उतारना शुरू कर दी है। भाकपा माले ने झारखंड में कोडरमा लोकसभा सीट पर बगोदर के विधायक विनोद सिंह को उतारा है।

विनोद सिंह पहली बार पार्टी की टिकट से वर्ष 2005 में बगोदर से विधायक बने थे। इसके बाद वर्ष 2009 व 2019 में विधायक बने। इस बार पार्टी ने उन्हें कोडरमा लोकसभा सीट पर प्रत्याशी बनाया है।

इधर, सीट शेयरिंग पर फैसला नहीं होने के बावजूद कांग्रेस ने भी झारखंड की तीन लोकसभा सीटों पर अपने प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर दी है। इनमें खूंटी से कालीचरण मुंडा, लोहरदगा से सुखदेव भगत व हजारीबाग से जयप्रकाश भाई पटेल को कांग्रेस ने अपना उम्मीदवार घोषित कर दिया है।

भाकपा को महागठबंधन में जगह नहीं मिला है। यही वजह है कि पार्टी ने झारखंड की आठ लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा की है। ये सीटें रांची, हजारीबाग, लोहरदगा, चतरा, पलामू, गिरिडीह, दुमका व जमशेदपुर हैं। इनमें लोहरदगा, पलामू, चतरा व दुमका सीट के लिए प्रत्याशियों के चयन का कार्य पूरा हो गया है।

अन्य सीटों के प्रत्याशियों का चयन चल रहा है। एक-दो दिनों के भीतर पार्टी अपने सभी आठ सीटों के प्रत्याशियों के नाम की घोषणा कर देगी।

## धनबाद सीट पर गरमाई सियासत, बीजेपी प्रत्याशी के खिलाफ इस विधायक ने खोल दिया मोर्चा; पलट सकती है बाजी



**धनबाद, एजेंसी।** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी ढुलू महतो के खिलाफ वह धनबाद लोकसभा क्षेत्र से निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे। भाजपा यदि चाहती है कि वह ऐसा नहीं करें तो तत्काल धनबाद में अपना प्रत्याशी बदले।

सरयू राय ने यह बातें शुक्रवार को यहां धैया में अपने समर्थक व मारवाड़ी सम्मेलन के धनबाद जिलाध्यक्ष कृष्णा अग्रवाल के आवास पर पत्रकार वार्ता में कही। उन्होंने विधायक ढुलू महतो के खिलाफ सीधा मोर्चा खोलते हुए कहा कि वह यहां की जनता की रक्षा के लिए चुनाव में उतरने के लिए तैयार हैं।

उन्होंने कहा कि यहां हम आपको याद करा दें कि सरयू राय लंबे समय से धनबाद लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं। इसके लिए वह बराबर धनबाद का दौरा करते रहे हैं। भाजपा से टिकट के दावेदारों में उनका भी नाम शामिल था, लेकिन बाजी ढुलू महतो ने मार ली।

विदित हो कि कृष्णा अग्रवाल ने ढुलू को प्रत्याशी बनाने के विरोध में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को पत्र लिखा था। इसे लेकर ढुलू और कृष्णा अग्रवाल के बीच मोबाइल पर हुई बातचीत का एक ऑडियो गुरुवार को वायरल हुआ था। इसके दूसरे दिन ही सरयू राय धनबाद पहुंच गए थे।सरयू राय ने कहा कि प्रिंस खान ने जब व्यवसाय वर्ग के साथ आम जनता को धमकाने का काम किया तो वह सामने आकर लड़े। आज ईडी व उच्च जांच एजेंसी इस मामले की जांच कर रही है।

वहीं, कृष्णा अग्रवाल ने कहा कि सरयू राय धनबाद से चुनाव लड़ें, उन्हें पूरा समर्थन रहेगा। इसके लिए माहौल भी तैयार हो रहा है। इस मौके पर विजय कुमार झा, उदय सिंह, अरविंद सिंह, कृष्णा अग्रवाल सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## बिगड़ने वाला है झारखंड का मौसम, अगले दो दिनों तक ऐसा रहेगा हाल; इन 8 जिलों में होगी बारिश

**रांची, एजेंसी।** पिछले तीन चार दिनों से राजधानी रांची व आसपास के जिलों में गर्मी से जहां आम जनजीवन का हाल बेहाल है, वहीं मौसम विज्ञान केंद्र रांची ने राहत भरी सूचना दी है।केंद्र के अनुसार अगले दो दिनों के अंदर निकटवर्ती व मध्य हिस्से यानी रांची, रामगढ़, हजारीबाग, गुमला, बोकारो, खूंटी के अलावा दक्षिणी हिस्से यानी पूर्वी व पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा व सरायकेला-खरसावां में कहीं-कहीं मेघगर्जन व वज्रपात के साथ वर्षा होने का पूर्वानुमान है।

इसे लेकर यलो अलर्ट भी जारी किया गया है। इन क्षेत्रों में वर्षा होने के बाद 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक तापमान में गिरावट के संकेत हैं।इसके बाद राजधानी समेत पूरे राज्य में 1 से 5 अप्रैल तक आसमान के साफ रहने और मौसम के शुष्क रहने का अनुमान है। अधिकतम व न्यूनतम तापमान में लगातार बढ़ोत्तरी दर्ज की जा रही है। मार्च महीने में ही लोगों के पसीने छूट रहे हैं।चिलचिलाती धूप ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी हैं। मौसम विज्ञानी अभिषेक आनंद की माने तो दो दिनों तक राजधानी व आसपास के जिलों में 30 से 40 किमी प्रतिघंटे की गति से हवा बहने और आंशिक बादल छाए रहने का पूर्वानुमान है।मौसम विज्ञान केंद्र रांची ने भी अलर्ट जारी करते हुए लोगों से अपील की है कि तेज हवा बहने के दौरान सावधान रहें। सुरक्षित स्थान में शरण लें, बिजली के खंभों से दूर रहें।

साथ ही किसान अपने खेतों में न जाएं एवं मौसम सामान्य होने की प्रतीक्षा करें। बताया कि बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव का असर 31 मार्च को देखने को मिल सकता है। राज्य के अधिकांश जिलों में वर्षा होने की संभावना है।

पिछले 24 घंटे के मौसम की बात करें तो पूरे राज्य का मौसम शुष्क बना रहा। अधिकतम तापमान 40.2 डिग्री डाल्टेनगंज का जबकि न्यूनतम तापमान 20.1 डिग्री लोहरदगा का रिकॉर्ड किया गया।

## जमीन घोटाले में हेमंत सोरेन के खिलाफ 5500 पन्नों की चार्जशीट



**रांची, एजेंसी।** बड़गाई अंचल के बरियातू में हुए 8.46 एकड़ जमीन घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जांच पूरी कर ली है। जांच एजेंसी ने शनिवार को इस मामले में पूर्व सीएम हेमंत सोरेन सहित पांच लोगों के खिलाफ पीएमएलए कोर्ट में 5500 पन्नों की चार्जशीट दाखिल की है। इसमें जमीन की हेराफेरी की पूरी जानकारी दी गई है। चार्जशीट में जिन्हें आरोपी बनाया गया है, उनमें हेमंत सोरेन के अलावा उनके करीबी आर्किटेक्ट बिनोद सिंह, बड़गाई अंचल के तत्कालीन राजस्व उपनिरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, हिलेरियस कच्छप और राजकुमार पाहन शामिल हैं।

ईडी ने सभी आरोपियों पर लगे मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप को सही पाया है। साथ ही उस जमीन को भी कुर्क कर लिया है। चार्जशीट पर अब कोर्ट चार अप्रैल को संज्ञान ले सकता है। इसके बाद आगे की न्यायिक प्रक्रिया शुरू होगी। उसी दिन हेमंत सोरेन और भानु प्रताप की पेशी भी है।जांच एजेंसी ने हेमंत सोरेन को 31 जनवरी को गिरफ्तार किया था। रिमांड पर लेकर पूछताछ करने के बाद उन्हें एक फरवरी को जेल भेज दिया गया था। तब से वह जेल में हैं। नियम के मुताबिक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी के 60 दिन के भीतर चार्जशीट दाखिल करना अनिवार्य है। उनकी गिरफ्तारी के 60वें दिन शनिवार को चार्जशीट दाखिल की गई है।

ईडी ने भानु प्रताप के घर से छापेमारी के दौरान 11 ट्रंक में भरे पंजी-टू समेत अन्य सरकारी दस्तावेज जब्त किए थे। उन्ही दस्तावेजों से इस जमीन की जानकारी मिली। जांच में इसमें हेराफेरी का मामला सामने आया। जांच एजेंसी ने इस मामले में तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सात बार समन जारी किया। लेकिन वे एक बार भी पूछताछ के लिए ईडी कार्यालय नहीं पहुंचे। 31 जनवरी को लंबी पूछताछ के बाद उन्हें सीएम हाउस से गिरफ्तार कर लिया। बिनोद के मोबाइल से मिला था बैंक्वेट हॉल का नक्शा:-ईडी ने बिनोद सिंह से भी पूछताछ की थी। इस दौरान बिनोद और हेमंत के बीच वॉट्सएप चैट मिले थे। बिनोद के मोबाइल से उस जमीन पर बनने वाले बैंक्वेट हॉल का नक्शा भी मिला था। ईडी ने कोर्ट को बताया था कि बिनोद ने 6 अप्रैल 2021 को यह नक्शा बनाया था, जिसे उसने हेमंत को वॉट्सएप पर भेजा था।

# बगोदर विधायक विनोद सिंह कोडरमा से भाकपा माले के टिकट पर लड़ेंगे चुनाव

**रांची, एजेंसी।** भाकपा माले ने कोडरमा लोकसभा सीट से बगोदर विधायक विनोद सिंह को अपना उम्मीदवार बनाया है। पार्टी के राज्य सचिव मनोज भक्त ने शनिवार को इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा कि विनोद सिंह के नाम पर इंडी गठबंधन ने मुहर लगा दी है। महागठबंधन ने वामदलों के लिए राज्य में सिर्फ कोडरमा सीट छोड़ी थी, जिस पर पार्टी ने प्रत्याशी उतारने की घोषणा की। इससे पहले पार्टी यहां से राजकुमार यादव को प्रत्याशी बनाती रही है, लेकिन इस बार विनोद पर दांव खेला है। इस सीट से भाजपा ने अन्नपूर्णा देवी को प्रत्याशी बनाया है। ऐसे में अब यहां अन्नपूर्णा और विनोद सिंह के बीच आमने-सामने का मुकाबला होगा।

विनोद सिंह बगोदर से तीसरी बार विधायक हैं। वर्ष 2005 में पिता महेंद्र सिंह की हत्या के बाद भाकपा माले ने उन्हें बगोदर से उम्मीदवार बनाया था। वे जीतकर विधानसभा पहुंचे। इसके बाद 2009 और 2019 में भी वे विधायक चुने गए। विनोद सिंह बीएचयू से एमए की शिक्षा ली है।

प्रत्याशी घोषित करने के साथ ही पार्टी ने घोषणा पत्र भी जारी कर दिया। इसमें कहा गया है कि पार्टी क्षेत्र के सुदूर इलाकों में रहने वाले लोगों तक शिक्षा की रोशनी फैलाना चाहती है। कोडरमा में शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए स्कूल-कॉलेजों में मुफ्त इंटरनेट की व्यवस्था की जाएगी। कोडरमा में पिछले कई दशकों से मजदूरों, दलितों और पिछड़ों की स्थिति सुधर नहीं रही है। एक दशक से अधिक समय से यहां भाजपा नेतृत्व कर रही है, लेकिन आज भी गरीब पलायन को मजबूर हैं। माले उम्मीदवार जब लोकसभा पहुंचेंगे तो निश्चित रूप से वहां के मूलवासियों की समस्याओं को उठाएंगे। पार्टी इसी संकल्प को लेकर लोगों के बीच जाएंगे।महागठबंधन में सीट शेयरिंग का मामला अब भी अटका हुआ है। महागठबंधन का घटक दल राजद चतरा और पलामू सीट पर दावा कर रहा है, जबकि कांग्रेस पलामू या चतरा में से एक ही सीट देने पर अड़ा है। इस पर अभी सहमति नहीं बन पाई है। इसलिए राजद ने अभी तक उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है। राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय प्रसाद यादव का कहना है कि राजद दो सीटों पर जरूर चुनाव लड़ेगा।

## बियाडा की फैक्ट्रियों का होगा फिजिकल वैरिफिकेशन : 20 टीम का हुआ गठन, गड़बड़ी मिलने पर होगी कार्रवाई, रद्द होगा आवंटन

**बोकारो, एजेंसी।** बालीडीह थाना क्षेत्र के बियाडा औद्योगिक क्षेत्र में अवैध विदेशी शराब मिनी फैक्ट्री उद्भेदन मामले में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव ने संबंधित पदाधिकारियों पर कार्रवाई शुरू की है। उन्होंने सहायक उत्पाद आयुक्त बोकारो एवं बियाडा के सहायक विकास पदाधिकारी से स्पष्टीकरण पूछा है। जवाब संतोषजनक नहीं होने पर कार्रवाई की जाएगी।वहीं, संबंधित सर्वश्री कास्टोन टेक्नोलाजी लि. के मालिक से भी स्पष्टीकरण मांगा है। 48 घंटे में जवाब उपलब्ध कराने को कहा है। प्लॉट का आवंटन इकाई स्थापित करने के लिए किया गया था,इसके आड़ में अवैध विदेशी शराब निर्माण फैक्ट्री का संचालन करना नियम के विरूद्ध और अपराध है। उक्त प्लॉट का आवंटन लाइसेंस रद्द करने की कार्रवाई की जाएगी।

उपायुक्त ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र में आवंटित सभी औद्योगिक इकाईयों का भौतिक निरीक्षण किया जाएगा। इसके लिए 20 टीम गठित किया गया है।

## बीएलओ से वार्ड सुपरवाइजर व सफाई कर्मी को जोड़ चलेगा डोर टू डोर अभियान

**रांची, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाना प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती है। ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत बढ़ोतरी में बहुत हद तक सफलता मिली है, लेकिन शहरी क्षेत्रों में अभी भी मतदान प्रतिशत बढ़ाना बड़ी समस्या है। इसे देखते हुए डीडीसी दिनेश कुमार यादव ने शनिवार को निगम सभागार में निगम के वार्ड सुपरवाइजरों और रेसिडेंस वेलफेयर एसोसिएशन के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए बूथ लेवल अवेयरनेस ग्रुप तैयार किया जाएगा। डीडीसी ने कहा कि शहरी क्षेत्र में 1000 से अधिक पोलिंग बूथ हैं। प्रत्येक बूथ पर एक-एक बीएलओ को प्रतिनियुक्त किया गया है। इसमें निगम के वार्ड सुपरवाइजर और सफाईकर्मी को बूथ लेवल ऑफिसर के साथ जोड़ा जाएगा। यह ग्रुप अपने वार्ड के प्रत्येक घरों में जाकर लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करेगा।



डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने सभी मतदान केन्द्रों पर बेसिक सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। शनिवार को कलेक्ट्रेट में लो वोटर टर्नआउट को लेकर बैठक करते हुए उन्होंने पदाधिकारियों से कहा कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के सभी बूथों पर उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा करें। प्रत्येक मतदान केन्द्र पर पानी, बिजली, शौचालय, मोबाइल चार्जिंग प्वाइंट, पार्किंग की सुविधा होनी चाहिए। सभी बीडीओ-सीओ को अपने-अपने क्षेत्र के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण करके रिपोर्ट तैयार करने के लिए कहा गया। जहां सुविधाएं कम है, उसे दूर करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि जिनका नाम अभी भी मतदाता सूची में नहीं जुड़ा है उन्हें फॉर्म-6 दें, ताकि नाम जोड़ा जा सके।

## जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र:सबसे ज्यादा मतों से विद्युत, सबसे कम मतों से जीते थे स्वर्ण

**जमशेदपुर, एजेंसी।** जमशेदपुर संसदीय सीट पर अब तक हुए लोकसभा चुनाव में सबसे अधिक मतों से विद्युतवरण महतो की जीत हुई है, जबकि सबसे कम 206 वोट से 1971 में कांग्रेस के प्रत्याशी सरदार स्वर्ण सिंह जीते थे। जमशेदपुर लोकसभा चुनाव में हमेशा पार्टियों के बीच कांटे का मुकाबला रहा है। 2019 लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी विद्युतवरण महतो ने तीन लाख से अधिक मतों से चुनाव जीत कर रिकॉर्ड बनाया था। उन्होंने झामुमो प्रत्याशी और वर्तमान सीएम चंपाई सोरेन को हराया था।इस बार भी भाजपा की ओर से विद्युतवरण महतो चुनावी मैदान में हैं। उनके खिलाफ अबतक झामुमो-कांग्रेस गठबंधन से कौन उम्मीदवार होगा, यह अबतक तय नहीं है। जमशेदपुर लोकसभा सीट पर दो बार उपचुनाव भी हुआ। 2007 में हुए उपचुनाव में झामुमो प्रत्याशी सुमन महतो ने भाजपा प्रत्याशी डॉ दिनेश षाड़ंगी को 58816 मतों से हराया था। 2011 के उपचुनाव में झाविमो (झारखंड विकास मोर्चा) के प्रत्याशी डॉ अजय कुमार ने लगभग 1.50 लाख मतों से जीत हासिल की थी। हालांकि 2014 में डॉ अजय कुमार भाजपा प्रत्याशी विद्युत वरण महतो से 99876 मतों से चुनाव हार गए थे।जमशेदपुर लोकसभा सीट पर तीन बार के चुनाव में विजेता और उपविजेता के बीच जीत का अंतर 10 हजार वोट से भी कम का रहा है। 1957 में कांग्रेस पार्टी के एमके घोष 9603 मतों से जीते थे। कांग्रेस के सरदार स्वर्ण सिंह 1971 में मात्र 206 मतों से जीते थे।

# लव ट्रायंगल में अंतरराष्ट्रीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी की हत्या, हजारी बाग में प्रेमिका बोली-पैसों के लिए दोस्ती की, पीछे पड़ गया था

**हजारीबाग, एजेंसी।** हजारीबाग में अंतरराष्ट्रीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी प्रशांत कुमार सिन्हा (38) की गला दबाकर हत्या कर दी गई। खिलाड़ी की हत्या उसी की प्रेमिका काजल सिन्हा ने अपने नए प्रेमी रौनक कुमार के साथ मिलकर की। हत्या के बाद शव को प्लास्टिक की बोरी में पैक कर छड़वा डैम स्थित पुल के नीचे फेंक दिया।

पुलिस ने काजल और उसके दोस्त को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में काजल ने अपना जुर्म कबूल किया है। काजल ने बताया कि उसने पैसे के लिए प्रशांत से दोस्ती की थी, लेकिन प्रशांत को उससे प्यार हो गया था। काजल उससे पीछा छुड़ाना चाहती थी, लेकिन वह उसे छोड़ नहीं रहा था। साथ ही फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहा था।इसी वजह से उसने प्रशांत की हत्या करने की प्लानिंग की और उसे 11 मार्च को जमशेदपुर से हजारीबाग बुलाया। फिर 12 मार्च को उसकी हत्या कर शव को बोरी में पैक कर फेंक दिया। पुलिस ने युवती की निशानदेही पर कटकमसांडी थाना क्षेत्र के छड़वा डैम स्थित पुल से सड़ी-गली अवस्था में उसकी लाश बारामद की।

प्रशांत सिन्हा मूल रूप से जमशेदपुर के रहने वाले थे। वे 11 मार्च से लापता थे। परिजनों ने बिरसा नगर, जमशेदपुर थाना में 13 मार्च को गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया था। बाद में फिर 22 मार्च को आवेदन देकर अपहरण का मामला दर्ज



कराया गया। जिसमें हजारीबाग जिले के लोहसिंगना थाना क्षेत्र के न्यू एरिया निवासी काजल सिन्हा को आरोपी बनाया गया। जिसके बाद बिरसा नगर जमशेदपुर थाना में पुलिस ने कई धाराओं में केस दर्ज किया और मामले की पड़ताल में जुट गई। जांच के दौरान 8 दिन बाद प्रशांत की हत्या का खुलासा हुआ।

आरोपी काजल सिन्हा ने पुलिस को बताया कि प्रशांत से उसकी दोस्ती 2019 से थी। प्रशांत दिव्यांग था। उसकी सिर्फ पैसों के कारण दोस्ती थी, लेकिन प्रशांत उससे सच्चा प्यार करने लगा था। वह अलग होना चाहती थी, लेकिन प्रशांत को यह मंजूरी नहीं था।दोस्ती तोड़ने पर वह फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहा था। इससे तंग आकर उसने प्रशांत को शहर के शहीद निर्मल महतो पार्क बुलाया। दूसरे दिन देवघर जाने का प्लान बनाते हुए रात में अपने नए प्रेमी हजारीबाग के ही रहने वाले रौनक के खटाल में रुक गया। वहां उसने रौनक के साथ मिलकर उसकी गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। फिर रात में प्लास्टिक की बोरी में शव भरकर स्कूटी से छड़वा डैम गए और पुल से नीचे फेंक दिया।

अंतरराष्ट्रीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी प्रशांत भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। वह वर्ष 2023 थाईलैंड में हुई प्रतियोगिता में हिस्सा लिए थे। ये प्रतियोगिता 9 से 14 मई तक चली थी। अंतरराष्ट्रीय पैरा बैडमिंटन की इस प्रतियोगिता में उसने भारत का प्रतिनिधित्व किया था।

## संक्षिप्त समाचार

### आगरा के बड़े निजी अस्पतालों के पंजीकरण खतरे में! रद्द होंगे लाइसेंस

**आगरा , एजेंसी।** आगरा में स्वास्थ्य विभाग में पंजीकृत 1261 अस्पताल, लैब के लाइसेंस 30 अप्रैल तक ही मान्य हैं। इस अवधि तक लाइसेंस का नवीनीकरण नहीं कराने पर ये अवैध माने जाएंगे। एक अप्रैल से 2024-25 के लिए लाइसेंस नवीनीकरण की प्रक्रिया शुरू हो रही है। 5 विभागों की टीम 17 मानकों पर आकलन कर लाइसेंस का नवीनीकरण करेगी। स्वास्थ्य विभाग में 494 अस्पताल, 493 क्लिनिक, 170 पैथोलॉजी लैब और 104 डायग्नोस्टिक सेंटर पंजीकृत हैं। मानक पूरे नहीं होने पर 135 अस्पताल, लैब के लाइसेंस निरस्त कर दिए थे। लाइसेंस के नवीनीकरण में 17 चिकित्सकीय मानकों को परखा जाएगा। इसमें चिकित्सक को शपथपत्र भी देना होगा। सीएमओ डॉ. अरुण श्रीवास्तव ने बताया कि 30 अप्रैल के बाद आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। संचालक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इनके मानकों का भौतिक सत्यापन पांच विभागों की टीम करेगी। मानक ठीक मिलने पर ही लाइसेंस का नवीनीकरण होगा।

**आईएमए भवन में लगाएंगे कैंप:** आईएमए सचिव डॉ. पंकज नगायच ने बताया कि लाइसेंस नवीनीकरण के लिए तोता के ताल स्थित कार्यालय में एक अप्रैल से कैंप लगाएंगे। यहां सभी चिकित्सक अपने संस्थानों के लिए जरूरी एनओसी समेत अन्य रिकॉर्ड जमा करेंगे। यहीं से उनका नवीनीकरण के लिए आवेदन कर दिया जाएगा।

**मिलेगी यूनिक आईडी:** सीएमओ ने बताया कि आयुष्मान डिजिटल मिशन के तहत पहली बार एचपीआर (हेल्थ प्रोफेशनल रजिस्ट्रेशन) और एचएफआर (हेल्थ फैसिलिटी रजिस्ट्री) की व्यवस्था की जा रही है। एचपीआर में चिकित्सकीय संस्थान और एचएफआर में चिकित्सक को पंजीकरण कराना होगा। इनको यूनिक आईडी मिलेगी। इससे पंजीकृत संस्थानों की सही जानकारी भी रहेगी।

### बजरंग दल व पुलिस ने उन्नाव की तरफ जा रही दो बसें रोकीं, 80 लोगों को धर्म परिवर्तन के लिए ले जाने का आरोप


**कानपुर , एजेंसी।** कानपुर में थाना नवाबगंज अंतर्गत चौकी गंगा बैराज के बोट क्लब के पास बजरंग दल ने पुलिस के सहयोग से दो बसें जोकि उन्नाव की तरफ जा रही थीं रोकी। दोनो बसें में पुरुषों और महिलाओं को भरकर धर्म परिवर्तन के लिए ले जाया जा रहा था। जानकारी मिलते ही भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा। बताया जा रहा है कि दोनों बसों में करीब 80 लोग सवार थे। नवाबगंज एसओ दीनानाथ ने बताया कि बस सवार कुछ लोगों का कहना है कि उन्हें पैसे का लालच देकर जबरन धर्म परिवर्तन के लिए ले जाया जा रहा है। एसओ का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जाएगी।

### बिनगवां में 60 हेक्टेयर में विकसित होगी टाउनशिप, सस्ते प्लॉट मिलेंगे, पूरा होगा हर वर्ग का सपना

**कानपुर , एजेंसी।** न्यू कानपुर सिटी की तरह दक्षिणी कानपुर के बिनगवां में भी केडीए टाउनशिप विकसित करेगा। बिनगवां में 60 हेक्टेयर में विकसित होने वाली टाउनशिप के लिए सर्वे पूरा हो गया है। इसमें 24 हेक्टेयर जमीन खरीदी जाएगी, शेष जमीन खुद की है। न्यू कानपुर सिटी की तुलना में यहां सस्ते प्लॉट मिलेंगे। केडीए सचिव की अध्यक्षता वाली कमेटी ने सर्वे पूरा कर योजना का खाका खींचने के लिए रिपोर्ट अभियंत्रण विभाग को सौंप दी है। जमीन का मुआवजा डीएम सर्किल रेट से दोगुना देना है। कानपुर सागर मार्ग पर नौबस्ता गल्ला मंडी के आगे बिनगवां आवासीय योजना विकसित करने की तैयारी है। काश्तकारों से जमीन खरीदने के लिए शासन ने 50 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। इसके लिए और धन की जरूरत पड़ने पर प्राधिकरण बोर्ड से हरी झंडी लेगा। अगले साल इस योजना को धरातल पर लाने की तैयारी है। विकास प्राधिकरण के सचिव शत्रोहन वैश्य ने बताया कि इस योजना में मध्यम वर्ग, निम्न-मध्यम आय वर्ग और निम्न वर्ग के लोगों के लिए छोटे प्लॉट विकसित किए जाएंगे। ले-आउट बनने के बाद प्लॉटों की कीमत तय होगी। योजना में सड़कें, सीवरलाइन, पाइपलाइन, बिजली, पार्क आदि मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

# रायबरेली सीटः पहले जैसे नहीं रहे समीकरण?

## भाजपा ने की व्यूह रचना, इसलिए भी ठिठका गांधी परिवार



**रायबरेली , एजेंसी।** चुनावी पन्नों को पलटें तो रायबरेली और कांग्रेस का गहरा जुड़ाव दिखता है। कई ऐसे मौके आते हैं जो रोमांचित भी करते हैं, लेकिन 72 वर्षों में ऐसा पहली बार हो रहा है जब कांग्रेस अपने ही गढ़ में प्रत्याशी तय नहीं कर पा रही है। इस बार पार्टी ठिठकी है।

इसके वाजिब कारण हैं और समीकरण भी। पहले राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कांग्रेस का साथ ही नहीं छोड़ा, बल्कि सोनिया के खिलाफ चुनाव भी लड़ा। बाद में कांग्रेस के साथ रहीं सदर विधायक अदिति सिंह ने भाजपा के टिकट पर पिछला विधानसभा चुनाव जीता। सोनिया गांधी के चुनाव में खुला समर्थन करने वाले पूर्व मंत्री व विधायक डॉ. मनोज कुमार पांडेय का भाजपा से जुड़ना और बढ़ता कद कांग्रेस के लिए इस बार किसी चुनौती से कम नहीं है। ऊंचाहार के साथ ही जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में पकड़ रखने वाले मनोज से दूरियां कहीं न कहीं कांग्रेस को परेशान कर रही हैं।

अमेठी में कांग्रेस का दुर्ग ढहाने के बाद इस बार भाजपा ने रायबरेली में मजबूत व्यूह रचना की है। गांधी परिवार के लिए प्रदेश में सुरक्षित मानी जाने वाली इस सीट के समीकरण वर्ष 2019 के चुनाव जैसे कतई नहीं हैं। रायबरेली अब श्रद्धाभाव से निकल रही है। दिनेश और अदिति के बाद मनोज पांडेय के बदले रुख से कांग्रेस चिंतित है। वे सपा में जरूर थे, लेकिन गांधी परिवार के खिलाफ सपा प्रत्याशी नहीं उतारती थी।

इसका फायदा कांग्रेस को मिलता था। असल में मनोज ने ऊंचाहार विधानसभा के साथ ही सदर व अन्य क्षेत्रों में ब्राह्मणों के साथ ही दूसरे वोटरों को कांग्रेस से जोड़ने का काम किया, लेकिन चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस का यह मजबूत सहयोगी छिटक गया है। ऐसे में रायबरेली की जनता भी सवाल कर रही है कि इतने वर्षों में कांग्रेस से उन्हें मिला क्या? हां, एनटीपीसी, एम्स, रेल कोच फैक्ट्री, निफ्ट की सौगात तो जरूर मिली। पर, इंदिरा गांधी के समय लगे अधिकतर उद्योग बंद हो गए हैं। आईटीआई की भी हालत दयनीय है। बाईपास का भी समाधान नहीं हो सका।


### यूं ही कांग्रेस नहीं गंवाएगी प्रदेश की इकलौती सीट

प्रदेश में इकलौती बची रायबरेली संसदीय सीट को यूं ही कांग्रेस गंवाने वाली नहीं है। यही कारण है कि भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशी को लेकर एक दूसरे का मुंह ताक रहे हैं। जिले के कांग्रेसियों में अब भी प्रियंका के मैदान में उतरने की आस नहीं टूटी है। यह तो तय है कि कांग्रेस-सपा गठबंधन और भाजपा प्रत्याशी के बीच रोमांचक मुकाबला होगा।

संसदीय क्षेत्र रायबरेली की पांच विधानसभाओं में बछरावां से श्यामसुंदर, हरिचंदपुर से राहुल राजपूत, सरेनी से देवेंद्र प्रताप सिंह व ऊंचाहार से मनोज पांडेय ने सपा के टिकट पर जीत हासिल की है। बस रायबरेली विधानसभा से ही भाजपा की अदिति सिंह जीती हैं। रायबरेली हमेशा सुर्खियों में रही है। 1967 और 1971 में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने विजय पताका फहराया, लेकिन 1977 में राज नारायण ने कांग्रेस का यह किला ढहा दिया था। पहले आम चुनाव में जब सन 1952 में फिरोज गांधी रायबरेली से चुनाव मैदान में उतरे तो इस सीट को देश में वह पहचान नहीं मिली थी। कारण फिरोज गांधी के लिए रायबरेली राजनीतिक जमीन से अधिक उनकी कर्मस्थली थी। वहीं जवाहर लाल नेहरू और इंदिरा गांधी का पूरा ध्यान इलाहाबाद और फूलपुर लोकसभा सीट पर रहता था। फिरोज गांधी के निधन के बाद 1967 के आम चुनाव में इंदिरा गांधी ने रायबरेली को अपनी राजनीतिक जमीन बनाई और उसके बाद यह सीट गांधी परिवार की विरासत के साथ देश की सबसे प्रतिष्ठित लोकसभा सीट बन गई। यहां के चुनाव नतीजे के साथ मुकाबले को लेकर हर किसी की निगाह रहने लगी।

## यमुना नदी का पानी हुआ साफ, मिले दुर्लभ प्रजाति के कछुए

### किया जाएगा इनका संरक्षण



**आगरा , एजेंसी।** प्रकृति प्रेमियों के लिए अच्छी खबर है। यमुना नदी का पानी साफ हो गया है। यह बात यमुना पर किए गए सर्वे की रिपोर्ट में सामने आई है। यमुना में अति संकटग्रस्त प्रजाति के चित्रा इंडिका और बटागुर ढोंगोका सहित छह प्रजाति के कछुए मिले हैं। वन विभाग ब्रीडिंग सीजन में इनके संरक्षण का विशेष अभियान चलाएगा।

आगरा वन क्षेत्र और टर्टल सर्वाइवल एलायंस (टीएसए) ने आगरा से इटावा तक यमुना नदी के 250 किलोमीटर क्षेत्र में जलीय जीवों का अध्ययन किया। अक्तूबर से दिसंबर तक के सर्वेक्षण में चौंकाने वाले नतीजे आए। आमतौर पर कछुओं को साफ पानी में रहने वाला जीव माना जाता है। यमुना में प्रदूषण की बात किसी से छिपी नहीं है। ऐसे में 6 प्रजाति के कछुओं का मिलना पर्यावरण के लिहाज से अच्छी खबर है।

बायोडायवर्सिटी रिसर्च एंड डेवलपमेंट सोसाइटी के डॉ. केपी सिंह कहते हैं कि यमुना में जिन स्थानों पर ये कछुए पाए गए हैं, निश्चित ही वहां पानी को साफ रखने वाली मछलियों समेत जलीय वनस्पति आदि होगी। प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी आदर्श कुमार बताते हैं कि आगरा में बाह और फतेहाबाद में कुछ स्थान चिह्नित किए हैं। इनकी ब्रीडिंग होगी तब अंडों को सुरक्षित रखने के लिए विभाग बाड़ आदि बनाएगा। इसके बाद अंडों को अस्थायी हैचरी में शिफ्ट किया जाएगा। पर्यावरण कार्यकर्ता अंकुश दबे बताते हैं कि टीएसए के साथ काम के दौरान साल 2015 में ढोर और साल प्रजाति के 25 किलो से ज्यादा वजन के कछुओं की टैगिंग की जानी थी। तब भी मात्र 2 या 3 कछुए इस वजन के मिले थे। जबकि 30-40 साल पहले 100-100 किलो के कछुए नजर आते थे।

**ये प्रजातियां पाई गईः** बटागुर ढोंगोका : इस प्रजाति के कछुए सिर्फ साफ पानी में रहते हैं। कछुओं की यह प्रजाति संकटग्रस्त श्रेणी में है। खास बात है कि इनकी पीठ पर मुलायम कवच होता है। विलुप्त होने की कगार पर आ चुके इन कछुओं का यमुना नदी में मिलना किसी अजूबे से कम नहीं। देश की चुनिंदा नदियों में इनकी आबादी पाई जाती है।

**हर्डेला थुरजी :** यह भी मीठे और साफ पानी में रहने वाली कछुए की संकटग्रस्त श्रेणी की प्रजाति है। इसमें मादा कछुआ, नर की तुलना में तीन गुना तक आकार में बड़ी हो सकती है। ये शाकाहारी प्रजाति के कछुए होते हैं, जो मुख्यतः नदियों की सफाई का काम करते हैं। इनका शिकार मांस के लिए किया जाता है।

**चित्रा इंडिका :** नेरो हैडेड सॉफ्ट शेल टर्टल या सीम के नाम से जाना जाता है। जैसा कि इसके नाम से स्पष्ट है, यह भी साफ्ट शेल प्रजाति का कछुआ है।

**इंडियन फ्लैप शेल टर्टल :** यह भी साफ और ताजा जल में रहने वाले कछुओं के शरीर पर कवच के नीचे की ओर फ्लैप होता है। यह कवच के अंदर शरीर करने के बाद कछुए के अंगों को ढक लेता है।

**इंडियन टेंट टर्टल :** कछुओं की यह प्रजाति प्रकृति के स्वच्छता कर्मी है। ये काई और शैवाल का भोजन करते हैं और पानी में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ाने में सहायक होते हैं।

## स्वामी प्रसाद कुशीनगर से लड़ेंगे चुनाव, देवरिया से भी प्रत्याशी घोषित, यहां से कांग्रेस कर चुकी है एलान






**लखनऊ , एजेंसी।** सपा से इस्तीफा देने वाले पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य कुशीनगर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे। जबकि उनके सहयोगी एस एन चौहान देवरिया से चुनाव लड़ेंगे। स्वामी प्रसाद मौर्य ने एलान किया है कि इंडिया गठबंधन का रुख देखने के बाद अन्य सीटों पर भी वह उम्मीदवार उतरेंगे।

समाजवादी पार्टी से अलग होने के बाद स्वामी प्रसाद मौर्य ने फरवरी माह में राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी का गठन किया। उन्होंने उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में पार्टी का संगठन तैयार कर लिया है। इस बीच समाजवादी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व और उनके बीच रिश्तों पर जमीन बर्फ पिघलती दिखी। कहा तो यह भी गया कि स्वामी प्रसाद मौर्य समाजवादी पार्टी के सहयोग सेभी चुनाव मैदान में उतर सकते हैं। लेकिन रविवार को स्वामी प्रसाद मौर्य ने अपनी पार्टी से चुनाव लड़ने का एलान कर दिया। खुद सहित दो उम्मीदवारों की घोषणा की। स्वामी प्रसाद मौर्य ने बताया कि इंडिया गठबंधन के नेताओं से उनकी बातचीत चल रही है। यदि उनकी पार्टी को गठबंधन में हिस्सेदारी दी गई तो दो ही सीट पर चुनाव लड़ेंगे। यदि गठबंधन में हिस्सेदारी नहीं मिली तो अन्य सीटों पर भी उम्मीदवार उतरेंगे।

उन्होंने कहा कि हमने अपील भी की है कि संविधान बचाओ-भाजपा हटाओ, लोकतंत्र बचाओ-भाजपा हटाओ, देश बचाओ-भाजपा हटाओ। ऐसे में अभी तक इंडिया गठबंधन में शामिल बड़ी पार्टियों की ओर से कोई पहल नहीं की गई है। इसलिए इसलिए दो सीट पर उम्मीदवार उतार दिया है। मालूम हो कि देवरिया से कांग्रेस ने अखिलेश प्रताप सिंह को उम्मीदवार घोषित कर दिया है। जबकि कुशीनगर से अभी उम्मीदवार की घोषणा नहीं हुई है।

## मिड-डे मील में कीड़ेः बच्चों को परोसे गए भोजन में निकलीं सूड़ी, स्कूल में अभिभावकों ने किया हंगामा

**बरेली, एजेंसी।** बरेली के फरीदपुर कस्बे के मोहल्ला परा स्थित प्राथमिक विद्यालय द्वितीय में शनिवार को परोसे गए मिड-डे मील में कीड़े (सूड़ी) निकले। बच्चों ने जब प्रधानाध्यापक को बताया तो उन्होंने बचा हुआ भोजन फेंकने का दबाव बनाया। जानकारी होने पर विद्यालय पहुंचे अभिभावकों ने जमकर हंगामा किया। खंड शिक्षा अधिकारी की जांच में भी लापरवाही उजागर हुई। उन्होंने जांच रिपोर्ट बीएसए को भेजी है।

स्वयंसेवी संगठन अशर्फी ग्रामोद्योग की ओर से फरीदपुर नगर क्षेत्र के सात परिषदीय विद्यालयों में मध्याह्न भोजन की आपूर्ति की जाती है। इसी संस्था की ओर से मोहल्ला परा स्थित स्कूल में सब्जी और चावल भेजे गए थे। अभिभावकों का आरोप है कि विद्यालय स्टाफ ने जांच किए बिना ही यह भोजन बच्चों को परोस दिया।

खाना खाने के दौरान एक बच्चे को प्लेट में सूड़ियां दिखीं। उसने अन्य बच्चों को बताया तो उन्होंने भी अपनी प्लेट ध्यान से देखी। इस दौरान भोजन में कई सूड़ियां नजर आईं। बच्चों ने इस बारे में शिक्षकों को बताया। आरोप है कि उन्होंने बचा हुआ भोजन जानवरों को डालने का दबाव बनाया। कुछ बच्चों को सब्जी-चावल फेंकने के लिए भेज भी दिया।

### प्रधानाध्यापक से नोकझोंक

इसकी जानकारी जब अभिभावकों को हुई तो उन्होंने बच्चों को भोजन फेंकने से रोक दिया। कई अन्य बच्चों के परिजन भी पहुंच गए। उनकी प्रधानाध्यापक से नोकझोंक भी हुई। अभिभावकों का आरोप है कि प्रधानाध्यापक ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया। सूचना पर पहुंचे खंड शिक्षा अधिकारी तौसीफ अहमद ने भोजन की जांच की तो उसमें सूड़ियां दिखीं। अभिभावकों ने उनसे प्रधानाध्यापक के व्यवहार की शिकायत की है।

### 150 बच्चे हैं, कितना ध्यान रखें

हंगामे का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में प्रधानाध्यापक कहते दिख रहे हैं कि विद्यालय में 150 बच्चे पंजीकृत हैं, कितना ध्यान रखा जाए? खाने में सूड़ियां नीचे बैठ गईं। ऊपर की सब्जी परोसने के बाद सूड़ियां नजर आईं। मैं किसी से रिश्वत नहीं लेता हूं। आप लोग नहीं जानते, कहां क्या जाता है?

बीएसए संजय सिंह ने बताया कि खंड शिक्षा अधिकारी की रिपोर्ट मिली है। इसकी विस्तृत जांच के बाद दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

## जिस प्रेमी के लिए दिया पति को धोखा, वही बना कातिल...हाथों से न लगा पाया जोर, तो पैर से गला दबाकर ली जान

**आगरा , एजेंसी।** आगरा के फतेहाबाद थाना क्षेत्र में विद्युत उपकेंद्र निबोहरा के सामने 27 मार्च को भाई का टीका करने जा रही विवाहिता की गला घोंटकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने हत्या करने के आरोप में विवाहिता के प्रेमी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी ने विवाहिता के किसी और युवक से बातें करने पर यह वारदात की थी।

एसीपी फतेहाबाद अमरदीप लाल ने बताया कि थाना निबोहरा क्षेत्र में विद्युत उपकेंद्र के सामने खेत में महिला की हत्या कर शव फेंका गया था। मृतका की पहचान श्यामो पत्नी ओमप्रकाश निवासी ईंधौन थाना फतेहाबाद के रुप में पिता मानिकचंद निवासी मल्लाह टूला फतेहाबाद ने की थी। मृतका के पिता ने अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस को सीसीटीवी कैमरे में विवाहिता को बाइक पर बैठा कर एक युवक ले जाता दिखाई दिया। जांच में सामने आया कि वह विवाहिता का प्रेमी है। शनिवार को पुलिस ने आरोपी को काटर घाट उटंगन नदी के पास से पकड़ा। वह राजस्थान जाने की फिराक में यहां खड़ा था। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम श्रीनिवास निबासी ईंधौन थाना फतेहाबाद बताया। उसने कहा कि महिला के घर उसका आना जाना था। इसी दौरान उसके महिला से संबंध बन गए। कुछ दिनों से महिला अपने परिवार के लोगों के साथ धारापुरा गांव में किराये पर रह रही थी। होली पर घर आया था, मेरा फोन नहीं उठा रही थी।

## लोकसभा चुनावः ओवैसी की पार्टी के साथ मिलकर यूपी में चुनाव लड़ेंगी पल्लवी पटेल



**लखनऊ, एजेंसी।** अखिलेश यादव के साथ सीटों पर हुई असहमति के बाद अपना दल कमेरावादी आने वाले लोकसभा चुनाव में एआईएमआईएम के साथ मिलकर चुनाव लड़ेगी। आज दोपहर लखनऊ में होने वाली प्रेस वार्ता में इस पर औपचारिक मुहर लगेगी। बीच में ऐसी खबरें भी आईं थी कि पल्लवी पटेल की मायावती के साथ बातचीत चल रही है और वह बसपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ेंगी। पर ऐसा नहीं हुआ। इस गठबंधन की औपचारिक घोषणा आज लखनऊ में असदुद्दीन ओवैसी और पल्लवी पटेल की संयुक्त प्रेसवार्ता में की जाएगी। इस गठबंधन के द्वारा यूपी की दो दर्जन से अधिक सीटों पर प्रत्याशी उतारने की तैयारी की जा रही है। तीन दिन पहले पल्लवी पटेल ने हैदराबाद में ओवैसी से मुलाकात की थी। आज इस गठबंधन को अंतिम रूप देने के लिए ओवैसी लखनऊ आ रहे हैं। संभव है कि आज ही कुछ सीटों का एलान भी हो जाए।

## रामलला के बदले गए वस्त्र, गर्मी बढ़ने पर पहनाए गए गोटेदार सूती कपड़े

### भोग में अभी बदलाव नहीं

**अयोध्या, एजेंसी।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने शनिवार को रामलला की दिव्य तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा की है। इसी के साथ श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र की ओर से एक्स पर जानकारी दी गई कि गर्मी के मौसम की शुरुआत हो रही है। तापमान धीरे-धीरे बढ़ने लगा है। इसे ध्यान में रखते हुए अयोध्या के भव्य राम मंदिर में विराजमान रामलला को शनिवार को आरामदायक सूती पोशाक पहनाई गई।

पोस्ट में लिखा गया है कि ग्रीष्म ऋतु के आगमन और निरंतर बढ़ते तापमान को देखते हुए आज से भगवान रामलला सरकार सूती वस्त्र धारण करेंगे। प्रभु की ओर से आज धारण किए गए वस्त्र हस्तनिर्मित सूती मलमल से बने हैं, जिनको प्राकृतिक नील से रंगा गया है। साथ ही इसे गोटा पुष्पों से सजाया गया है। इस पोस्ट के साथ ही रामलला की खूबसूरत तस्वीर शेयर की गई है। श्रीराम जन्मभूमि के मुख्य अर्चक आचार्य सत्येंद्र दास ने बताया कि कई दिन पहले से ही रामलला को सूती वस्त्र पहनाए जा रहे हैं। राग भोग में अभी कोई बदलाव नहीं किया गया है।



**सीतानवमी और हनुमान जयंती भी भव्यता से मनाएगा ट्रस्टः** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चंपत राय ने कहा कि रामनवमी की तरह सीतानवमी और हनुमान जयंती भी इस बार धूमधाम से मनाई जाएगी। रामनवमी में रामलला के दर्शन को आने वाले श्रद्धालुओं को धूप व गर्मी से बचाने के लिए पर्याप्त इंतजाम किए जा रहे हैं। राम जन्मभूमि परिसर में दर्शनपथ सहित अन्य स्थानों पर जर्मन हैंगर लगाने और जूट की कारपेट बिछाने का काम शुरू कर दिया गया है। जगह-जगह पेयजल उपलब्ध रहेगा। चंपत राय ने यह बात कारसेवकपुरम में पत्रकारों के साथ होली मिलन समारोह के दौरान कही।

उन्होंने बताया कि तीर्थक्षेत्र पुरम में पानी और दो सौ शौचालयों की व्यवस्था है। बड़े टिन शेड में श्रद्धालुओं के रहने के भी इंतजाम हैं। उन्होंने समाज के लोगों से छोटे-छोटे स्तर पर भोजनालय चलाने की अपील की है। श्रद्धालुओं से भी अपेक्षा की कि अपने साथ सत्तू लेकर आएं। यह फायदेमंद तो रहेगा ही, खानपान के संकट से भी बचाएगा। इस दौरान संत एमबी दास और राम नंदन दास ने भजन सुनाए। ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र, महंत दिनेंद्र दास, विहिप के शरद शर्मा मौजूद रहे।

# प्रफुल्ल पटेल के खिलाफ मुकदमा बंद करने के लिए कांग्रेस ने मोदी सरकार को घेरा

## वॉशिंग मशीन के साथ प्रेस कांफ्रेस की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एअर इंडिया विमानों की खरीद घोटाले के मामले में घिरे राकांपा नेता प्रफुल्ल पटेल के खिलाफ भ्रष्टाचार का मुकदमा बंद करने के सीबीआई के फैसले को लेकर कांग्रेस ने मोदी सरकार पर निशाना साधा है। कहा कि भाजपा जिन नेताओं पर करोड़ों के घोटाले का आरोप लगाती है, उन्हें भाजपा-एनडीए गठबंधन में शामिल कराकर मुकदमे वापस ले लेती है।

पार्टी के अनुसार, शरद पवार से बगावत कर अजीत पवार के साथ भाजपा के सहयोगी बने प्रफुल्ल पटेल के खिलाफ मुकदमा बंद किया जाना इसका ताजा उदाहरण है। कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने पार्टी मुख्यालय में वॉशिंग पाउडर और वॉशिंग मशीन के साथ प्रेस कांफ्रेंस करते हुए आरोप लगाया कि भाजपा के पास ऐसी वॉशिंग मशीन है, जिसमें 10 साल पुराना केस भी डालो तो आरोपित बेदाग निकलता है। मशीन के साथ ही ये कमाल मोदी वॉशिंग पाउडर का भी है। राकांपा नेता प्रफुल्ल पटेल इसके जीते-जागते उदाहरण हैं। भाजपा ने उन



पर एअर इंडिया घोटाले का आरोप लगाते हुए 2014 के लोकसभा चुनाव के आरोपपत्र में इसे शामिल किया था। भाजपा ने इसे लगभग 25,000-30,000 करोड़ का घोटाला बताया था। उस समय कैग विनोद राय ने भी अनाप-शनाप टिप्पणियां की थीं। इसे लेकर सीबीआई ने प्रफुल्ल पटेल के खिलाफ 2017 में भ्रष्टाचार का मुकदमा दर्ज किया था। खेड़ा ने कहा कि 2019 में भाजपा ने पटेल के खिलाफ कुछ घिनौने आरोप लगाते हुए दावा किया था कि वह 1993 के मुंबई बम धमाकों के आरोपित इकबाल मिर्ची के साथ एक संपत्ति सौदे में शामिल थे। राकांपा को तोड़कर महाराष्ट्र में भाजपा गठबंधन में शामिल होते ही उनके सारे दाग साफ हो गए।

## खेड़ा ने 21 उदाहरण दिए

उन्होंने कहा कि ये महज एक नाम नहीं है, बल्कि ऐसे 21 उदाहरण हैं, जिन्हें भाजपा द्वारा उनके खिलाफ भ्रष्टाचार और गैरकानूनी कार्य करने के आरोप लगाने के बाद पाक-साफ कर दिया गया है। इसका कारण साफ है कि या तो वे भाजपा में शामिल हो गए या वे एनडीए गठबंधन में शामिल हो गए। इनमें हिमंत बिस्वा सरमा, नारायण राणे, अजीत पवार, हसन मुश्रीफ, छगन भुजबल, अशोक चव्हाण समेत अन्य नेता शामिल हैं।

## ईडी और सीबीआई का उपयोग राजनीतिक विस्तार के लिए

कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि मोदी सरकार ने ईडी, आईटी, सीबीआई समेत सभी स्वायत्त संस्थानों का इस्तेमाल अपने राजनीतिक विस्तार के लिए एक हथियार के रूप में किया है। चाहे वह चुनावी बॉन्ड की वसूली के लिए ईडी का दुरुपयोग हो या फिर 30 साल पुराने नोटिसों के माध्यम से प्रमुख विपक्षी दलों को परेशान करने के लिए आयकर विभाग का इस्तेमाल हो।

## क्या पीएम-गृह मंत्री कह सकते हैं कि उन्हें प्रतिबद्ध संस्थाएं चाहिए

खेड़ा ने आरोप लगाया कि भाजपा संस्थाओं को कमजोर करने में आदतन अपराधी बन गई है। उन्होंने पूछा कि क्या प्रफुल्ल पटेल और कांग्रेस-यूपीए का हिस्सा रहे कई अन्य लोगों के बारे में भाजपा की 2014 की चार्जशीट सच है या यह केवल बदनाम कर विरोधियों को भाजपा का समर्थन करने के लिए मजबूर करने के लिए थी।

खेड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने हाल ही में प्रतिबद्ध न्यायपालिका को लेकर कांग्रेस की आलोचना की लेकिन क्या पीएम और गृह मंत्री अब खुलकर यह कह सकते हैं कि उन्हें प्रतिबद्ध संस्थाएं चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### इंटर द्वितीय वर्ष की छात्रा ने लगाई फांसी, हॉस्टल में मचा हड़कंप

**विशाखापट्टनम (आंध्र प्रदेश)।** विशाखापट्टनम में पीएम पालम पुलिस स्टेशन की सीमा के तहत नारायण कॉलेज की इंटर द्वितीय वर्ष की एक छात्रा ने आत्महत्या कर ली। स्थानीय पुलिस अधिकारियों ने बताया कि 17 वर्षीय छात्रा अपने छात्रावास के कमरे में सोमवार रात को फांसी पर लटकी हुई पाई गई। जिसके बाद उसे तुरंत कोमाडी के गायत्री अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने कहा, ÷वह अनाकापल्ली जिले के चोदावरम मंडल की मूल निवासी थी।÷ घटनास्थल से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है, जिसमें पीड़िता ने अस्वस्थ होने और दो बार अस्पताल जाने की शिकायत की है। पालम पुलिस स्टेशन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, ÷प्रथम दृष्टया यह आत्महत्या का मामला प्रतीत होता है। घटना के पीछे का सटीक कारण अभी तक स्पष्ट नहीं है।÷ शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने कहा, हम मामले की आगे जांच कर रहे हैं।

### भाजपा विधायकों को छूने की हिम्मत न करे कांग्रेस

**हैदराबाद।** तेलंगाना में भाजपा विधायक दल के नेता ए. महेश्वर रेड्डी ने शनिवार को चेतावनी दी कि यदि किसी भी भाजपा विधायक को छुआ (दलबदल के लिए लालच) गया तो राज्य में कांग्रेस सरकार 48 घंटों के भीतर गिर जाएगी। मंत्री के. वेंकट रेड्डी के दावों की ओर इशारा करते हुए महेश्वर रेड्डी ने कहा कि वह भाजपा विधायकों को छूने की हिम्मत न करें। वेंकट रेड्डी ने दावा किया था कि तेलंगाना के भाजपा के सभी आठ विधायक कांग्रेस के संपर्क में हैं। भाजपा नेता ने कहा, अगर आपने हमारे एक भी विधायक को छूने की कोशिश की, तो मैं आपको बता रहा हूं कि 48 घंटों के भीतर आपकी सरकार गिर जाएगी। महेश्वर रेड्डी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी सरकार बनाने के 100 दिन बाद भी अपने वादों या गारंटी को लागू करने में विफल रही है। कहा कि कांग्रेस पूरे देश में अपनी राजनीतिक और चुनावी गतिविधियों के लिए हैदराबाद से फंडिंग कर रही है।

### जगन्नाथ मंदिर से हिरासत में लिया गया ब्रिटिश नागरिक



**भुवनेश्वर , एजेंसी।** ओडिशा पुलिस ने एक ब्रिटिश नागरिक को हिरासत में लिया है। उस पर आरोप है कि पहले उसने जगन्नाथ मंदिर में अनाधिकृत तरीके से प्रवेश किया। जब पुलिसकर्मियों ने उसे रोकने की कोशिश की तो उसने पुलिस की टीम पर ही हमला कर दिया। इसके बाद पुलिसकर्मियों ने उसे हिरासत में ले लिया। रविवार को एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि विदेशी पर्यटक की पहचान थॉमस क्रेग शेल्डन के रूप में की गई है। थॉमस दक्षिण लंदन के वंड्सवर्थ का रहने वाला है। आपको बता दें कि 12वीं सदी के जगन्नाथ मंदिर में गैर हिंदुओं का प्रवेश वर्जित हैं। इसके बाद भी थॉमस ने मंदिर में प्रवेश किया। जब पुलिस कर्मियों ने उसे रोका और मंदिर परिसर छोड़ने के लिए कहा तो थॉमस ने कथित तौर पर पुलिस पर हमला कर दिया। पुरी के डीएसपी सिटी प्रशांत कुमार साहू ने कहा कि हमने विदेशी पर्यटक को हिरासत में ले लिया है और आगे की जांच जारी है। इससे पहले 23 मार्च को पोलैंड की एक महिला को मंदिर में प्रवेश करने पर हिरासत में लिया गया था। इसके ठीक एक हफ्ते बाद ब्रिटिश नागरिक थॉमस को हिरासत में लिया गया है। इससे पहले 3 मार्च को कुछ बांग्लादेशी नागरिकों को मंदिर में प्रवेश करते समय पकड़ा गया था। बाद में उन्हें रिहा कर दिया गया था।



## राज्यपाल का पद गंभीर, संविधान के तहत काम करें: बीवी नागरत्ना

**हैदराबाद।** सुप्रीम कोर्ट की न्यायाधीश बीवी नागरत्ना ने शनिवार को राज्यपालों को लेकर बड़ी बात कही है। उन्होंने हैदराबाद के एनएएलएसएआर यूनिवर्सिटी ऑफ लॉ में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राज्यपालों को संविधान के अनुसार कार्य करना चाहिए।

न्यायाधीश बीवी नागरत्ना ने कहा कि हाल की प्रवृत्ति यह रही है कि किसी राज्य के राज्यपाल या तो विधेयकों को मंजूरी देने में चूक या उनके द्वारा किए जाने वाले अन्य कार्यों के कारण मुकदमेबाजी का मुद्दा बन रहे हैं। किसी राज्य के राज्यपाल के कार्यों या चूक को संवैधानिक अदालतों के समक्ष विचारार्थ लाना संविधान के तहत एक स्वस्थ प्रवृत्ति नहीं है।

उन्होंने कहा कि हालांकि इसे राज्यपाल पद कहा जाता है, यह एक गंभीर संवैधानिक पद है और राज्यपालों को संविधान के अनुसार कार्य करना चाहिए, ताकि इस प्रकार की मुकदमेबाजी कम हो। राज्यपालों के लिए किसी कार्य को करने या न करने के लिए कहा जाना काफी शर्मनाक है। मेरा मानना है कि अब समय आ गया है कि उन्हें संविधान के अनुसार अपने कर्तव्यों का पालन करने के लिए कहा जाए।

न्यायाधीश नागरत्ना की यह टिप्पणी ऐसे समय में महत्वपूर्ण है, जब पंजाब, तेलंगाना, तमिलनाडु और केरल की राज्य सरकारों ने विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयकों पर सहमति देने से संबंधित राज्यपाल के इनकार को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में रिट याचिकाएं दायर की हैं।

## उद्धव ठाकरे और उनके बेटे नहीं तय कर सकते मुंबई का भाग्य, पीयूष गोयल ने आदित्य ठाकरे को दिया करारा जवाब

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री और मुंबई उत्तर से भाजपा उम्मीदवार पीयूष गोयल ने शनिवार को उद्धव ठाकरे और उनके बेटे आदित्य ठाकरे पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि उद्धव ठाकरे और उनके बेटे मुंबई का भाग्य तय नहीं कर सकते। उन्होंने आगे कहा कि यह शहर उन सभी के सपनों और आकांक्षाओं को कायम रखता है जो इसे अपना घर कहते हैं। पीयूष गोयल ने कहा कि जो भी लोग इस शहर की झुग्गियों में रहते हैं उन्हें भी बेहतर जीवन जीने का पूरा अधिकार है।

गोयल का यह बयान शिवसेना (उद्धव गुट) के नेता आदित्य ठाकरे के उस बयान के बाद आया है, जिसमें उन्होंने मुंबई से झुग्गियों को जबरन हटाने और इनमें रहने वाले लोगों को नमक से अटी पड़ी (साल्ट पैन लैंड) तटीय भूमि पर स्थानांतरित करने की योजना बनाने का आरोप लगाया था। पीयूष गोयल ने कहा कि मुंबई को दुनिया के सबसे बेहतरीन शहरों में से एक में तब्दील करने के दृष्टिकोण के लिए मेरा विरोध करना उनके विकास-विरोधी एजेंडे को दर्शाता है।

## केजरीवाल की गिरफ्तारी पर अखिलेश यादव ने बीजेपी पर बोला हमला

**नई दिल्ली , एजेंसी।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को कहा कि भाजपा सत्ता खोने को लेकर चिंतित है और उन्होंने विपक्ष को निशाना बनाने के लिए जांच एजेंसियों का दुरुपयोग करने के लिए सत्तारूढ़ दल पर हमला बोला है। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर दुनिया भर में भाजपा की आलोचना हो रही है।

रामलीला मैदान में इंडिया ब्लॉक रैली के लिए शहर पहुंचे यादव ने हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से कहा कि भाजपा चिंतित है कि वह (सत्ता से बाहर) जा रही है। जबकि हम (विपक्षी नेता) आज दिल्ली आ रहे हैं, प्रधानमंत्री दिल्ली से बाहर जा रहे हैं। इससे पता चलता है कि कौन (सत्ता से) बाहर जा रहा है।

चुनावी बांड योजना के मुद्दे पर सरकार पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा, यह एक नया आविष्कार है...ईडी, सीबीआई, आईटी को काम पर लगाओ और जितना चाहो उतना दान ले लो।

## दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे के पहले चरण का काम लंबे इंतजार के बाद अंतिम दौर में पहुंचा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे के पहले चरण का काम लंबे इंतजार के बाद अब अपने अंतिम दौर में पहुंच गया है। अक्षरधाम मंदिर से बागपत के खेकड़ा तक करीब 31 किलोमीटर लंबे पहले हिस्से को दो पैकेज में बनाया जा रहा है, जिसका 90 फीसदी काम हो चुका है।

नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) ने मई के अंत तक इसे तैयार करने का लक्ष्य रखा है। हालांकि, यातायात शुरू होने के लिए मध्य जून तक इंतजार करना पड़ सकता है। अधिकारियों का कहना है कि पहले चरण का काम 15 मई तक पूरा कर लेंगे। फिर एक सप्ताह तक ट्रायल रन चलेगा। इसके बाद मंत्रालय से मंजूरी मिलते ही यातायात शुरू कर दिया जाएगा।

अक्षरधाम से लोनी और बागपत सीधे जुड़ेगा ‑ पहले चरण को यातायात के लिए खोले जाने से पूर्वी दिल्ली के लोगों का बड़ा लाभ मिलेगा। खासकर,




अक्षरधाम से चलकर गाजियाबाद के लोनी और बागपत के खेकड़ा तक पहुंचना आसान हो जाएगा। एनएचएआई ने टोल दरों को निर्धारित करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है।

30 हजार पीसीयू वाहनों का दबाव कम होगा ‑ पहले चरण का काम पूरा होने पर दिल्ली-मेरठ और ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे सीधे जुड़ जाएंगे, क्योंकि देहरादून एक्सप्रेसवे अक्षरधाम में मेरठ एक्सप्रेसवे से शुरू हो रहा है जो खेकड़ा में ईस्टर्न पेरिफेरल को जोड़ेगा। माना जा रहा है कि शुरुआत में दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर वाहनों की संख्या कोई खास कम नहीं होगी, लेकिन नवंबर तक वाहनों का सीधे आवागमन देहरादून तक शुरू होगा। इससे दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर करीब 30 हजार पैसेंजर पर कार यूनिट वाहनों का दबाव कम होगा।

बता दें कि, राजधानी की सभी मुख्य सड़कों का ट्रैफिक सीधे लूप और रैंप के जरिये दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे पर आ-जा सकेगा। इसके लिए दिल्ली की सीमा में पांच जगहों पर प्रवेश और निकासी की सुविधा होगी। वहीं, गाजियाबाद की सीमा में दो जगहों पर यह सुविधा उपलब्ध होगी। इसके बनने पर प्रतिदिन करीब ढाई लाख वाहन बिना जाम में फंसे दिल्ली और गाजियाबाद की सीमा से बाहर जा सकेंगे। इस एक्सप्रेसवे के तैयार होने पर दिल्ली में यमुनापार और लोनी को जाम से राहत मिलेगी। अभी अगर दिल्ली-सहारनपुर मार्ग से होते हुए देहरादून जाना है तो उसके लिए छह से सात घंटे लगते हैं। इसलिए लोग देहरादून जाने के लिए दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन, 210 किलोमीटर लंबे नए एक्सप्रेसवे के बनने से समय की बचत के साथ ही दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर जाम खत्म होगा।

## बंगाल की सीएम ममता बनर्जी की भाजपा को चुनौती, कहा- पहले 200 सीटें जीतकर दिखाएं

**कोलकाता , एजेंसी।** लोकसभा चुनाव में कुछ ही दिन बचे हैं। ऐसे में सभी पार्टियां अपनी-अपनी जीत सुनिश्चित करने में लगी हुई हैं। वहीं भाजपा लगातार 400 से अधिक सीट पर जीत दर्ज करने का दावा कर रही है। इस पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को निशाना साधा। उन्होंने भगवा खेमे को कम से कम 200 सीटें जीतने की चुनौती दी। बनर्जी ने यह भी कहा कि वह राज्य में नागरिकता संशोधन कानून लागू नहीं होने देंगी। उन्होंने लोगों को आगाह किया कि सीएए के लिए आवेदन करने वाले विदेशी बन जाएंगे। इसलिए इसके लिए आवेदन नहीं करें।

उन्होंने आगे कहा, भाजपा नारा दे रही है इस बार 400 पार। मैं उन्हें चुनौती देती हूं कि वह पहले 200 सीटों के मानदंड को ही पार कर लें। साल 2021 के विधानसभा चुनावों में उन्होंने 200 से अधिक सीटों का आह्वान किया था, लेकिन 77 पर ही संतोष करना पड़ा। एक रैली को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा, सीएए वैध नागरिकों को विदेशी बनाने का एक जाल है। पश्चिम बंगाल में न ही सीएए और न ही एनआरसी लागू होने देंगे। टीएमसी प्रमुख बनर्जी ने कृष्णानगर में तृणमूल कांग्रेस उम्मीदवार महुआ मोइत्रा के समर्थन में एक चुनावी रैली संबोधित की। उन्होंने विपक्षी गठबंधन इंडिया के सहयोगियों माकपा और कांग्रेस पर भाजपा से हाथ मिलाने का आरोप लगाया। कहा कि पश्चिम बंगाल में इंडिया गठबंधन नहीं है। माकपा और कांग्रेस बंगाल में भाजपा के लिए काम कर रही हैं। उन्होंने कहा, हमारी सांसद महुआ मोइत्रा का अपमान किया गया।

## 238 बार हारने के बावजूद फिर चुनावी मैदान में के. पद्मार्जन, अब तक अधिकतम 6,000 वोट मिले; बोले - आगे भी लड़ता रहूंगा चुनाव

**सेलम।** चुनाव में उम्मीदवार जीतना चाहता है, लेकिन के. पद्मराजन को हारना पसंद है। 238 बार हारने के बाद वह तमिलनाडु के धर्मपुरी लोकसभा सीट से एक बार फिर निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर मैदान में हैं। पद्मराजन ने कहा, अब तक, मैंने 239 नामांकन दाखिल किए हैं। मुझे केवल असफलता पसंद है। मैं विश्व रिकार्ड बनाने के लिए चुनाव लड़ रहा हूं। मुझे एक चुनाव में अधिकतम 6,000 वोट मिले।



उन्होंने कहा, अब तक मैंने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी, द्रमुक के पूर्व प्रमुख करुणानिधि, अन्नाद्रमुक की पूर्व महासचिव जयललिता और कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा के खिलाफ चुनाव लड़ा है। मैं चुनाव जीतना नहीं चाहता, मैं केवल हारना चाहता हूं। सफलता का अनुभव केवल एक बार ही किया जा सकता है। असफलता लगातार बनी रह सकती है।

उन्होंने कहा, 1988 से, मैंने चुनाव नामांकन के लिए एक करोड़ रुपये तक जमा किए हैं। मैं अपने पंचर की दुकान चलाकर पैसा कमाता हूं। मैं इससे होने वाली आय से जमानत राशि भरूंगा। मैंने सभी चुनाव लड़े हैं जिसमें राष्ट्रपति, निगम और वार्ड चुनाव भी शामिल हैं। इसके बाद मैं भी चुनाव लड़ूंगा।

## तेरा गम, मेरा गम...; सुनीता केजरीवाल का हाल लेने पहुंचीं हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जेल में बंद झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन दिल्ली पहुंचीं हैं। वह दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल से मुलाकात करने मुख्यमंत्री आवास गई हैं। उनके साथ दिल्ली के मंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) नेता सौरभ भारद्वाज भी हैं। गौरतलब है कि सीएम केजरीवाल ईडी की गिरफ्त में हैं। उन्हें कथित शराब घोटाले में गिरफ्तार किया गया है। वहीं हेमंत सोरेन को भी कथित जमीन घोटाला केस में अरेस्ट किया गया है।

सुनीता केजरीवाल और कल्पना सोरेन की मुलाकात का एक वीडियो भी सामने आया है। दोनों एक-दूसरे से गले मिलती दिख रही हैं। सीएम केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद कल्पना ने सुनीता से फोन पर बातचीत



भी की थी। उन्होंने तब कहा था कि एक साथी के रूप में मैं उनकी परेशानियों को समझ सकती हूं। मुलाकात के बाद कल्पना सोरेन ने कहा, जो घटना झारखंड में दो महीने पहले हुई थी, वही सेम घटना दिल्ली में भी हुई है। मेरे पति को भी जेल भेजा गया, यहां अरविंद सर को भी जेल भेजा गया है। जो स्थिति झारखंड में है वही अब यहां हो गई है। मैं सुनीता मैम से मिलने और उनका दुख-दर्द बांटने आई थी। उन्होंने भी अपनी व्यथा सुनाई। हम दोनों ने मिलकर यही प्रण किया है कि इस लड़ाई को बहुत दूर तक लेकर जाना है। पूरा झारखंड अरविंद सर के साथ हमेशा रहेगा।

कल्पना सोरेन और सुनीता केजरीवाल की मुलाकात के बाद आप नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा, हेमंत सोरेन विपक्ष के एक बड़े नेता थे और गैर भाजपा राज्य में अच्छी सरकार चला रहे थे, जिस तरह से उन्हें जेल में डाला गया वह सबने देखा। अरविंद केजरीवाल को जिस तरह जेल में डाला गया वह भी सबने देखा। आज कल्पना सोरेन सुनीता केजरीवाल से मिलने आई थी, दोनों की स्थिति लगभग एक सी है, केंद्र सरकार ने इन दोनों के पतियों को जेल में डाला है। आज दोनों ने एक-दूसरे से बातचीत कर एक-दूसरे को हौसला दिया।

हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद यह अटकलें लगाई जा रहीं थीं कि वह अपनी पत्नी कल्पना सोरेन को सीएम की कुर्सी सौंप सकते हैं। हालांकि हेमंत के इस्तीफे के बाद चंपाई सोरेन को नया मुख्यमंत्री बनाया गया। कुछ ऐसी ही अटकलें सुनीता केजरीवाल को लेकर लगाई जा रहीं हैं। दरअसल, सीएम केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद अब तक तीन बार सुनीता केजरीवाल उनकी कुर्सी पर बैठकर लोगों से अपनी बात कह चुकी हैं। हालांकि खुद अरविंद केजरीवाल ने यह साफ-साफ कह दिया है कि वह सीएम पद से इस्तीफा नहीं देंगे, भले ही जेल से सरकार चलानी पड़े।

## महिला विरोधी कांग्रेस नेता के बयान पर भड़कीं साइना नेहवाल

**बेंगलुरु।** स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल ने शनिवार को दावणगेरे सीट से भाजपा उम्मीदवार गायत्री सिद्धेश्वर पर की गई महिला विरोधी टिप्पणी करने के लिए राज्य के वरिष्ठ कांग्रेस नेता शमनूर शिवशंकरप्पा की आलोचना की। दावणगेरे दक्षिण से 92 वर्षीय मौजूदा विधायक शिवशंकरप्पा ने कहा था कि गायत्री सिद्धेश्वर केवल रसोई में खाना बनाना ही जानती हैं। शिवशंकरप्पा के इस बयान पर राज्य में भाजपा पहले से ही आक्रामक है। भाजपा ने उनसे महिलाओं का अपमान करने पर माफी मांगने को कहा है। बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल ने टिप्पणी पर आपत्ति जताते हुए इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा कि कर्नाटक के एक वरिष्ठ नेता शमनूर शिवशंकरप्पा ने कहा है कि महिलाओं को रसोई तक ही सीमित रहना चाहिए। दावणगेरे से उम्मीदवार गायत्री सिद्धेश्वरा पर की गई इस टिप्पणी की कम से कम ऐसी पार्टी से उम्मीद नहीं की जा सकती जो कहते हैं कि लड़की हूं, लड़ सकती हूं।

नेहवाल ने कहा कि जब देश में महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी छाप छोड़ने की ख्वाहिश रखती हैं तो महिलाओं के खिलाफ इस तरह की द्वेषपूर्ण टिप्पणी परेशान करने वाली हैं। साइना नेहवाल ने लिखा है कि जब मैंने खेल के मैदान पर भारत के लिए पदक जीते तो कांग्रेस पार्टी मुझसे क्या चाहती थी, मुझे क्या करना चाहिए था? इस तरह क्यों कहा जा रहा है, जब सभी लड़कियां और महिलायें किसी भी क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल करने का सपना देखती हैं।

# बोपन्ना और एब्डेन की जोड़ी ने फिर रचा इतिहास, रैंकिंग में भी शीर्ष पर लौटे

**मेलबर्न, एजेंसी।** इस साल शानदार प्रदर्शन कर रहे 44 वर्षीय बोपन्ना और एब्डेन की जोड़ी फाइनल में क्रोएशिया के इवान डोडिग और अमेरिका के ऑस्टिन क्राजिकेक की जोड़ी से एक सेट से पिछड़ गई थी, लेकिन इस जोड़ी ने शानदार वापसी की और हार्ड रॉक स्टेडियम में खेले गए खिताबी मुकाबले में 6-7(3), 6-3, 10-6 से जीत दर्ज की।

भारत के अनुभवी टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और ऑस्ट्रेलिया के उनके जोड़ीदार मैथ्यू एब्डेन की जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में पुरुष डबल्स वर्ग का खिताब जीत लिया। इस जोड़ी ने इस साल दूसरी बार इतिहास रचा और बोपन्ना-एब्डेन की जोड़ी एटीपी मास्टर्स 1000 ट्रॉफी जीतने वाली सबसे उम्रदराज जोड़ी बन गई। इससे पहले वर्ष के पहले ग्रैंडस्लैम ऑस्ट्रेलियन ओपन में भी इन दोनों की जोड़ी विजेता बनी थी। वह ऐसा करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी थे।

### एक सेट से पिछड़कर की वापसी

इस साल शानदार प्रदर्शन कर रहे 44 वर्षीय बोपन्ना और एब्डेन की जोड़ी फाइनल में क्रोएशिया के इवान डोडिग और अमेरिका के ऑस्टिन क्राजिकेक की जोड़ी से एक सेट से पिछड़ गई थी, लेकिन इस जोड़ी ने शानदार वापसी की और हार्ड रॉक स्टेडियम में खेले गए खिताबी मुकाबले में 6-7(3), 6-3, 10-6 से जीत दर्ज की।

इस जीत के साथ ही बोपन्ना ने अपना ही



रिकॉर्ड तोड़ा और वह सबसे अधिक उम्र में एटीपी खिताब जीतने वाले खिलाड़ी बने। इससे पहले उन्होंने पिछले साल इंडियन वेल्स में 43 वर्ष की उम्र में खिताब जीता था।

### रैंकिंग में शीर्ष पर की वापसी

ऑस्ट्रेलियन ओपन में मिली ऐतिहासिक जीत के बाद बोपन्ना एटीपी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गए थे।

हालांकि दुबई चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल और इंडियन वेल्स के राउंड-32 में हारने के बाद यह जोड़ी दूसरे नंबर पर खिसक गई थी, लेकिन मियामी ओपन में खिताब जीतने के बाद यह जोड़ी सोमवार को जारी होने वाली एटीपी की नवीनतम रैंकिंग में शीर्ष पर वापसी कर लेगी।

### बोपन्ना के नाम है कई उपलब्धियां

भारत के सबसे सफल टेनिस खिलाड़ियों में शामिल बोपन्ना के नाम कई उपलब्धियां दर्ज हैं। बोपन्ना के करियर का यह 14वां एटीपी मास्टर्स 1000 फाइनल था, जबकि वह पहली बार मियामी ओपन के खिताबी मुकाबले में पहुंचे थे। ओवरऑल यह उनका 63वां टूर स्तर का फाइनल था। बोपन्ना के करियर का यह 26वां डबल्स खिताब है। बोपन्ना और एब्डेन की जोड़ी का यह पांचवां एटीपी मास्टर्स 1000 फाइनल था। बोपन्ना के नाम एक खास उपलब्धि भी जुड़ गई थी वह लिएंडर पेस के बाद सभी नौ एटीपी मास्टर्स इवेंट के फाइनल में पहुंचने वाले दूसरे भारतीय खिलाड़ी बने थे।



# हैदराबाद ने गुजरात को दिया 163 रन का टारगेट

## अभिषेक शर्मा और अब्दुल समद ने 29-29 रन बनाए, मोहित शर्मा को तीन विकेट

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** सनराइजर्स हैदराबाद ने इंडियन प्रीमियर लीग-2024 के 12वें मुकाबले में गुजरात टाइटंस को जीत के लिए 163 रन का टारगेट दिया गया था। टीम ने अहमदाबाद में टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 163 रन बनाए। अभिषेक शर्मा और अब्दुल समद ने 29-29 रन बनाए। हेनरिक क्लासन ने 24 रन का योगदान दिया। मोहित शर्मा ने तीन विकेट झटके। अजमतुल्लाह ओमरजई, उमेश यादव, राशिद खान और नूर अहमद को एक-एक विकेट मिला।

# धवन आईपीएल में छक्का लगाने के मामले में युवराज से आगे निकले

## गेल, सहवाग और कोहली के इस रिकॉर्ड की बराबरी की

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पंजाब के कप्तान शिखर धवन ने लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ हुए मुकाबले में अपनी टीम के लिए कप्तानी पारी खेली। धवन ने इस मैच में 70 रन बनाए और इस दौरान उन्होंने 3 छक्के और 7 चौके भी लगाए। इन 3 छक्कों की मदद से धवन आईपीएल में छक्के लगाने के मामले में युवराज सिंह से आगे निकल गए और इस लीग में 150 छक्के लगाने वाले 17वें बल्लेबाज बन गए। इस मैच में धवन की कप्तानी में पंजाब की टीम को 21 रन से हार का सामना करना पड़ा।

### धवन ने युवराज सिंह को पीछे छोड़ा

शिखर धवन ने इस मैच में लखनऊ के खिलाफ 30 गेंदों पर 3 छक्के और 5 चौकों की मदद से पहले अपना अर्धशतक पूरा किया। इसके बाद उन्होंने 50 गेंदों पर 3 छक्के और 7 चौकों की मदद से 70 रन की पारी खेली और आउट हो गए। इन तीन छक्कों की मदद से वह आईपीएल में युवराज सिंह से छक्के लगाने के मामले में आगे निकल गए।

युवराज सिंह ने आईपीएल में 149 छक्के लगाए थे, लेकिन धवन ने 3 छक्कों की मदद से आईपीएल में अपने छक्कों की संख्या 152 कर लिया है। वह इस लीग में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में भी 17वें नंबर पर आ गए हैं।

### धवन ने कोहली की कर ली बराबरी

आईपीएल में चेज करते हुए बतौर भारतीय बल्लेबाज शिखर धवन ने 23वीं बार 50 प्लस की पारी खेली और विराट कोहली की बराबरी पर आ गए।

कोहली ने भी इस लीग में चेज करते हुए 23 बार 50 प्लस की पारी खेली है। अब दोनों इस लीग में चेज करते हुए भारतीय बल्लेबाज के रूप में सबसे ज्यादा बार 50 प्लस की पारी खेलने के मामले में संयुक्त रूप से पहले नंबर पर आ गए हैं जबकि केएल राहुल दूसरे और गौतम गंभीर तीसरे स्थान पर मौजूद हैं।



### आईपीएल में चेज करते हुए सर्वाधिक 50+ स्कोर बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज

23 बार – शिखर धवन
23 बार – विराट कोहली
21 बार – केएल राहुल
20 बार – गौतम गंभीर

धवन ने की कोहली, गेल, केएल राहुल और सहवाग की बराबरी

आईपीएल में यह 7वां मौका था जब धवन सेवेनटीज पर आउट हो गए। इससे पहले विराट कोहली, क्रिस गेल, केएल राहुल और वीरेंद्र सहवाग भी 7-7 बार सेवेनटीज पर आउट हो चुके हैं। अब धवन भी इन दिग्गजों की इस खास लिस्ट में शामिल हो चुके हैं।

### आईपीएल में सबसे ज्यादा बार सेवेनटीज पर आउट होने वाले बल्लेबाज


7 बार – शिखर धवन
7 बार – विराट कोहली
7 बार – क्रिस गेल
7 बार – केएल राहुल
7 बार – वीरेंद्र सहवाग

### आईपीएल में हारे हुए मैचों में सर्वाधिक 50 से अधिक स्कोर

28-विराट कोहली
25 – डेविड वॉर्नर
19 – शिखर धवन
18 – केएल राहुल

# धोनी का यह आखिरी आईपीएल? पूर्व कप्तान खुद भी दे चुके हैं संकेत

**चेन्नई (एजेंसी)।** अंतरराष्ट्रीय और टी20 फ्रेंचाइजी क्रिकेट के सबसे सफल कप्तानों में से एक महेंद्र सिंह धोनी इस साल आईपीएल को अलविदा कह सकते हैं। पिछले कुछ वर्षों से उनके आईपीएल से संन्यास की योजना भी चल रही है लेकिन टीम को सफल कप्तान ना मिलने की वजह से वह टीम के साथ बने हुए हैं। पिछले साल उन्होंने टीम को पांचवां खिताब दिलाया था जबकि उससे पहले 2022 में रविंद्र जडेजा को कप्तानी सौंपी गई थी जो सही फैसला साबित नहीं हुआ था।



लेकिन इस बार 2024 में सीएसके को एक बार फिर से रुतुराज गायकवाड़ के रूप में नया कप्तान मिला है जिन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया है। ऐसे में हो सकता है कि धोनी का यह आखिरी आईपीएल हो। चाहे वह आईपीएल से संन्यास ले लें लेकिन वह टीम के साथ बने रहेंगे और उनके मार्गदर्शन में अगली पीढ़ी सीएसके के लिए काम करेगी।

### सबसे सफल कप्तान

उन्होंने सबसे ज्यादा मैचों (226) में कप्तानी की है और 100 से ज्यादा मैच जीते हैं। उनकी अगुवाई में उनकी टीम ने 133 मैच (चेनई सुपर किंग्स ने 128 और राइजिंग पुणे सुपर सुपरजाएंट्स ने 5) जीते हैं। धोनी की अगुवाई में चेन्नई सुपर किंग्स 10 बार फइनल में पहुंची और 5 बार खिताब अपने नाम किया। रोहित शर्मा की अगुवाई में मुंबई इंडियन्स ने भी पांच बार खिताब जीते हैं लेकिन वह रनर-अप केवल एक बार ही बनी।

# आंद्रे रसेल बेहतरीन टी20 खिलाड़ियों में से एक हैं: अय्यर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बल्लेबाज वेंकटेश अय्यर ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन के बाद कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के आंद्रे रसेल की जमकर तारीफ की और उन्हें दुनिया के बेहतरीन टी20 खिलाड़ियों में से एक बताया।



शुक्रवार रात चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गए इस मैच में रसेल ने दो विकेट लिए - कैमरून ग्रीन और रजत पाटीदार - और अपनी टीम के लिए डेथ ओवरों में गेंदबाजी की। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए अय्यर ने कहा कि अगर रसेल ने शुक्रवार को बल्लेबाजी की होती, तो उन्होंने कुछ रन भी बनाए होते। जैसा कि आप मैदान पर देख सकते हैं, उसने अपने चार ओवर फेंके और फिर महत्वपूर्ण स्थान पर फील्डिंग भी की।

वह पूरे मैच के दौरान लंबे समय से दौड़ रहा था। मुझे यकीन है कि अगर उसे वहां हिट मिलती, तो वह रन बनाता। यह उस लड़के की फिटनेस और उसके करियर की लंबी उम्र के बारे में बताता है। वह हमेशा फिट रहता है, हमारे अधिकांश गेंदबाज ज्यादातर समय काम करते हैं, लेकिन आज, जब श्रेयस ने देखा कि गेंद ज्यादा घूम नहीं रही है, उन्होंने अपना पूरा कोटा डालने के लिए आंद्रे की ओर रुख किया और उन्होंने गेंद फेंकी।

और यही कारण है कि वह बेहतरीन टी20 खिलाड़ियों में से एक है। जब भी टीम को उससे किसी चीज की जरूरत होती है, वह हमेशा अच्छा प्रदर्शन करता है। केकेआर का अगला मुकाबला 3 अप्रैल को विजाग में दिल्ली कैपिटल्स से होगा।

# शाहीन अफरीदी की गजब बेइज्जती

## 5 मैच बाद ही छीनी कप्तानी, बाबर आजम फिर बॉस

**नई दिल्ली,एजेंसी।** पाकिस्तान क्रिकेट में कुछ भी असंभव नहीं है। बोर्ड कप्तान को कपड़े की तरह बदलता है।अब शाहीन अफरीदी को ही देख लीजिए।उन्हें वनडे वर्ल्ड कप के बाद बाबर आजम की जगह पाकिस्तान टी 20 क्रिकेट टीम का कप्तान बनाया गया था। माना जा रहा था कि वह टी20 वर्ल्ड में पाकिस्तान क्रिकेट टीम की अगुवाई करेंगे। लेकिन उससे पहले ही खेल हो गया।


पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने इंटरनेशनल टी20 टीम का कप्तान बदल दिया है।अब शाहीन अफरीदी की जगह बाबर आजम नए कप्तान होंगे। यानी शाहिद अफरीदी के दामाद की घनघोर बेइज्जती हुई है। उन्होंने हाल ही में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को चेतावनी दी थी कि अगर कप्तान बनाया है तो समय भी दो। लेकिन उनकी इस धौंस का कोई फायदा नहीं हुआ। पीसीबी ने पाकिस्तान सुपर लीग में फेल रहने वाले शाहीन को फायर कर दिया है।उनकी जगह एक बार फिर बाबर आजम को बॉस बना दिया है।

### पीसीबी अध्यक्ष ने बाबर को दिया था फिर से कप्तानी का ऑफर

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने बाबर आजम को सफेद गेंद के प्रारूप में कप्तानी की पेशकश दी थी। हालांकि बाबर ने कप्तानी स्वीकार करने के लिए कुछ शर्तें भी रखी थीं, जिसमें कोचों की नियुक्ति में भी उनकी राय लेना शामिल है।

बाबर ने यह भी कहा है कि उन्हें तीनों प्रारूपों में टीम की कमान सौंपी जानी चाहिए। फिलहाल बाबर आजम को अभी सिर्फ वाइट बॉल क्रिकेट का कप्तान बनाया गया है।





### बाबर आजम की कप्तानी में कैसा रहा पाकिस्तान का रिकॉर्ड?

बता दें कि बाबर आजम की कप्तानी में पाकिस्तान क्रिकेट टीम कोई भी आईसीसी ट्रॉफी नहीं जीत पाई है। 2021 टी20 वर्ल्ड कप में सेमीफाइनल तो 2022 टी20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान फाइनल तक पहुंची थी। वहीं 2023 के वनडे वर्ल्ड कप में पाकिस्तान अंतिम 4 में भी अपनी जगह नहीं बना पाई थी।



# केएल राहुल की फ्लॉप बल्लेबाजी पर भड़के फैंस

**नईदिल्ली, एजेंसी।** केएल राहुल अपनी फ्लॉप बल्लेबाजी की वजह से एक बार फिर फैंस के निशाने पर आ गए हैं. पंजाब किंग्स के खिलाफ शनिवार को खेले गए आईपीएल मैच में केएल राहुल 9 गेंद में सिर्फ 15 रन बनाकर आउट हो गए. केएल राहुल के बल्ले से इस दौरान एक छक्का और एक चौका निकला था. बता दें कि केएल राहुल बीती रात पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच में इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर उतरे थे.

लखनऊ सुपर जायंट्स ने शनिवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच में निकोलस पूरन को कार्यवाहक कप्तान के तौर पर उतारा था. वहीं, केएल राहुल को इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर टीम में शामिल किया गया था. दरअसल, लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम चोट के बाद लौटे केएल राहुल पर ज्यादा बोझ नहीं डालना चाहती. लंबे टूर्नामेंट को देखते हुए लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम केएल राहुल को ज्यादा से ज्यादा आराम देना चाहती है.

सोशल मीडिया पर फैंस ने लगाई क्लास

केएल राहुल शनिवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ आईपीएल मैच में इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर कोई खास प्रदर्शन नहीं कर पाए. केएल राहुल ने एक बार फिर अपनी बल्लेबाजी से फैंस को निराश किया है. केएल राहुल को पंजाब किंग्स के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने अपना शिकार बनाया. अर्शदीप सिंह ने केएल राहुल को जॉनी बेयरस्टो के हाथ कैच आउट करा दिया. केएल राहुल सिर्फ 15 रन बनाकर आउट हो गए.



# 156 किमी/घंटा...रफ्तार का नया सौदागर

**लखनऊ, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) इतिहास का सबसे तेज गेंद फेंकने का रिकॉर्ड शॉन टैट के नाम हैं, जिन्होंने 157.71 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से बॉल फेंकी थी. इस लिस्ट में उमरान मलिक भारतीयों में नंबर वन पर हैं, जिनके नाम आईपीएल में 157 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद फेंकने का रिकॉर्ड है. लेकिन अब उमरान के बाद भारत को एक और तेज गेंदबाज मिल गया है, जिसने अपनी रफ्तार से सबको चौंका दिया है. उस गेंदबाज का नाम मयंक यादव है. मयंक के नाम अब आईपीएल इतिहास का पांचवीं सबसे तेज गेंद फेंकने का रिकॉर्ड दर्ज हो गया है. मयंक ने शनिवार को आईपीएल में डेब्यू करते हुए यह रिकॉर्ड बनाया. लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए खेलने उतरे इस तेज गेंदबाज की स्पीड को देखकर बड़े-बड़े दिग्गजों के पसीने छूट गए. उमरान मलिक के बाद मयंक अब आईपीएल इतिहास के केवल दूसरे ऐसे भारतीय तेज गेंदबाज हैं, जिन्होंने 155+ गेंदबाजी की है. पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच में मयंक ने चार ओवर के अपने स्पेल में 9 गेंदें 150 किमी प्रति घंटे या उससे तेज रफ्तार से फेंकी. उनके स्पेल की सबसे धीमी गेंद 141 किमी प्रति घंटे की थी. पंजाब की बल्लेबाजी के दौरान 10वें ओवर में अपनी गेंदबाजी की शुरुआत करने आए मयंक ने अपने पहले ओवर की पहली ही गेंद 147 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से फेंकी. उन्होंने फिर इसी ओवर में अपनी बॉलिंग स्पीड को 150 के पार भी पहुंचा दिया.

## एक नजर

### पुराना विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट, नौ घायल

**गोह (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** गोह के बंदेया थाना क्षेत्र के बैजू बिगहा गांव में पुरानी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट की घटना हुई जिसमे दो महिला समेत नौ लोग जख्मी हुए है। स्थानीय लोगो की मदद घायल को अस्पताल पहुंचाया गया जहां के चिकित्सकों द्वारा इलाज किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि शनिवार की शाम दो गांव के कुछ लोगो के बीच पुराने विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में नौ लोग घायल हो गए। घायलों में मोगलाही गांव के शिव प्रसाद यादव, शिव उदय यादव, आनंदी यादव, राजकिशोर यादव, वही दूसरी पक्ष के बैजू बिगहा गांव निवासी कारू यादव, गिरिजा यादव, त्रिवेणी यादव, सूर्यमणि देवी एवं कइली देवी शामिल है। सभी का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे किया जा रहा है। थानाध्यक्ष दिनेश पासवान ने बताया कि मारपीट की सूचना मिली है अभी आवेदन प्राप्त नहीं हुआ। आवेदन मिलते ही कार्रवाई की जाएगी।

### पटना में कार सीख रही महिला ने पांच लोगों को मारी टक्कर

**पटना (नि.सं.)।** राजीव नगर थाना इलाके के दीघा-आशियाना रोड में रविवार को कार सीख रही युवती ने पांच लोगों को टक्कर मार दी, जिसमें एक व्यक्ति गंभीर रुप से घायल हो गए। घायल को इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं टक्कर मारने वाली युवती कार छोड़कर फरार हो गई। इसको लेकर स्थानीय लोगों ने जमकर हंगामा किया। सूचना मिलते ही पुलिस के वरीय अधिकारी वहां पहुंच गए। यातायात पुलिस ने कार को जब्त कर लिया। नगर पुलिस अधीक्षक मध्य चंद्र प्रकाश ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। दरअसल, दीघा-आशियाना रोड में रविवार की सुबह नौ बजे एक युवती कार चलाना सीख रही थी। उसी दौरान कार अनियंत्रित हो गई और मुंडेश्वरी इनक्लैव के मेन गेट के अंदर घुस कर पांच लोगों को टक्कर मार दी, जिसमें उसी अपार्टमेंट में रहने वाले प्रोफेसर ललित मोहन सिन्हा गंभीर रुप से घायल हो गए। वहीं अनियंत्रित कार ने गेट के पास एक स्कूटी सवार और ठेला लेकर पेपर खरीदने के लिए जा रहे दो लोगों को टक्कर मार दी। हालांकि अन्य लोगों को ज्यादा चोट नहीं लगी है। वहीं ठेला पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। कार की रफ्तार इतनी तेज थी कि वह डिवायडर पर चढ़ गई। जिससे अन्य लोग उसके चपेट में आने से बच गए।

### पहले कॉपर डाक टिकट के 250 साल पूरे होने पर विशेष आवरण का विमोचन

**पटना (नि.सं.)।** दुनिया के पहले प्रीपेड कॉपर टिकट जारी होने के 250 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में विशेष आवरण का विमोचन जीपीओ में किया गया। विशेष आवरण के विमोचन पर न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) राकेश कुमार ने कहा कि बिहार के लिए यह गौरव का पल है। यह बताता है कि हमारा अतीत कितना समृद्ध रहा है। विशेष आवरण के विमोचन के लिए पद्मश्री बिमल कुमार जैन, शिक्षाविद् खान सर, पटना विवि के कुलपति डॉ. रास बिहारी प्रसाद सिंह, बीसीसीआई के अध्यक्ष सुभाष कुमार पटवारी भी आमंत्रित थे। बिहार डाक परिमंडल के मुख्य डाक महाध्यक्ष अनिल कुमार ने कॉपर टिकट के बारे में बताया कि कॉपर से बन इस टिकट का इस्तेमाल चिट्ठी भेजने के लिए किया जाता था। कॉपर टिकट एक और दो आने का मिलता था। कहा कि अभी दुनिया भर में मात्र तीन जगहों पर कॉपर डाक टिकट उपलब्ध है जिसमें जबलपुर, दिल्ली और लंदन शामिल है। मौके पर दुर्लभ डाक टिकटों की प्रदर्शनी लगाई गई। इसमें गांधी जी की बिहार से जुड़ी कहानियां, पोस्टल संचार, एड्स के खिलाफ जारी डाक टिकट व विशेष डाक टिकटों को प्रदर्शित किया गया। इस दौरान लोगों को 'संचार की कहानी, डाक टिकट की जुबानी के रूप में डाक टिकट के इतिहास के विभिन्न पहलुओं के बारे में जानकारी दी गई। दीन दयाल स्पर्श योजना और ढाई आखर पत्र लेखन प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया। मौके पर निदेशक डाक सेवाएं (मुख्यालय) पवन कुमार, पटना जीपीओ के मुख्य डाकपाल शंभु सिंह, उप मुख्य डाक पाल अनिल कुमार, इंस्पेक्टर पोस्ट प्रणव मोहन, सहायक निदेशक बीडी नवीन कुमार समेत अन्य मौजूद रहे।

# नराईच विवाद : लोजपा नेता प्रमोद सिंह का नाम नहीं हटा तो महिला मोर्चा करेगी आंदोलन

- देव मोड़ से औरंगाबाद तक होगा एनएच जाम

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** विधानसभा चुनाव में रफीगंज से प्रत्याशी रहे लोजपा(रामविलास) के प्रदेश महासचिव प्रमोद सिंह को नराईच विवाद में बेवजह घसीटे जाने की पार्टी की महिला मोर्चा ने कड़ी भर्त्सना की है। मोर्चा की जिलाध्यक्ष रंजू वर्मा और उपाध्यक्ष वरीय नेत्री नीतू सिंह ने इसे लेकर पुलिस प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोला है। रंजू और नीतू ने रविवार को यहां प्रेसवार्ता में कहा कि औरंगाबाद के रफीगंज प्रखंड में कासमा थाना के नराईंच गांव में कब्रिस्तान की जमीन में रास्ता को लेकर होली से पहले दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हुआ था। झड़प को नियंत्रित करने की पुलिसिया कार्रवाई में ग्रामीणों के साथ ही कुछ पुलिसकर्मी



भी घायल हुए थे। इस मामले में कासमा थाना की पुलिस ने 59 को नामजद एवं 50-60 अज्ञात लोगों को आरोपी बनाया है। पुलिस ने इस मामले में लोक जनशक्ति पार्टी(रामविलास) के प्रदेश महासचिव प्रमोद सिंह को भी साजिशकर्ता के रूप में नामजद किया है, जबकि सिंह का इस घटना से कोई लेना देना नही है। उन्हे बेवजह इस मामले में घसीटा गया है। कहा कि मामले की प्राथमिकी से प्रमोद सिंह का नाम नही हटाया गया तो इसे लेकर महिला मोर्चा आर पार की लड़ाई लड़ेगी। महिला नेत्रियों ने कहा कि प्राथमिकी में सिंह के नाम को शामिल करने का पुलिस ने जो कारण बताया है, वह बिल्कुल बेतुका और बेबुनियाद है। यह कासमा पुलिस तथा प्राथमिकी दर्ज करने वाले पुलिस अधिकारी की सोंच और कार्यशैली पर सवाल खड़ा कर रहा है। कहा कि राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता में तीन नेताओं के इशारे पर पुलिस ने प्रमोद सिंह का नाम प्राथमिकी में डाला है जबकि सिंह घटना के वक्त बिहार में नहीं थे। उन्होंने मामले की जानकारी मिलने पर लोगों को समझाया भी था लेकिन पुलिस ने राजनीतिक हस्तियों के इशारे पर उन्हे बदनाम और परेशान करने के लिए ही यह प्राथमिकी दर्ज की है। महिला नेत्रियों ने कहा कि औरंगाबाद की एसपी से उन्होने प्राथमिकी से सिंह का नाम हटाने की मांग की है। यदि पुलिस ने सिंह का नाम नही हटाती है और पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर कार्रवाई करती है तो पार्टी की महिला विंग सड़क पर उतर कर अपनी मांगों के समर्थन में देव मोड़ से औरंगाबाद तक एनएच को जाम करेगी। प्रेसवार्ता में मोर्चा की मीडिया प्रभारी कविता सिंह, मदनपुर प्रखंड अध्यक्ष बबीता सिंह, जिला सचिव सरिता सिंह, मंजू देवी, बेबी देवी, सदर प्रखंड अध्यक्ष प्रतिमा सिंह, प्रखंड उपाध्यक्ष गुड़िया देवी एवं प्रखंड सचिव सोनी देवी आदि मौजूद रही।

# अंकित ने बिहार की मैट्रिक बोर्ड परीक्षा में राज्यभर में लाया 8वां स्थान

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद के दाउदनगर प्रखंड के शमशेरनगर स्थित नारायण इंटर स्कूल के छात्र शमशेरनगर निवासी अंकित कुमार ने बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की 10वीं की बोर्ड परीक्षा में 481 अंक प्राप्त कर राज्य स्तर पर टॉप टेन में आठवां स्थान और जिला स्तर पर दूसरा स्थान प्राप्त किया है। वही इसी विद्यालय के छात्र नान्हु बिगहा निवासी रौशन कुमार ने 476 अंक प्राप्त कर जिला स्तर पर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। जगन्नाथ प्रसाद व सुशीला देवी दंपत्ति के पुत्र अंकित कुमार आईएएस बनना चाहते हैं। अपनी सफलता का माता-पिता एवं गुरुजनों को देते हुए अंकित ने कहा कि मैट्रिक परीक्षा का परिणाम आने पर बहुत अच्छा लग रहा है। उन्हें उम्मीद थी कि वह टॉप टेन में चौथे-पांचवे स्थान पर रहेंगे। फिर भी बेहतर



प्रदर्शन रहा और वे संतुष्ट हैं। उन्होंने मेहनत और लगन के साथ स्वाध्याय पर ध्यान दिया। स्कूल में पढ़ाई के साथ-साथ सेल्फ स्टडी पर ध्यान दिया। उनका लक्ष्य इंटरमीडिएट परीक्षा में टॉप टेन में और भी बेहतर स्थान लाने का है। वे अपनी पढ़ाई पूरी कर आईएएस बनना चाहते हैं।

वहीं शमशेरनगर पंचायत के ही नान्हु बिगहा निवासी विनोद यादव व नगीना देवी दंपत्ति के पुत्र रौशन कुमार ने 476 अंक लाकर औरंगाबाद जिला स्तर पर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। उन्हें भी और बेहतर स्थान आने की उम्मीद थी। फिर भी वह अपने प्रदर्शन से संतुष्ट हैं। रौशन की मां का निधन हो चुका है।

उन्होंने लगभग दो किलोमीटर साइकिल से विद्यालय जाकर अपनी पढ़ाई की। स्कूल और कोचिंग ट्यूशन की पढ़ाई के साथ-साथ सेल्फ स्टडी पर ध्यान दिया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को सेल्फ स्टडी जरूर करना चाहिए। वह अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता एवं गुरुजनों को देते हैं। उनका लक्ष्य आईपीएस बनने का है।

## विद्यार्थी सम्मान समारोह में छात्र-छात्राओं को मिला पुरस्कार

निज संवाददाता

**रफीगंज(औरंगाबाद)।** रफीगंज के महादेव घाट रोड़ स्थित एक कोचिंग क्लास द्वारा विद्यार्थी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मंच का उद्घाटन पूर्व शिक्षक श्याम नारायण सिंह, एमिटी यूनिवर्सिटी, पटना के सीनियर मैनेजर विशाल पांडेय, मैनेजर ब्रजेश राय, निदेशक कुंदन कुमार सत्यार्थी, प्रो. अनिल सिंह, प्रो. कृष्णा सिंह, प्रो. शिवनंदन यादव, ओम प्रकाश भारती एवं कौशल कुमार चंद्रवंशी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर एवं फीता काटकर किया। इस मौके पर छात्रा सलोनी कुमारी, खुशी कुमारी, सुमन कुमारी एवं उन की टीम द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत किया गया। निदेशक कुंदन कुमार सत्यार्थी ने अतिथियों को फुल माला, अंग वस्त्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस मौके पर प्रो. अनिल कुमार सिंह ने कहा कि आप देश के भविष्य हैं। मेहनत एवं लगन के साथ आप पढ़ाई करेंगे तो



लक्ष्य अवश्य ही प्राप्त होगा। अपने माता पिता, गुरु, समाज एवं देश का नाम रौशन करें। उन्होंने कहा कि इस संस्थान में आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को निःशुल्क शिक्षा देने का काम किया जाता है, जो काफी सराहनीय है। अमिटी के सीनियर मैनेजर विशाल पांडेय ने अमेटी यूनिवर्सिटी के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि 70 प्रतिशत अंक वाले विद्यार्थियों को 25, 85 प्रतिशत अंक वाले को 50 और 93 प्रतिशत अंक प्राप्त विद्यार्थियों के लिए यूनिवर्सिटी में 100 प्रतिशत स्कॉलरशिप दिया जाएगा। इस दौरान उत्कृष्ट अंक से इंटर में सफलता प्राप्त तनीषा कुमारी 436, गौरव कुमार 435, सुजीत कुमार 424, धीरज कुमार 421, सुजीत कुमार 418, उमाशंकर कुमार 416, मोहम्मद ताहीद 416, सपना कुमार 414, टोनी कुमार 412, शंभू कुमार 410, धीरज कुमार 408, नितेश कुमार 408, मितरंजन कुमार 403, विक्रम कुमार 403 को मेडल, मोमेंटो, डायरी कलम एवं नगद देकर हौसला बढ़ाया। उपस्थित इंटर में सफ़ल सभी विद्यार्थियों को मेडल देकर सम्मानित किया। मंच का संचालन शिक्षक विनोद कुमार ने किया।इस मौके पर दीपक सीनू, शिक्षक रवि कुमार, रंजन कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## स्कोर्पियो से 15 गैलन स्प्रिट बरामद, तस्कर गिरफ्तार



कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** लोकसभा चुनाव को लेकर औरंगाबाद जिले में चलाए जा रहे अवैध शराब विरोधी अभियान में पुलिस ने अम्बा थाना क्षेत्र में हथबोर मोड़ के पास एक स्कॉर्पियो से 50 लीटर वाले 15 गैलन से कुल-750 लीटर स्प्रिट बरामद किया। साथ ही औरगाबाद मुफ्फसिल थाना के पांडेपुर निवासी तस्कर कुंदन कुमार को धर दबोंचा। मामले में पुलिस कांड दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है। वही गोह पुलिस ने 72 लीटर चुलाई महुआ शराब के साथ पटना जिले के पालीगंज थाना के कोडरा निवासी राजेश चौधरी को गिरफ्तार किया है। मामले में पुलिस कांड दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुटी है।

## 10वीं बोर्ड में औरंगाबाद के अंकित कुमार ने किया जिले का नाम रौशन

निज संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा जारी दसवीं की परीक्षा के परिणाम में पूरे बिहार में आठवां स्थान लाने वाले अंकित कुमार भारतीय प्रशासनिक सेवा में अधिकारी बनना चाहते हैं। दाउदनगर प्रखंड के शमशेरनगर निवासी अंकित ने 481 अंक प्राप्त कर शीर्ष दस की सूची में आठवां स्थान हासिल किया है। वह राजकीय कृत नारायण इंटर विद्यालय शमशेर नगर का छात्र है। गांव में उसने प्राथमिक से उच्च विद्यालय तक की पढ़ाई की है। उसके पिता जगन्नाथ प्रसाद मुंबई में प्राइवेट नौकरी करते हैं और उनकी माता सुशीला देवी गृहीणी हैं। अंकित कुमार ने बताया कि वह आईएएस बनना उसका लक्ष्य है। सिविल सेवा में जाकर वह देश के गरीबों के उत्थान के लिए काम करना चाहता है। अंकित का निम्न



आय वर्ग का परिवार है। चार कमरे के खपरैल मकान में पूरा परिवार रहता है। दो भाई व दो बहन हैं। दोनों बहन का विवाह हो चुका है और छोटा भाई अभी पढ़ रहा है। वैश्य सेवा दल के प्रखंड उपाध्यक्ष दीपक कुमार ने शीर्ष दस में अंकित के शामिल होने की सूचना पर घर जाकर उसे बधाई दिया। गांव में खुशी की लहर है। उसके विद्यालय के शिक्षक अमरेंद्र कुमार ने कहा कि बहुत होनहार छात्र है और इसका भविष्य उज्जवल है।

## मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह संपन्न



निज संवाददाता

**गोह(औरंगाबाद)।** 12 वीं की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के लिए हेडलाइंस स्पीड इंग्लिश क्लास द्वारा रविवार को मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। संस्था के निदेशक सानू कुमार ने सभी विद्यार्थियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर तथा गार्जियंस को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। निदेशक ने कहा कि शिक्षकों और विद्यार्थियों के अलावा सफलता के असली हकदार गार्जियंस होते हैं, जो अपनी मेहनत से किसी प्रकार की संसाधन की कोई कमी नहीं छोड़ते। क्लास के टॉपर रहे मॉनटन रानी व संजय, साक्षी, दीप शिखा, खुशी, निशा, पूजा, गौरव, जया, नंदनी, यूसुफ आदि ने बेहतर श्रेणी हासिल कर अपने माता-पिता एवं गुरु का नाम रौशन किया। इस मौके पर विद्यार्थी परिषद के जिला मंत्री श्रवण कुमार, नगर मंत्री चंदन कुमार आदि उपस्थित रहे।

## नगर निगम 155 करोड़ से अधिक राजस्व वसूल बनाया रिकॉर्ड

**पटना(नि.सं.)।** पटना नगर निगम ने चालू वित्तीय वर्ष में 155 करोड़ से अधिक राजस्व की प्राप्ति की है। यह निगम का अब तक का सबसे अधिक राजस्व प्राप्ति का रिकॉर्ड है। इससे पहले वित्तीय वर्ष 2021-22 में निगम ने 93 करोड़ राजस्व वसूली की थी। इस बार निगम ने राजस्व संग्रह पर अधिक बल दिया था। अधिकारी से लेकर कर्मचारी तक को राजस्व वसूली के लिए तैनात कर दिया गया था। अधिकारियों का कहना है कि 31 मार्च को वितीय वर्ष के समापन पर विशेष बल दिया गया था। इसीलिए सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने-अपने क्षेत्र में राजस्व वसूली में लगे थे। 155 करोड़ में 110 करोड़ संपत्ति कर के रूप में प्राप्त हुए हैं। इसके अलावा पार्किंग, नक्शा व अन्य से 45 करोड़ से अधिक राशि प्राप्त हुई है।

मंथन कला परिषद् की ओर से आयोजित 12वां नाट्य महोत्सव के अंतिम दिन दो नाटकों का हुआ मंचन

## कलाकारों को मोमेंटो देकर किया गया सम्मानित

निज संवाददाता

**पटना।** मंथन कला परिषद् की ओर से आयोजित 12 वां ख़ग़ौल नाट्य महोत्सव के तीसरे व अंतिम दिन दो नाटकों का मंचन हुआ। उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक आशा सिन्हा एवं वरिष्ठ रंगकर्मी प्रमोद त्रिपाठी द्वारा भाग लेनेवाले कलाकारों को मोमेंटो और स्मार पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रथम प्रस्तुति माध्यम फाउंडेशन, पटना द्वारा प्रेमचंद की कहानी पर आधारित नाटक 'ट्रिक' का मंचन धर्मेश मेहता के निर्देशन में किया गया। नाटक की कहानी आम पारिवारिक जीवन शैली पर आधारित है। जहां पति-पत्नी की नोक-झोंक देखने को मिलती है। पति की रोज-रोज की सीख से परेशान पत्नी एक ट्रिक अपनाती है और पति को इस बात के लिए राजी कर लेती है कि वह सिर्फ पति द्वारा निर्धारित वही काम करेगी और



अपने मन से कुछ भी नहीं। इससे घर परिवार में कई तरह की समस्याएं उत्पन्न होने लगती है, फलस्वरूप पति, पत्नी से माफ़ी मांगकर घर को टूटने से बचा लेता है। नाटक के माध्यम से दर्शाया गया है कि ज़िन्दगी की गाड़ी को किसी ट्रिक से नहीं चलाया जा सकता है। कलाकारों में धर्मेश मेहता (मुंशी जी), राकेश कुमार (बाबू लाल), सोनल कुमारी, रौशनी कुमारी (रामेश्वरी), डा. रवीन्द्र कुमार चंद्र, सौरभ सिंह, अभिषेक कुमार, रणधीर सिंह, गौतम कुमार निराला, मो. सदरुद्दीन, मनोज मयंक, मीना देवी, गुड्डी कुमारी, कंचन वर्मा, काजल कुमारी आदि शामिल थें। दूसरी प्रस्तुति प्रबोध जोशी लिखित पागल नाटक का मंचन संस्था एकजुट द्वारा अमन कुमार के निर्देशन में किया गया। नाट्य परिकल्पना, दृश्य एवं गीत-संगीत संयोजन बिहार की चर्चित रंग अभिनेत्री अंजलि शर्मा का था। पागल नाटक में कलाकारों के संघर्ष और उनके अभिनय के प्रति ईमानदारी को दर्शाया गया है। अपने उत्कृष्ट अभिनय प्रदर्शन के बावजूद स्टारकास्ट की श्रेणी में नहीं होने से कोई निर्देशक जब उन्हें अपनी फिल्मों में मौका नहीं देता तो उन्हें दर-दर की ठोकरें खानी पडती है। हास्य -व्यंग्य से भरपूर इस नाटक में यह दिखाया गया है कि कैसे अभिनय की कुशलता के बल पर स्टारकास्ट की मिथ्या को तोड़कर कलाकार फ़िल्म निर्देशक की पहली पसंद बन जाते हैं। नाटक में भाग लेने कलाकारों में प्रशांत कुमार (पागल विनोद), रोहन राज (शायर), प्रीतम कुमार (मद्रासी), सज्जाद आलम (फ़िल्म डायरेक्टर), दीनानाथ गोस्वामी (कास्ट डायरेक्टर), कुमारी शिखा (सहायक निर्देशक)काजल कुमारी (डांसर) और तनवीर आलम (कैमरामैन) आदि कलाकारों ने अपने बेहतरीन अभिनय से दर्शकों को प्रभावित किया।

जन-जन की वाणी...
सोन वर्षा वाणी
2 राज्य | 4 संस्करण
केंद्र सरकार के डी.ए.वी.पी. तथा बिहार, झारखंड एवं उत्तराखंड राज्य सरकार के आईपीआरडी से मान्यता प्राप्त
औरंगाबाद, पटना, आरा एवं रांची (झारखंड) से प्रकाशित हिंदी दैनिक
प्रकाशन के गौरवपूर्ण 25 वर्ष रजत जयंती
आवश्यकता :
25 वर्षों से निरंतर प्रकाशित हो रहे प्रतिष्ठित हिंदी दैनिक समाचारपत्र सोन वर्षा वाणी को पेजिनेटर, कॉपी एडिटर, विज्ञापन प्रबंधक, मार्केटिंग प्रतिनिधि एवं प्रत्येक जिले से पत्रकार / संवाददाता की आवश्यकता है।
इच्छुक सम्पर्क करें : 7766886433, mail : svvpress@gmail.com
नोट : अनुभव के आधार पर पद सृजित किये जायेंगे।
प्रधान कार्यालय : सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) | मो. 9934957121
आरा कार्यालय : जयहिंद कॉलोनी, नाला मोड़, आरा (भोजपुर) बिहार | मो. 9142681546
रांची कार्यालय : 204, निर्मला एन्क्लेव, रानी बागान, बरियातू हाउसिंग कॉलोनी, बरियातू, रांची (झारखंड) | मो. 7766886433

## लोस चुनाव : एसपी ने वोटरों को किया मतदान के लिए प्रोत्साहित



निज संवाददाता

**कुटुंबा (औरंगाबाद)।** औरंगाबाद की पुलिस अधीक्षक स्वपना गौतम मेश्राम ने लोकसभा चुनाव को लेकर रविवार को कुटुंबा, रिसियप, देव और अम्बा क्षेत्र में टोलो का भ्रमण किया। उन्होंने जिन बूथों पर वोटिंग का प्रतिशत कम था, उन मोहल्लों में जाकर लोगों को वोट देने हेतु प्रोत्साहित किया। इस दौरान पुलिस उपाधीक्षक सदर एवं संबंधित थानों के थानाध्यक्ष मौजूद रहे।

मंगलम ENT क्लिनिक
ज्ञानपुरी लेन नं.-2, नियर डॉ. बी.के. सिंह, नागा बिगहा रोड, औरंगाबाद
नोट : यहां कान, नाक एवं गला से संबंधित रोग जैसे :- थायराइड, कान बहना, कम सुनाई देना, कान में दर्द होना, कान के पर्दे में छेद होना, नाक जाम रहना, नाक से पानी आना, साईनस, नाक में मस्सा होना, नाक का हड्डी टेढ़ा होना, गले में दर्द एवं सूजन, गले में कुछ अटकना एवं अवाज से संबंधित बीमारियों का उचित ईलाज होता है।
Cont :- 6206689906
Dr. SUMIT
MBBS, MS (ENT) NMCH
(Gold Medalist)
Ex. resident (Medicine) ANMMCH, GAYA
Ex. Medical Offcer (Bihar Govt.)
Senior Resident (ENT Dept)
नाक, कान एवं गला रोग वशेषज्ञ
Endoscopic & Micoscopic ENT Surgeon
Time :- 10 Am To 8 Pm (Saturday, Sunday & Monday)